kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-112 ❒ शुक्रवार, 22 मई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



ज्ञान को संपत्ति में बदलना ही भविष्य का सबसे बड़ा आर्थिक मॉडल है और भारत इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत अब परिपत्र अर्थव्यवस्था की दिशा में तेजी से काम कर रहा है, जहां कचरे को संपदा में बदला जा रहा है। **नितिन गडकरी**

भारतीय नौसेना के पहले एनजीओपीवी 'संघमित्रा' का हुआ जलावतरण 11

प्राचीन विरासत और आधुनिक विकास का समन्वय ही भारत की पहचानः रामदेव 12

## संक्षेप

### तीन राज्य विश्वविद्यालयों में नए कुलपतियों की तैनात

**लखनऊ।** यूपी में तीन राज्य विश्वविद्यालयों में नए कुलपति की तैनाती की गई है। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) का कुलपति प्रो. जेपी पांडेय को दूसरी बार बनाया गया है। उनके बीते तीन वर्ष के कार्यकाल में हुए बेहतर शैक्षिणिक सुधारों को देखते हुए उन्हें दोबारा मौका दिया गया है। मदन मोहन मालवीय प्राविधिक विश्वविद्यालय, गोरखपुर का कुलपति प्रो. अनुपमा कौशिक शर्मा को बनाया गया है। यह अभी डॉ. एसएसबी यूनिवर्सिटी ऑफ कैमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पंजाब विश्वविद्यालय के निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। वहीं जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया का कुलपति प्रो. नरेन्द्र कुमार शुक्ला को बनाया गया है। वह अभी इलाहाबाद विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने इन तीनों कुलपतियों को कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष के लिए कुलपति नियुक्त किया गया है। राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी सुधीर एम. बोबडे की ओर से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### भीषण गर्मी की चपेट में पूरा प्रदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। सुबह होते ही सूर्यदेव प्रचंड गर्मी बरसाने लगते हैं और रात को भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। प्रदेश के बांदा जिले को देश का सबसे गर्म जगह के रूप में चिन्हि्रत किया गया है। बांदा लगातार चौथे दिन 48लए तापमान के साथ सबसे गर्म जिला बना हुआ है, जबकि प्रदेश की राजधानी लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज भी तापमान के मामले में नित नये रिकार्ड दर्ज कर रहे हैं। मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह तक पूर्वी और दक्षिणी यूपी में भयंकर लू चलने की संभावना जताई है। इस दौरान पश्चिमी जिलों में भी कई जिलों में दिन के साथ-साथ रात में भी परेशान कर सकती है। इस भीषण गर्मी के कारण 2-3 डिग्री तापमान बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। आंकड़ें देखें तो कल बुधवार को बांदा में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से 4.5 डिग्री ज्यादा था।

### कैलाश मानसरोवर के लिए एक हजार यात्रियों का चयन

**नयी दिल्ली।** पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए इस वर्ष एक हजार यात्रियों का चयन किया गया है। यह यात्रा जून में शुरू होकर अगस्त में संपन्न होगी। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 के यात्रियों के चयन के लिए कम्प्यूटरीकृत ड्रा किया। इस ड्रा में निष्पक्ष और कंप्यूटर-आधारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से एक हजार यात्रियों का चयन किया गया। चुने हुए यात्री लिपुलेख और नाथू ला दर्रे से होते हुए 20 बैचों में यात्रा करेंगे जिनमें से प्रत्येक बैच में 50 यात्री होंगे।

# हर जनपद में हो निवेश

## , जनपदों की पर कैपिटा इनकम बढ़ाने पर भी ध्यान दें : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों संग बैठक कर महत्वपूर्ण विषयों के साथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 5.0) की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जीबीसी 5.0 के अंतर्गत हर जनपद में निवेश हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने जनपदों की पर कैपिटा इनकम बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि इसके लिए मैन्युफ़ेक्चरिंग पावर को बढ़ावा देना आवश्यक है।

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि सात लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरने को तैयार हैं। इस अवसर पर इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों ने विगत दिनों लीड्स 2025 रैंकिंग में उत्तर प्रदेश को मिले एग्जेम्प्लर अवार्ड को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को समर्पित किया। अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश लॉजिस्टिक्स एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने इस पुरस्कार के लिए इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री के समक्ष जीबीसी के दौरान पूरे आयोजन का विस्तार से ब्योरा प्रस्तुत किया गया। इसमें स्टेज डिजाइन से लेकर पाथवे, एग्जीबिशन लेआउट को भी प्रस्तुत किया गया। एग्जीबिशन को आठ जोन में विभाजित किया गया है। पहला जोन- व्हाई यूपी है, जिसमें उत्तर प्रदेश के बदले परिदृश्य को विस्तार से दिखाया जाएगा।



❒ मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को इन्वेस्ट यूपी से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की

जोन-02 में इंफ्रास्ट्रक्चरल ट्रांसफॉर्मेशन, जोन-03 में डिफेंस व एयरोस्पेस, जोन-04 में ईवी एवं ग्रीन एनर्जी सस्टेनिबिलिटी, जोन-05 में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफ़ेक्चरिंग, जोन-06 में टेक्सटाइल्स, जोन-07 में टूरिज्म तथा जोन-08 में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में यूपी में आए सार्थक बदलाव को विस्तार से प्रदर्शित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर में भूमि की मांग तेजी से बढ़ी है। इसके सापेक्ष हमें भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर देना होगा। इसके अलावा उन प्रोजेक्ट्स में, जहां वर्षों पूर्व भूमि आवंटित की गई, लेकिन अब तक निवेश नहीं हुआ है। ऐसे प्रोजेक्ट्स के बारे में भी अद्यतन जानकारी हासिल की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय में सबसे महत्वपूर्ण विषय एफडीआई को आमंत्रित करना है। इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रयास करने होंगे। इसके साथ ही पब्लिक से जुड़े मुद्दे हमारी प्राथमिकता में होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमओयू करते समय संस्थानों की पूरी पड़ताल/जानकारी अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए। निवेशकों से जितना अच्छा व्यवहार होगा, समय से उनकी समस्याओं का निस्तारण करेंगे तो वह प्रदेश के लिए ब्रांड अंबेस्डर की तरह कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने लैंडबैंक बढ़ाने पर जोर दिया। इनवेस्टमेंट पर दिए जाने वाले इंसेंटिव्स को इवेंट बनाकर निवेशकों का सम्मान करें और उनका मनोबल बढ़ाएं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब पारंपरिक औद्योगिक राज्य की छवि से आगे बढ़कर रक्षा निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रीन एनर्जी, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स और हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग का उभरता हुआ राष्ट्रीय हब बन रहा है। मुख्यमंत्री के समक्ष उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत होने वाले उत्तर प्रदेश रक्षा व एफडीआई कॉन्क्लेव 2026 का प्रस्तुतिकरण भी किया गया। बताया गया कि उत्तर प्रदेश रक्षा और एफडीआई कॉन्क्लेव 2026 प्रदेश की नई औद्योगिक रणनीति का बड़ा मंच साबित होगा, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) में रक्षा एवं एयरोस्पेस उद्योगों को आकर्षित करना, वैश्विक ● शेष पेज 11 पर

## भीषण गर्मी पर सभी विभागों को अलर्ट रहें: योगी

लखनऊ। प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जनसामान्य को हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और गर्मी से होने वाली अन्य समस्याओं से बचाने के लिए सभी विभाग समन्वय बना कर कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग और राहत एजेंसियां अलर्ट मोड में रहें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को अस्पतालों, पेयजल व्यवस्था और बिजली आपूर्ति की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस दौर में आमजन को सबसे अधिक परेशानी बिजली कटौती और पानी की कमी से होती है, इसलिए इन दोनों व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखना प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी जिलाधिकारी अपने-अपने जनपदों में नियमित समीक्षा करें और जहां भी समस्या हो, ● शेष पेज 11 पर

❒ अस्पतालों में आवश्यक दवाएं, बेड, आईवी फ्लूइड और डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित हो

# कानपुर व आगरा जोन के एडीजी समेत नौ आईपीएस अधिकारियों का तबादला

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। पुलिस विभाग में वरिष्ठ अधिकारियों में भी फ़ेरबदल का सिलसिला जारी है। शासन ने कानपुर व आगरा जोन के एडीजी समेत नौ आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है।

डीजी के पद पर प्रोन्नति के बाद 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी आलोक सिंह को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। एडीजी कानपुर जोन के पद पर तैनात रहे आलोक सिंह को डीजी पीएसी मुख्यालय के साथ डीजी विशेष सुरक्षा बल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ को एडीजी कानपुर जोन बनाया गया है। वहीं एडीजी अपराध रहे एसके भगत आगरा जोन के नए एडीजी नियुक्त किए गए हैं।

शासन ने डीजी नागरिक सुरक्षा के साथ डीजी विशेष सुरक्षा बल का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे डीके ठाकुर को डीजी होमगार्ड के पद पर तैनाती दी है। उन्हें डीजी नागरिक सुरक्षा का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। डीजी सीआईडी के साथ डीजी साइबर क्राइम का भी पदभार संभाल रहे बिनोद कुमार सिंह को इन पदों के साथ-साथ डीजी यूपी-112 को भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह अब तिहरी जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अलावा एडीजी यातायात ए. सतीश गणेश को एडीजी यातायात के ● शेष पेज 11 पर



❒ जय नारायण सिंह बने डीजी ईओडब्ल्यू और आलोक सिंह डीजी पीएसी

## हाईकोर्ट से लखनऊ मेयर की पावर सीज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मेयर सुषमा खर्कवाल की पावर सीज हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मेयर सुषमा खर्कवाल के वित्तीय प्रशासनिक अधिकार सीज करने का बड़ा फैसला सुनाया है। होईकोर्ट ने वार्ड संख्या-73 फैजुल्लागंज से सत्र अदालत द्वारा ललित किशोर तिवारी को पार्षद पद पर निर्वाचित घोषित किए जाने के पांच महीने बाद भी अब तक शपथ नहीं दिलाने के मामले में आदेश दिया है कि जब तक कोर्ट द्वारा निर्वाचित घोषित पार्षद को शपथ नहीं दिलाई जाती, मेयर के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज रहेंगे। वहीं हाईकोर्ट के फैसले से पहले ही मेयर सुषमा खर्कवाल कमांड हॉस्पिटल में भर्ती हैं। बड़े मंगल के दिन 22 भंडारों में जाने की वजह से सुषमा खर्कवाल को गर्मी लग गई थी। इससे उनकी तबीयत खराब चल रही थी। आज सुबह चक्कर खाकर गिर गईं। इसके बाद सुषमा खर्कवाल को भर्ती कराया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने लखनऊ के मेयर, जिलाधिकारी और नगर आयुक्त को गुरुवार को हाजिर होने का आदेश दिया था। दरअसल, कोर्ट ने कहा था कि लखनऊ के वॉर्ड संख्या-73 फैजुल्लागंज से चुनाव न्यायाधिकरण द्वारा ललित किशोर तिवारी को पार्षद पद पर निर्वाचित घोषित किए जाने के पांच महीने बाद भी शपथ नहीं दिलाई गई है। कोर्ट ने कहा है कि अगर बुधवार तक शपथ नहीं दिलाई जाती तो मेयर और डीएम दोनों उपस्थित होकर इसका स्पष्टीकरण देंगे। इसी क्रम में आज सुनवाई हुई। सुनवाई को दौरान हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लखनऊ मेयर ● शेष पेज 11 पर

# पाकिस्तान को भारत ने संयुक्त राष्ट्र में लगाई फटकार

एजेंसी

❒ पाकिस्तान के 'नरसंहार के कृत्यों के कलंकित इतिहास' की निंदा की

❒ यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, दुनिया पाक की सच्चाई जानती है

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने पाकिस्तान के नरसंहार के कृत्यों के 'लंबे कलंकित' इतिहास की निंदा करते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि देश का अमानवीय आचरण दशकों से अपनी आंतरिक विफलताओं को सीमा के भीतर और बाहर हिंसा के कृत्यों के माध्यम से बाहरी रूप देने के प्रयासों को दर्शाता है।

बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 'सशस्त्र संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा' विषय पर वार्षिक परिचर्चा में भाग लेते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने कहा, 'यह विडंबना है कि नरसंहार के कृत्यों के अपने लंबे कलंकित इतिहास वाले पाकिस्तान ने उन मुद्दों का हवाला देना चुना है जो पूरी तरह से भारत के आंतरिक मामले हैं। पर्वतनेनी की यह टिप्पणी पाकिस्तान के प्रतिनिधि द्वारा जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने के बाद आई। इस वर्ष की शुरुआत में पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान पर किए गए हमलों का मुद्दा उठाते हुए पर्वतनेनी ने कहा, दुनिया यह नहीं भूली है कि इसी वर्ष मार्च में रमज़ान के पवित्र महीने के दौरान, शांति, चिंतन और दया के समय में, पाकिस्तान ने काबुल के ओमिद नशा मुक्ति अस्पताल पर बर्बर हवाई हमला किया था। उन्होंने कहा कि यूएनएएमए (अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन) के अनुसार, 'हिंसा के इस कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य में 269 नागरिकों की जान चली गई और 122 अन्य घायल हो गए, जबकि इस सुविधा को किसी भी तरह से सैन्य लक्ष्य के रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता। पर्वतनेनी ने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

# बांग्लादेशी घुसपैठिए बीएसएफ को सौंपे जाएंगे: मुख्यमंत्री

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि राज्य में पकड़े गए बांग्लादेशी घुसपैठियों को अदालतों में पेश करने के बजाय बीएसएफ को सौंप दिया जाएगा। यह उस नए नियम के तहत किया जाएगा जो एक दिन पहले ही लागू हुआ है। हावड़ा जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय में एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक के बाद अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में पुलिस कमिश्नर और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को पहले ही निर्देश जारी किए जा चुके हैं। अधिकारी ने बुधवार को एक ऐसी व्यवस्था लागू करने की घोषणा की थी, जिसके तहत राज्य पुलिस द्वारा पकड़े गए घुसपैठियों को देश से बाहर भेजने के लिए सीधे बीएसएफ को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने इसे 'पता लगाओ, हटाओ और बाहर भेजो' ढांचे का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस कमिश्नर और आरपीएफ को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि यदि बांग्लादेशी घुसपैठिया हावड़ा स्टेशन पर पकड़ा जाता है, तो उसे अदालत में नहीं भेजा जाना चाहिए। संबंधित ● शेष पेज 11 पर

# पुलवामा आतंकी हमले का एक मास्टरमाइंड मारा गया

एजेंसी

इस्लामाबाद। पुलवामा आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक हमज़ा बुरहान की POK में अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। पुलवामा हमले में भारत के 40 जवान शहीद हो गये थे। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के पुलवामा हमले के मुख्य साज़िशकर्ताओं में से एक जिसमें 40 से ज्यादा CRPF जवान शहीद हो गए थे उसे पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (POK) में कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने मार गिराया है। 'डॉक्टर' के नाम से मशहूर हमजा बुरहान पर मुजफ्फराबाद में हमला हुआ था और उसके शरीर को गोलियों से छलनी कर दिया गया था। पुलवामा का रहने वाला बुरहान जिसका असली नाम अर्जुमंद गुलज़ार डार है उसे केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 2022 में आतंकवादी घोषित किया था।



❒ अज्ञात हमलावर ने हमजा बुरहान 'डॉक्टर' को मारी गोली

हमजा बुरहान को POK के मुज़फ़्फ़राबाद के पास एक घने जंगली इलाके में अज्ञात हमलावरों ने निशाना बनाया गया है। हमलावरों ने उस पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं थीं जिससे कई गोलियां लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह पिछले कई सालों से POK में एक स्कूल टीचर का फर्जी पहचान के साथ रह रहा था। इसी आड़ में वह आतंकी ट्रेनिंग कैंप और घुसपैठ के नेटवर्क चला रहा था। इसका असली नाम अर्जुमंद गुलज़ार डार था। वह मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के रत्नीपोरा का रहने वाला था।

हमजा आतंकी संगठन अल-बद्र का एक प्रमुख कमांडर था और जैश-ए-मोहम्मद जैसे नेटवर्क के साथ मिलकर काम करता था। भारत सरकार ने साल 2022 में उसे UAPA (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) के तहत आधिकारिक तौर पर 'आतंकी' घोषित किया था। NIA की पुलवामा हमले की चार्जशीट में भी उसका नाम शामिल था। पुलवामा के अलावा वह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भी मुख्य साजिशकर्ता था। करीब 27 वर्षीय हमजा का जन्म 1999 में हुआ था और वो जम्मू-कश्मीर के पुलवामा स्थित रत्नीपोरा का रहने वाला था। वह आतंकी संगठन अल बद्र का सदस्य था और वैध दस्तावेजों पर पाकिस्तान गया ● शेष पेज 11 पर

# यूपी के 28 लाख कर्मियों पेंशनरों का महंगाई भत्ता बढ़ा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ते में दो फीसदी का इजाफा कर दिया है। अब महंगाई भत्ता 58 से बढ़कर 60 फीसदी हो गया है। यह लाभ एक जनवरी 2026 से मिलेगा। वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी कर दिया। इसका लाभ प्रदेश के करीब 28 लाख राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों के कर्मियों, शहरी स्थानीय निकायों के नियमित एवं पूर्णकालिक कर्मचारियों, कार्यप्रभारित कर्मियों तथा यूजीसी वेतनमान में कार्यरत पदधारकों के साथ ही पेंशनरों को मिलेगा, सरकार ने स्पष्ट किया है कि बढ़ी हुई दर का भुगतान मई 2026 के नियमित वेतन के साथ नकद किया जाएगा। वहीं एक जनवरी 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक के एरियर का भुगतान अलग व्यवस्था के तहत होगा। शासनादेश के मुताबिक



❒ एक जनवरी 2026 से लागू होगा फैसला

अवशेष धनराशि आयकर और सरचार्ज की कटौती के बाद कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में जमा की जाएगी। यह राशि एक मई 2027 तक खाते में लॉक रहेगी और उससे पहले निकासी नहीं हो सकेगी, सिवाय उन मामलों के जहां भविष्य निधि नियमों के तहत अंतिम प्रत्याहरण की अनुमति हो।

जिन कर्मचारियों के पास जीपीएफ खाता नहीं है, उनके हिस्से की राशि पीपीएफ खाते में जमा कराई जाएगी अथवा नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट के रूप में दी जाएगी। यदि पूरी राशि के बराबर एनएससी उपलब्ध नहीं हो सके तो शेष रकम नकद दी जाएगी। राष्ट्रीय पेंशन ● शेष पेज 11 पर

# ईरान को लेकर ट्रंप और नेतन्याहू के बीच तनावपूर्ण बातचीत

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच ईरान को लेकर तनावपूर्ण बातचीत हुई है जिसमें ईरान के मुद्दे और इस संघर्ष से निपटने पर दोनों नेताओं के बीच गहरे मतभेद साफ़ नज़र आए।

जहां अमेरिका ईरानियों के साथ समझौता करने को लेकर उत्सुक था, वहीं नेतन्याहू का मानना था कि ईरान की सैन्य क्षमताओं को और कम करने और उसके महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नष्ट करके वहां की सरकार को कमज़ोर करने के लिए फिर से हमले शुरू किए जाने चाहिए।

अमेरिकी मीडिया एक्सिओस ने तीन सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इस बातचीत के बाद श्री नेतन्याहू ''गुस्से से आग-बबूला'' हो गये थे, जिससे ईरान के प्रति अमेरिका के रुख को लेकर उनकी नाराज़गी साफ़ ज़ाहिर होती है। इस बातचीत से पहले रविवार को भी दोनों नेताओं के बीच एक और बातचीत हुई थी, जिसमें कथित तौर पर श्री ट्रंप ने संकेत दिया था कि वह इस हफ़्ते की शुरुआत में ही ईरान पर नये लक्षित हमले करने की ओर झुक रहे हैं। सीएनएस ने इस ऑपरेशन के बारे में रिपोर्ट दी थी इस इसका नाम बदलकर ''ऑपरेशन स्लेजहैमर'' रखे जाने की उम्मीद है। हालांकि एक दिन से भी कम समय बाद श्री ट्रंप ने घोषणा की कि वह मंगलवार को होने वाले नियोजित हमलों को टाल रहे हैं। उन्होंने यह फ़ैसला खाड़ी देशों के सहयोगियों (जिनमें कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं) के अनुरोध पर लिया।

## कूटनीतिक समझौते के पक्ष में अमेरिका





अमेरिका और क्षेत्रीय सूत्रों के अनुसार, तब से खाड़ी देश और पाकिस्तानी मध्यस्थ, व्हाइट हाउस के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि नए सिरे से कूटनीतिक बातचीत के लिए एक रूपरेखा तैयार की जा सके। श्री ट्रम्प ने बुधवार सुबह पत्रकारों से बात करते हुए संकेत दिया कि ईरान के साथ बातचीत एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच रही है। उन्होंने कहा, ''हम ईरान के साथ बातचीत के अंतिम चरण में हैं। हम देखेंगे कि आगे क्या होता है।'' उन्होंने कहा, ''या तो हम कोई समझौता कर लेंगे या फिर हमें कुछ ऐसे कदम उठाने पड़ेंगे जो थोड़े अप्रिय हो सकते हैं, लेकिन उम्मीद है कि नौबत वहां तक नहीं आएगी।'' बताया जा रहा है कि कूटनीतिक समझौते के प्रति श्री ट्रंप की यह उत्सुकता श्री नेतन्याहू को निराश कर रही है। श्री नेतन्याहू लगातार इस बात के पक्ष में रहे हैं कि ईरान के प्रति एक सख़्त सैन्य रुख अपनाया जाना चाहिए। इज़रायली अधिकारियों और श्री ट्रंप प्रशासन के सूत्रों का कहना है कि श्री नेतन्याहू का मानना है कि बातचीत में होने वाली किसी भी देरी का फ़ायदा ईरान को ही मिलता है, और इससे वहां की सरकार पर पड़ने वाला दबाव कमज़ोर पड़ जाता है। इस बार अमेरिका ईरान के साथ मतभेदों को दूर करने के लिए, क्षेत्रीय मध्यस्थों ( कतर, पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र) द्वारा तैयार किए गए मसौदा के आधार पर एक समझौता करने को तैयार है। यह ऐसे समय में हो रहा है जब श्री ट्रंप, ईरान पर ज़बरदस्त हमला करने और एक कूटनीतिक समझौते का इंतज़ार करने के बीच लगातार हिचकिचा रहे हैं। श्री नेतन्याहू इन बातचीत को लेकर बहुत ज़्यादा शंकित हैं और ईरान की सैन्य क्षमताओं को और कमज़ोर करने तथा उसके अहम बुनियादी ढांचों को निशाना बनाकर वहां की सरकार को कमज़ोर करने के लिए युद्ध फिर से शुरू करना चाहते हैं। इस बीच, घरेलू ● शेष पेज 11 पर


### होर्मुज से 24 घंटे में 26 पोत गुजरे : ईरान

**दुबई।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्म्स (आईआरजीसी) की नौसेना ने बुधवार को कहा कि पिछले 24 घंटों में 26 पोत होर्मुज जलडमरूमध्य से ईरान के समन्वय के साथ गुजरे हैं। ईरान के सरकारी मीडिया के अनुसार इन पोतों में तेल टैंकर, कंटेनर जहाज और अन्य वाणिज्यिक पोत शामिल थे। आईआरजीसी नौसेना ने कहा कि जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगातार जारी है और इसके लिए आवश्यक अनुमति ली गई तथा ईरानी बलों के साथ समन्वय किया गया।

# गंगा तट से यमुना तक गूंजेगा श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति का जयघोष

❒ छह जून को मथुरा पहुंचेगी मोटर साइकिल यात्रा, सात राज्यों के लोग होंगे शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मथुरा। गंगा तट स्थित अत्रि ऋषि की तपोभूमि श्री सिद्धबाबा धाम वनखंडेश्वरी महादेव मंदिर आश्रम रामघाट से श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति और सनातन जागृति के संदेश के साथ मोटरसाइकिल यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा पांच जून को रामघाट से शुरू होकर छह जून को मथुरा पहुंचेगी। यात्रा के दौरान श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति का जयघोष और सनातन धर्म की रक्षा का संकल्प लिया जाएगा।

सौंख अड्डा स्थित होटल बृजधाम में आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष एवं हिन्दू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि यात्रा स्वामी श्री कंताचार्य रामानुज दास महाराज के सानिध्य में निकाली जा रही है। इसमें बिहार, बंगाल, ओडिशा, झारखंड, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और महाराष्ट्र समेत विभिन्न राज्यों के श्रद्धालु शामिल होंगे। यात्रा में करीब 500 मोटरसाइकिल, 20 कार और अन्य वाहन शामिल रहेंगे।उन्होंने बताया कि यात्रा की सफलता के लिए बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। दो दिवसीय यात्रा के दौरान 25 स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित होंगी। अलीगढ़ में रात्रि विश्राम के दौरान एक विशाल सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा।महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यात्रा वृंदावन और मथुरा शहर में भ्रमण करेगी। उन्होंने दावा किया कि श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर को तोड़कर मूल गर्भगृह स्थल पर औरंगजेब द्वारा मस्जिद का निर्माण कराया गया था। उसी स्थान पर मंदिर निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यात्रा मथुरा शहर में भी भ्रमण करेगी। इसके बाद सलेमपुर रोड स्थित केडीएस इंटरनेशनल स्कूल में एक सभा का आयोजन भी किया जाएगा। संत कंताचार्य महाराज ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म, संस्कृति और सभ्यता को मजबूत करना तथा देशभर के हिंदुओं को एक मंच पर जोड़ना है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी गंगा तट से श्री कृष्ण जन्मभूमि तक पदयात्रा निकाली गई थी। गांव-गांव जाकर लोगों को आंदोलन की जानकारी दी जा रही है और बड़ी संख्या में लोग इससे जुड़ रहे हैं।

चिंतामणि कुंज वृंदावन के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. आदित्यानंद जी महाराज ने कहा कि श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर की मुक्ति को लेकर निकाली जा रही यह यात्रा आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा विषय है।

# मंडलायुक्त ने की ब्रिक्स सम्मेलन के अंतर्गत आगामी कल्चर ग्रुप की मेजबानी एवं आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक

❒ बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गयी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडलायुक्त एस राजलिंगम व प्रियंका चंद्र, निदेशक संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में ब्रिक्स सम्मेलन के अंतर्गत आगामी कल्चर ग्रुप की मेजबानी एवं आयोजन संबंधी तैयारियों के दृष्टिगत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा, अतिथियों के स्वागत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की।मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन की सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित की जाएं, जिससे वाराणसी की सांस्कृतिक विरासत एवं आतिथ्य परंपरा का प्रभावी प्रदर्शन किया जा सके। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स सम्मेलन के अंतर्गत आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से काशी की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा।बैठक में पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग, नगर निगम, लोकनिर्माण, पुलिस प्रशासन तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा आयोजन स्थल, आवागमन, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं अतिथियों की सुविधाओं से संबंधित तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। मंडलायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करते तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।गौरतलब है कि भारत इस वर्ष ''लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण'' थीम के तहत ब्रिक्स देशों व सहयोगी (ब्राजील, चीन, भारत, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, इंडोनेशिया, रूस, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात) की बैठकों का आयोजन कर रहा है। उक्त क्रम में ही वाराणसी के होटल ताज में आगामी 4-5 जून 2026 को ब्रिक्स देशों के अंतर्गत संस्कृति कार्य समूह (Culture Working Group) की बैठक का आयोजन होना है।

## ठेकेदारी के लिये चरित्र प्रमाण पत्र बहाल किया गया

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला मजिस्ट्रेट सरनीत कौर ब्रोका के बताया है कि वीरेन्द्र यादव पुत्र छोटेलाल यादव निवासी ग्राम राम नगर थाना गुरुबक्सगंज जनपद जिला रायबरेली द्वारा 30 दिसम्बर 2024 व 01 जनवरी 2025 को इस आशय का प्रार्थना पत्र दिया गया कि प्रार्थी 24 दिसम्बर 2024 को महादेव ब्रिक फील्ड पासापुर थाना भदोखर जनपद रायबरेली ईट लेने के सिलसिले में भट्ठे पर गया था उक्त भट्ठे पर कार्यरत मुन्शी संतराम निवासी पासापुर मधपुरी डलमऊ रोड एम्स मुंशीगंज रायबरेली पिन कोड-229405 से ईंट के मोलभाव को लेकर मुझसे विवाद हो गया। जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना भदोखर में मु0अ0सं0 526/24 में धारा-115(2), 352, 351(2) बी0एन0एस0 के तहत पंजीकृत हो गया है। अन्त में प्रार्थी द्वारा संतराम का चरित्र प्रमाण पत्र निरस्त कराने का अनुरोध किया गया। पुलिस अधीक्षक रायबरेली की प्राप्त आख्या के अनुसार थाना भदोखर पर मु0अ0सं0-526/24 धारा-115 (2), 352,351 (2) बी0एन0एस0 बनाम संतराम दिनांक 24 दिसम्बर 2024 को पंजीकृत हुआ है जिसमें दौरान विवेचना विपक्षी का नाम संतराम पुत्र रामलाल निवासी पासापुर थाना भदोखर जनपद रायबरेली है। कार्यालय अभिलेखो के अनुसार श्री सन्तराम पुत्र स्व0 रामलाल निवासी ग्राम-पांसापुर पोस्ट मुन्शीगंज थाना भदोखर तहसील सदर जनपद रायबरेली को इस कार्यालय द्वारा ठेकेदारी हेतु चरित्र प्रमाण पत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि शासनादेश में निहित प्राविधानों के आलोक में सन्तराम पुत्र स्व0 रामलाल निवासी ग्राम-पांसापुर पोस्ट मुन्शीगंज थाना भदोखर तहसील सदर जनपद रायबरेली के विरुद्ध थाना भदोखर जनपद रायबरेली में मु0अ0सं0-526/24 धारा-115(2),352,351 (2) बी0एन0एस0 बनाम संतराम दिनांक 24 दिसम्बर 2024 पंजीकृत हो जाने के कारण इस कार्यालय द्वारा ठेकेदारी हेतु निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र को निरस्त किये जाने के शासनादेश के अनुरूप पर्याप्त आधार, साक्ष्य विद्यमान होने के आधार पर इस कार्यालय के आदेश द्वारा सन्तराम उपरोक्त का चरित्र प्रमाण पत्र निरस्त किया गया।

## ग्रामीण अंचलों में पेयजल संबंधी शिकायतों,समस्याओं का प्रतिदिन त्वरित निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया है कि ग्रीष्म ऋतु में बढ़ते तापमान के कारण गर्मी की भीषणता के दृष्टिगत ग्रामीण अंचलों में जनमानस को स्वच्छ पेयजल की समुचित उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए पेयजल सम्बन्धी शिकायतों/समस्याओं का प्रतिदिन अनुश्रवण एवं त्वरित निस्तारण कराये जाने हेतु जनपद स्तर पर कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, रायबरेली में पेयजल कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है जिसमें विक्रम जैन ग्रा0पं0अधि0, मो0नं0 9918616263 तथा सहयोग हेतु नामित कार्मिक शोभनाथ वर्मा क0आ0, मो0नं0 9838478378 एवं दीपक कुमार स0क0, मो0नं0 9984681894 कार्मिकों की ड्यूटी प्रातः 06:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक लगाई गई है। इसी प्रकार सूर्य प्रकाश जिला परियोजना प्रबंधक, मो0नं0 91406 97927 तथा सहयोग हेतु नामित कार्मिक बिजेन्द्र कुमार स0क0 मो0नं0 91984 81738, विकास कुमार स0क0 मो0नं0 9455365622 की ड्यूटी अपरान्ह 02:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक लगाई गई है। नीरज कटियार ग्रा0प0अधि0, मो0नं0 6386884289 तथा सहयोग हेतु नामित कार्मिक अजय कुमार क0आ0, मो0नं0 9140772086 एवं पवन मौर्या स0क0, मो0नं0 8299842904 कार्मिकों की ड्यूटी रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक लगाई गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जिनके द्वारा पेयजल आदि से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का पंजिका में अंकन करने के साथ उनका निराकरण कराया जायेगा तथा कन्ट्रोल रूम में नामित कर्मचारी के द्वारा प्रतिदिन सायं 5 बजे तक जिला पंचायत राज अधिकारी को अवगत कराया जायेगा। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि ग्रामीण अंचलों में पेयजल से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण हेतु उपरोक्त कार्मिकों के मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर स्वयं व स्थल का पूर्ण विवरण सहित समस्या नोट कराएं, ताकि समय से निस्तारण कराया जा सके।

## 13 वाहनों पर अवैध ओवरलोडिंग के विरुद्ध हुई कार्यवाही

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के निर्देशानुसार अन्य जनपदों से आने वाले डम्फरों की खनन टास्क फोर्स की टीम जिसमें खनन अधिकारी सुरेश लाकरा द्वारा 20 मई 2026 को बछरावां से लालगंज मार्ग पर 04 व डलमऊ-गदागंज पर 09 अवैध खनन/परिवहन/ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 13 वाहनों का ऑनलाइन चालान करते हुए रु0 05 लाख 50 हजार का जुर्माना जमा कराया गया।

## तहसील सलोन में तालाबों को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा नीलामी 30 मई को

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उप जिलाधिकारी सलोन मिथलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि तहसील सलोन जनपद रायबरेली के अन्तर्गत पड़ने वाले 27 राजस्व ग्रामों के तालाबों को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा नीलामी किये जाने हेतु 30 मई को मत्स्य पालन पट्टा नीलामी शिविर का आयोजन तहसील सलोन के सभागार में किया जायेगा। जिसमें इच्छुक पात्र व्यक्तियों के प्रातः 10 बजे से 01 बजे तक आवेदन पत्र लिये जायेंगे तथा 01 बजे के बाद नीलामी की कार्यवाही की जायेगी। तालाबों की नीलामी हेतु नायब तहसीलदार सलोन को नीलाम अधिकारी नियुक्त किया गया है। तालाबों की नीलामी के सम्बन्ध में उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 के नियम 57 व 58 द्वारा की जाएगी जो तहसील मुख्यालय/राजस्व परिषद की वेबसाइट https:\\bor.up.nic.in पर उपलब्ध है। सर्वोच्च बोली बोलने वाले समिति/व्यक्ति को नीलामी धनराशि एक वर्ष के लगान का 1/4 भाग तुरन्त जमा करना होगा। शेष 3/4 भाग नीलामी तिथि के 15 दिनों के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। सभी बोलीदाता आय, निवास प्रमाण पत्र जो 06 माह से अधिक पुराना न हो बोली के समय प्रस्तुत करना होगा। मत्स्य पालन पट्टे की अवधि 10 वर्ष जिसका न तो आगे नवीनीकरण होगा न ही बढाया जायेगा। विस्तृत जानकारी कार्यालय तहसीलदार के राजस्व निरीक्षक (कार्यालय) से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि नीलामी को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मेरे की जाएगी।

## भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत, उपजिलाधिकारी से दुकान हटवाने की मांग

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के ग्राम भदिहा मजरे मऊ निवासी माता फ़ेर ने उपजिलाधिकारी महराजगंज को प्रार्थना पत्र देकर भूमि पर किए गए कथित अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की है।प्रार्थी ने बताया कि ग्राम मऊ परगना सेमरौता स्थित गाटा संख्या 3575/0.1390 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में उसके नाम दर्ज है तथा वह वर्षों से उक्त भूमि पर कब्जा करता चला आ रहा है। आरोप है कि विपक्षी राम सुमिरन व बाबूलाल निवासी देवी भक्त का पुरवा मजरे मऊ ने भूमि पर लोहे की गुमटी रखकर जबरन कब्जा कर लिया है।प्रार्थी का कहना है कि विपक्षी भविष्य में उसी स्थान पर पक्का निर्माण कराने की तैयारी में हैं, जिससे उसकी भूमि को नुकसान पहुंचा सकता है। मामले को लेकर प्रार्थी ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर अवैध कब्जा व दुकान हटवाने की मांग की है।उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम महराजगंज से शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

# डाक्टरों ने दी हड़ताल की चेतावनी, जूनियर डाक्टरों के खिलाफ दर्ज मुकदमा ले वापस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में बुधवार को जूनियर डाक्टरों एवं महिला अधिवक्ताओं के साथ हुई मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता कार्रवाई की मांग को लेकर चक्का जाम किया। वहीं दूसरी तरफ इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जूनियर डाक्टरों के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमा को वापस करने की मांग लेकर हड़ताल की चेतावनी दी है।एस आर एन अस्पताल मामले को लेकर इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को जनरल बाडी मीटिंग के बाद मीडिया से वार्ता कर कहा कि जूनियर डाक्टरों एवं हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं से विवाद मामले में दर्ज की गई एफआईआर को वापस किया जाय और जूनियर डाक्टरों का भी मुकदमा दर्ज किया जाय। आइएमए के अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार मिश्रा ने कहा कि हम जूनियर डाक्टरों के गलत व्यवहार के पक्ष में नहीं है। हालांकि अस्पताल परिसर को अराजकता के बीच उपचार कार्य कैसे संभव है। जूनियर डाक्टरों ने मरीज पहुंचते ही उपचार शुरू कर दिया था। लेकिन मरीज के साथ अस्पताल में पहुंचे अन्य अधिवक्ताओं ने जबरन बवाल किया। पुलिस प्रशासन एक पक्षीय कार्रवाई कर रहा। जूनियर डाक्टरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लेकिन जूनियर डाक्टरों की तहरीर पर अधिवक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज अब तक नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन अधिवक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं करता है तो शुक्रवार को सभी डाक्टर हड़ताल पर चले जाएंगे।

# डीएम अंजनी कुमार सिंह ने की शादी अनुदान योजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश

❒ डीएम बोले, गरीब परिवारों की बेटियों को प्राथमिकता से मिले सहायता

❒ लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। निर्धन एवं असहाय परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग देने वाली शादी अनुदान योजनाओं को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट में अहम बैठक हुई। डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जनपदीय अनुश्रवण समिति एवं शादी अनुदान स्वीकृति समिति की बैठक में पात्र लाभार्थियों के आवेदनों पर विस्तार से मंथन किया।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओबीसी शादी अनुदान योजना व समाज कल्याण विभाग की सामान्य एवं अनुसूचित जाति वर्ग की शादी अनुदान योजना के आवेदनों की समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को शासन की मंशानुरूप समयबद्ध, पारदर्शी तरीके से लाभ पहुंचाया जाए।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने स्पष्ट कहा कि शादी अनुदान जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आवेदन पत्रों की जांच में पूरी सतर्कता बरतने, अपात्र आवेदनों को चिन्हित करने तथा पात्र लाभार्थियों के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सरकार की प्राथमिकता है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता देकर उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए। डीबीडब्लूओ अभय कुमार सागर ने बताया कि ओबीसी वर्ग की शादी अनुदान योजना के तहत मार्च माह में 349 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 290 आवेदन अग्रसारित किए, जबकि 59 आवेदन अपात्र पाए गए। वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ स्तर पर 919 तथा शहरी क्षेत्र में एसडीएम स्तर पर 41 आवेदन लंबित हैं। वहीं डीएसडब्लूओ वंदना सिंह ने बताया कि सामान्य-अनुसूचित जाति वर्ग की शादी अनुदान योजना में ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ स्तर पर 713 तथा शहरी क्षेत्र में एसडीएम स्तर पर 26 आवेदन लंबित हैं।

# गोवर्धन और वृंदावन में सूर्यास्त के साथ परिक्रमा को निकलते हैं भक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मथुरा । अधिक मास हो, भक्त गोवर्धन में गिरिराज महाराज की सात कोस और वृंदावन में पांच कोस की परिक्रमा न लगाएं, ऐसा हो नहीं हो सकता। इस समय दिन छिपने के साथ दो जगहों के परिक्रमा मार्ग में भक्तों के कदम आगे बढ़ते नजर आते है। वजह दिन में तो भगवान भास्कर के तल्ख तेवरों से आसमान से आग बरसती है और नीचे धरती गर्म रहती है।

सूर्यास्त से लेकर सूर्य उदय तक परिक्रमा मार्ग में राधे-राधे और गिरिराज महाराज की गूंज गुंजायमान सुनाई देती है। वृंदावन स्थित ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर, श्रीराधावल्लभ मंदिर, निधिवन राज मंदिर, सेवाकुंज मंदिर, श्रीराधारमण मंदिर, राधादामोदर मंदिर, राधा श्याम सुंदर मंदिर, निधिवन, प्रेम मंदिर और इस्कॉन आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। हाथ में माला झोली लिए भक्त राधा नाम का मन ही मन उच्चारण करते हुए आगे कदम बढ़ाते हुए चलते दिखाई देते हैं। वह रास्ते में पड़ने वाली यमुना महारानी को भी प्रणाम करते हैं। जिला प्रशासन की ओर से परिक्रमा मार्ग पर बालू डलवाई गई है, लेकिन नियमित पानी का छिड़काव न होने से यह तेज हवा में उड़कर परेशानी का सबब बनी हुई है। अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक ने बताया कि बालू पर समय-समय पर पानी का छिड़काव कराया जा रहा है।

परिक्रमा मार्ग पर वाहनों को आवाजाही से श्रद्धालु परेशान नजर आ रहे हैं। दंडौती परिक्रमा देने वालों को भय रहता है कि कहीं वह किसी वाहन की चपेट न आ जाएं। भक्तों ने परिक्रमा मार्ग में वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। दूसरी ओर गोवर्धन में गिरिराज महाराज की परिक्रमा लगाने वाले भी दिन छिपने के साथ पहुंच रहे हैं। वह रात्रि में परिक्रमा पूरी कर दानघाटी और मानसी गंगा मुखारविंद पर गिरिराज महाराज के दर्शन करते हैं।

## अघोषित बिजली कटौती आम जनजीवन अस्त-व्यस्त

रायबरेली। क्षेत्र में इन दिनों बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। भीषण गर्मी के बीच रात में लगातार 5 से 7 घंटे की अघोषित बिजली कटौती से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों का आरोप है कि, दिन में बिजली आपूर्ति सामान्य रहती है, लेकिन रात होते ही कटौती का सिलसिला शुरू हो जाता है। उमस भरी गर्मी और मच्छरों के बीच लोग रात-रात भर जागने को मजबूर हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों का स्वास्थ्य और आम लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। आपको बता दें कि, क्षेत्र में बढ़ती बिजली कटौती को लेकर सोशल मीडिया पर सरकार और विद्युत विभाग के खिलाफ लोगों का गुस्सा खुलकर सामने आ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि, यदि दो-चार दिनों के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो जनता सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी मध्यांचल विद्युत निगम लिमिटेड और प्रदेश सरकार की होगी। क्षेत्रीय उपभोक्ता अमरेश अवस्थी उर्फ रिंकू ने कहा कि, दिन में जब लोग अपने कामकाज में बाहर रहते हैं, तब भरपूर बिजली दी जाती है, लेकिन जैसे ही लोग थक-हारकर घर लौटते हैं, बिजली गायब हो जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि, रात में लगातार पांच-पांच घंटे बिजली काटी जा रही है और इसके अलावा हर आधे घंटे या एक घंटे पर बार-बार ट्रिपिंग कर लोगों को परेशान किया जा रहा है।

# जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शासकीय अधिवक्ताओं/अभियोजन अधिकारियों व अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समस्त शासकीय अधिवक्ताओं/अभियोजन अधिकारियों के मामलों के निस्तारण व लंबित मुकदमों की जानकारी ली गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं/अभियोजन अधिकारियों को संबंधित मामलों की प्रभावी निगरानी कर निस्तारण में तीव्र प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अगली बैठक में जिला कृषि अधिकारी,खनन अधिकारी एवं पौध संरक्षण अधिकारी को बुलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा की पीड़ितों को न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है, साथ ही एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के लिए ससमय कार्यवाही करें। हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम न्याय समय से दिला सके। जिलाधिकारी ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए सभी संबंधित पक्षों में समन्वय का होना आवश्यक है। इसलिए जरूरी है कि सभी पक्ष आवश्यक कागजात या प्रतिवेदन की प्राप्ति के लिए ससमय संपर्क करें। डीएम ने डाटा को समय से फीड करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एनकार्ड सहित आबकारी,खनन, परिवहन, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रवर्तन विभागों की समीक्षा बैठक में प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। जिलाधिकारी ने कोर्ट केस रजिस्ट्रेशन, बेल/जमानत निस्तारण, केस डिस्पोजल, लिपिकीय आपत्तियों, अपील/रिवीजन, चार्जशीट, चार्ज फ्रेम, फाइनल आर्ग्युमेंट, गवाहों की उपस्थिति एवं परीक्षण तथा अभियोजन स्वीकृति से संबंधित प्रकरणों की प्रगति का गहन परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गंभीर अपराधों–विशेषकर महिला एवं बालिका उत्पीड़न, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार, गैंगस्टर, पोक्सो, शस्त्र अधिनियम, दहेज मृत्यु, अपहरण आदि के वादों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए, जिससे अधिकाधिक प्रकरणों में राज्य सरकार के पक्ष में सजा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि न्यायालय में गवाहों की अनुपस्थिति या शिथिल पैरवी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। सभी अभियोजन अधिकारी नियमित समन्वय स्थापित कर गवाहों की समय से उपस्थिति व परीक्षण सुनिश्चित कराएं।

# 305 नवचयनित आंगनाबड़ी सहायिकाओं को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र

❒ सरकार महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कर रही निरंतर कार्यः उद्यान मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । विधानसभा हरचन्दपुर के अंतर्गत नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिला बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा मंडी स्थल सतांव में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उ0प्र0 सरकार दिनेश प्रताप सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्यान मंत्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा हरचन्दपुर क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड सतांव, हरचन्दपुर, खीरों की 03-03 नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त विकास खण्ड लालगंज एवं सरेनी की भी 03-03 नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। विधानसभा हरचन्दपुर के अन्तर्गत विकास खण्ड हरचन्दपुर की 58, सतांव 23, खीरों 73 कुल 154 नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिका एवं विकास खण्ड हरचन्दपुर की 139, सतांव 161, खीरों 183 कुल 483 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां स्मार्ट फोन से लाभान्वित हुई। इसके अलावा विकास खण्ड लालगंज 73, सरेनी की 78 नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिका एवं विकास खण्ड लालगंज 220 व सरेनी की 182 कुल 402 आंगनबाड़ी कायकत्रियां भी स्मार्ट फोन से लाभान्वित हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मा0 उद्यानमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/डीजल उत्तर रेलवे डीजल शेड आलमबाग, लखनऊ द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। **निविदा संख्या: DSL/AMV/MCO/WC/255 2nd round कार्य का नाम:** डीजल शेड, आलमबाग, तुगलकाबाद, लुधियाना के एच0एच0पी0 लोकोमोटिव के कैब में लगे एच0वी0ए0सी0 के रिपेयर/ओवरहालिंग का कार्य मात्रा 257 नंबर **बिडिंग शुरू करने की तारीख:** 27.05.2026 **बिडिंग समाप्त करने की तारीख** : 11.06.2026 **तथा समय** 15.00 hours **कार्य का अनुमानित लागत रूपय** : 2,22,31,339/– (दो करोड़ बाईस लाख एकतीस हजार तीन सौ उनतालीस रुपये मात्र), **धरोहर राशि:** 4,44,600/– **कार्य करने की अवधि:** 01 वर्ष। (Acceptance लैटर जारी होने की तिथि से) अगर कार्य अवधि बढ़ाई या कार्य का समापन न किया गया हो। विस्तृत विवरण के लये वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें निविदा सूचना संख्या **DSL/AMV/MCO/WC/255 2nd round** दिनांक : 20.05.2026

**1709/2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# एलडीए का अवैध प्लाटिंग पर बड़ा एक्शन

❒ लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 31 बीघे में चल रहे 9 प्रोजेक्ट पर चलाया बुलडोजर, किया ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राजधानी में अवैध प्लाटिंग और बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। गुरुवार को एलडीए ने गोसाईंगंज, बीबीडी, मोहनलालगंज, पीजीआई और चिनहट क्षेत्र में एक साथ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 31 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 9 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चला दिया।

यह कार्रवाई एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1, जोन-2 और जोन-5 की टीमों ने की। अभियान के दौरान अवैध रूप से बनाई जा रही सड़कों, प्लॉटों की बाउंड्री और अन्य निर्माणों को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी के अनुसार गोसाईंगंज क्षेत्र के महमूदपुर में सुभाष यादव व अन्य द्वारा लगभग दो बीघा जमीन पर बिना स्वीकृति प्लाटिंग की जा रही थी। वहीं बीबीडी क्षेत्र के नूरपुर बेहटा में आलोक सिंह द्वारा करीब चार बीघा तथा सुखराम व अन्य द्वारा लगभग दो बीघा क्षेत्र में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। एलडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर तीनों साइटों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इसी क्रम में प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने मोहनलालगंज के पूरनपुर में किसान पथ किनारे लगभग पांच बीघा क्षेत्र में चल रही अवैध प्लाटिंग को तोड़ा।

साथ ही पीजीआई क्षेत्र के ग्राम डलौना में सुनील यादव व अन्य द्वारा करीब तीन बीघा क्षेत्र में विकसित की जा रही प्लाटिंग पर भी बुलडोजर चलाया गया। उधर प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने चिनहट क्षेत्र के ग्राम गोइला और जैनाबाद में अभियान चलाकर लगभग 15 बीघा क्षेत्र में फैली चार अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कीं। यहां संग्राम सिंह, राइल, पवन कुमार, छोटू, महेश व अन्य द्वारा बिना मानचित्र और ले-आउट स्वीकृति के प्लॉट काटे जा रहे थे।

# एक करोड़ रुपये प्रति बीघा मुआवजे की मांग, किसानों ने दी अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनी नगर, लखनऊ। आगरा-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना में अधिग्रहित की जा रही भूमि के मुआवजे से असंतुष्ट किसानों ने विभिन्न ग्राम सभाओं में लगातार बैठकें कर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। किसानों ने मांग उठाई कि अधिग्रहित भूमि का न्यूनतम मुआवजा एक करोड़ रुपये प्रति बीघा दिया जाए तथा एक्सप्रेसवे के दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण कराया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके और किसानों को भविष्य में आवागमन की समस्या न हो।

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के तहत अलग-अलग गांवों में किसान जनसभाओं का आयोजन किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर, जिला प्रभारी रितेश सिंह, जिला अध्यक्ष प्रमोद यादव तथा किसान नेता गुड्डू पटेल ने गांव-गांव पहुंचकर किसानों से संवाद किया और आंदोलन को मजबूत करने की अपील की। अंदपुर गांव में जयकरण लोधी के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। वहीं औरावां गांव में शत्रुघ्न सिंह, बच्चा बाजपेई, हुकुम सिंह, प्रदीप सिंह, रामचौरा निवासी रजनीश शुक्ला तथा कमल शुक्ला व अन्य किसानों की मौजूदगी में किसानों ने सरकार द्वारा प्रस्तावित मुआवजे का विरोध दर्ज कराया। बंथरा क्षेत्र में मनोज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भी किसानों ने एक स्वर में उचित मुआवजा और सर्विस रोड निर्माण की मांग उठाई। इसी क्रम में सकरा गांव में प्रधान प्रतिनिधि दिलीप मौर्य के नेतृत्व में किसानों की बैठक हुई। इसके अलावा ईंट गांव और इंद्रवारा ग्रामसभा सहित कई अन्य गांवों में भी किसान पंचायतों का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों किसानों ने भाग लेते हुए कहा कि वर्तमान मुआवजा दरें बाजार मूल्य के अनुरूप नहीं हैं और किसान किसी भी हालत में कम दर पर अपनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया तो 25 मई को तहसील स्तर पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई है तथा जब तक न्यायपूर्ण मुआवजा नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा।

ज्ञापन के माध्यम से जिला प्रशासन को भी अवगत कराया गया है कि किसानों की समस्याओं का समाधान जल्द किया जाए, अन्यथा व्यापक जनआंदोलन की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, पिता गंभीर

❒ ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, मेडिकल कॉलेज रेफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ। महिगवां थाना क्षेत्र में इटौंजा-कुर्सी रोड पर गुरुवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम रामपुरवा मोड़ के पास बाइक इटौंजा की ओर से कुर्सी जा रही थी। तभी सामने से आ रहे ई-रिक्शा से उसकी आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार जितिन गौतम और उसके पिता रामकुमार गौतम निवासी ग्राम हसनापुर थाना माल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

सूचना मिलते ही महीगवां पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एम्बुलेंस से राम सागर मिश्र सौ शैया अस्पताल बीकेटी भेजा गया। वहां उपचार के दौरान जितिन गौतम ने दम तोड़ दिया। वहीं रामकुमार गौतम की हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया।हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया। थाना प्रभारी राम कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहन तेज गति में थे। रामपुरवा मोड़ के पास सड़क संकरी होने के कारण आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इटौंजा-कुर्सी रोड पर भारी वाहनों और तेज रफ्तार के चलते आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों ने सड़क पर यातायात नियंत्रण और चेतावनी संकेतक लगाए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके।

# जनता अदालत में पहुंचे फरियादी, 9 मामलों का मौके पर समाधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । आम लोगों और आवंटियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण में गुरुवार को आयोजित जनता अदालत में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में रजिस्ट्री, मानचित्र स्वीकृति, अवैध निर्माण और अन्य मामलों से जुड़े कुल 30 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 9 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

जनता अदालत के दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और शेष मामलों में तय समय-सीमा के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। लोगों ने अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के सामने रखकर समाधान की उम्मीद जताई। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत का उद्देश्य जनसामान्य और आवंटियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर तेजी से निस्तारण करना है। उन्होंने कहा कि एलडीए प्रशासन लोगों को बेहतर और पारदर्शी सेवाएं देने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम में अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, संयुक्त सचिव सोमकमल सीताराम, विशेष कार्याधिकारी राजीव कुमार, वंदना पाण्डेय, देवांश त्रिवेदी, रंजना अवस्थी समेत कई अधिकारी और अभियंता मौजूद रहे। जनता अदालत में पहुंचे लोगों ने एक ही स्थान पर अधिकारियों की मौजूदगी और त्वरित सुनवाई को राहतभरा कदम बताया।

## मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट, महिलाओं समेत कई घायल

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीबीडी थाना क्षेत्र के विलाई खेड़ा मजरा लोना पुर गांव में बुधवार दोपहर मामूली विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि कहासुनी के बाद मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें महिलाओं समेत कई लोग घायल हो गए। पीड़ित शिव दयाल पुत्र स्वर्गीय बजरंगी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार को गांव के ही कुछ लोग एक राय होकर उनके दरवाजे पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे परिवार के अन्य सदस्यों को भी नहीं बख्शा गया। पीड़ित के अनुसार मारपीट में उनकी बहू सोनम गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि अन्य परिजनों को भी चोटें आई हैं। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए चिनहट स्थित सीएससी भेजा गया, जहां से गंभीर हालत देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि आरोपी घटना के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में बीबीडी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## जानवर चराने गया युवक नदी में डूबा, मौत



**बंथरा, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** क्षेत्र के हरौनी गांव में बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 49 वर्षीय युवक की सई नदी में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरौनी गांव निवासी सुनील कुमार (49) पुत्र अयोध्या प्रसाद बुधवार शाम जानवर चराने के लिए सई नदी की ओर गए थे। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने आशंका के आधार पर नदी में तलाश की, जहां उनका शव बरामद हुआ। घटना की सूचना गुरुवार सुबह पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक छोटी जोत का किसान था एवं मेहनत मजदूरी करते हुए परिवार सहित जीवन यापन कर रहा था। मृतक के परिवार में पत्नी अनीता सहित पुत्र सनी 17 समर 9 वर्ष हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मौजूदा केन्द्र सरकार ने देशवासियों को आर्थिक संकट में डाला : अजय राय

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार ने देशवासियों को आर्थिक संकट में डाल दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गुरुवार को प्रदेश पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह सवाल खड़े किए ।अजय राय ने रायबरेली में राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर दिए गए आपत्तिजनक बयान का समर्थन किया और उसे सही बताया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2014 के समय प्रधानमंत्री मोदी के लोगों ने मुझे खरीदने की कोशिश की। मेरा जमीर नहीं खरीद पाए तो केजरीवाल को वाराणसी में लाकर चुनाव लड़ाया ।देश आज आर्थिक संकट में पहुंच गया है। इसीलिए 10 साल सत्ता में रहने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों को सीख दे रहे हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि सोना मत खरीदो, पेट्रोल-डीजल मत खर्च करो, कहते हैं कि विदेश यात्रा मत करो लेकिन खुद विदेश जा रहे हैं ।अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को बेच रहे हैं। देश की संपत्तियों को बेच रहे हैं और कहा था कि देश नहीं बिकने दूंगा लेकिन आज देश की नवरत्न कंपनियों को अपने उद्योगपति मित्र को बेच रहे हैं ।अजय राय ने कहा कि 10 साल की सरकार में 89 पेपर लीक हो गए। अभी हाल में नीट का पेपर लीक हुआ। 23 लाख नौजवानों का भविष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अँधेरे में कर दिया है। अजय राय ने कहा कि, मेरी छोटी बेटी आस्था जिसने इस परिक्षा की तैयारी की और बताया कि परीक्षा बहुत अच्छा हुआ लेकिन फिर परीक्षा लीक हो गई। इस मौके पर पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, वरिष्ठ प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता और अनुसूइया शर्मा उपस्थित रही।

# बिजली मेंटेनन्स के निजीकरण होने से जनता बेहाल ,अधिकारी काट रहे कन्नी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ निजीकरण का बहाना बोल कर जिम्मेदार कर रहे किनारा, उपभोक्ता परेशान

लखनऊ । भयंकर गर्मी मे घरों से बाहर निकलना मौत को दावत देने जैसा है लेकिन घर मे रहना भी किसी जंग से कमतर नही है ऐसा इसलिए है क्योंकि सरकार ने बिजली विभाग का कुछ हिस्सा प्राइवेट हाथों को दे दिया है जो अपनी मनमानी से लोगों का घरों मे रहना मुश्किल कर रहे हैं।

जैसा कि पहले जब लाइट जाया करती थी तो विभागीय स्टाफ जो जाना पहचाना होता था वो साइट पर आकर जल्दी काम कर के लाइट की व्यवस्था दुरुस्त करता था लेकिन अब जब से मेंटेनेन्स का काम निजी हाथों मे गया है तब से साहब लोग अपने मन से साइट पर आते हैं जब मन होता है तो काम मे हाथ लगाते हैं और तो और उपभोगता के कुछ पूछने पर सीधे मुह सही जवाब तक नही देते हैं आपको देखने मे पता भी नही चलेगा कि ये लाइन मैन हैं भी या नही इतना ही नही अगर जेई को फोन करो तो वो भी निजीकरण का रोना रोते नज़र आते हैं अब ऐसे मे सवाल ये है कि जब मेंटमेंस का काम नौसीखियों को दे दिया जाएगा जिनकी उपभोगताओ के प्रति कोई जवाब देही भी नही होगी तो बिजली व्यवस्था कैसे सुधरेगी क्या इसमे सरकार की किरकिरी नही होगी अब सवाल ये है कि निजीकरण का काम व्यवस्था को बेहतर करने के लिए किया जा रहा है या ठेकेदारो को मनमानी करने का टेंडर पास किया जा रहा है जो भी है इस पूरे चक्कर मे जनता ज़रूर चकरा रही है उसे समझ नही आ रहा है कि शिकायत करें भी तो किस्से आधा आधा का मामला किसी के पल्ले नही पड़ रहा तपति गर्मी मे बिजली के बिना घर भी सुकून तलाशने की कोशिश कर रहा है।

# ओवरटेक के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी स्कूटी, बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल

❒ निगोहां कस्बे में सुबह हुआ हादसा, पुलिस ने घायल को सीएचसी मोहनलालगंज पहुंचाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । निगोहां कस्बे में गुरुवार सुबह तेज रफ्तार स्कूटी और ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में स्कूटी सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज भेजा गया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 10 बजे निगोहां कस्बे में सड़क हादसे की सूचना पुलिस को मिली थी। बताया गया कि अजय गुप्ता पुत्र स्वर्गीय सत्यनारायण गुप्ता निवासी नवीनगर चौराहा थाना नगराम, लखनऊ अपनी स्कूटी से लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से ओवरटेक कर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली के पिछले हिस्से की जोरदार टक्कर स्कूटी सवार के सिर में लग गई, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने बिना देर किए एंबुलेंस बुलाकर घायल को सीएचसी मोहनलालगंज भिजवाया। बताया जा रहा है कि सूचना मिलने पर घायल के भांजे भी मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी और ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा करा दिया है। हादसे के चलते कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए यातायात व्यवस्था को जल्द सामान्य करा दिया।पुलिस के मुताबिक मामले में तहरीर मिलने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस हादसे के बाद कस्बे में तेज रफ्तार वाहनों और लापरवाह ओवरटेकिंग को लेकर लोगों में चिंता और नाराजगी देखने को मिल रही है।

# प्राइवेट हॉस्पिटल में छात्रा से दुष्कर्म का आरोप, डॉक्टर हिरासत में

❒ ट्यूब डालने के बहाने दो बार ओटी में ले गया, नशीला इंजेक्शन देकर वारदात का आरोप

❒ परिजनों के हंगामे के बाद पहुंची पुलिस, मेडिकल परीक्षण कराया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में सीएचसी इंदौराबाग के पास संचालित एक निजी अस्पताल में भर्ती 19 वर्षीय इंटरमीडिएट की छात्रा से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। छात्रा ने अस्पताल के डॉक्टर विजय कुमार गिरी पर ऑपरेशन थिएटर में नशीला इंजेक्शन देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी डॉक्टर को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी।

पीड़िता थाना क्षेत्र की ही रहने वाली है, परिजनों के मुताबिक युवती को कई दिनों से झटके आने की समस्या थी। इसी कारण 18 मई को उसे सीएचसी इंदौराबाग के पास स्थित निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। छात्रा का आरोप है कि बुधवार सुबह डॉक्टर विजय कुमार गिरी उसे ट्यूब डालने की बात कहकर ऑपरेशन थिएटर में ले गए। वहां उसे नशीला इंजेक्शन दिया गया, जिसके बाद डॉक्टर ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

छात्रा का कहना है कि वह नशे की हालत में थी, इसलिए शुरुआत में कुछ बोल नहीं सकी। आरोप है कि दोपहर करीब तीन बजे डॉक्टर फिर उसे ओटी में ले गया और दोबारा नशीला इंजेक्शन देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के मुताबिक उसे पूरी घटना याद है और विरोध करने की स्थिति में वह नहीं थी।ओटी से बाहर आने के बाद छात्रा ने रोते हुए परिजनों को पूरी घटना बताई। जानकारी मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने अस्पताल परिसर में विरोध जताते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को हिरासत में ले लिया।एसीपी विकास पाण्डेय ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कराई जा रही है। वहीं प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की जा रही है। पुलिस अस्पताल के कर्मचारियों से पूछताछ करने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

### अस्पताल में मची अफरातफरी

छात्रा द्वारा डॉक्टर पर दुष्कर्म का आरोप लगाए जाने के बाद अस्पताल परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और मरीजों के परिजन अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए नाराजगी जताई। स्थिति तनावपूर्ण होती देख पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया। पुलिस द्वारा डॉक्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किए जाने के बाद अस्पताल स्टाफ में भी हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी फैलते ही कई मरीज और तीमारदार अस्पताल से बाहर निकल आए। देर शाम तक अस्पताल परिसर में पुलिस बल तैनात रहा और लोगों की भीड़ जुटी रही।

### अस्पताल की व्यवस्थाओं पर भी उठे सवाल

घटना के बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर भी कई सवाल खड़े हो गए हैं। परिजनों और तीमारदारों का आरोप है कि अस्पताल परिसर में गंदगी का अंबार लगा रहता है और वार्डों में दुर्गंध फैली रहती है। शौचालयों की हालत खराब होने से मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि अस्पताल में साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था दोनों ही लचर हैं। घटना सामने आने के बाद आसपास के लोगों में भी आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से अस्पताल की जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# 15 दिनों से जलभराव की मार झेल रहा बिजनौर बाज़ार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राजधानी के नगर निगम ज़ोन-8 के अंतर्गत बिजनौर बाज़ार इन दिनों बदहाल व्यवस्था का प्रतीक बन चुका है। मुख्य मार्ग पर पिछले लगभग 15 दिनों से नालियों का गंदा पानी जमा होने से स्थानीय लोगों और राहगीरों का जीना मुहाल हो गया है।

हालात यह हैं कि सड़क अब सड़क कम और तालाब ज्यादा दिखाई देने लगी है। स्थानीय व्यापारियों और निवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे बना नाला पूरी तरह कूड़े और सिल्ट से पट चुका है, जिसके कारण पानी की निकासी बंद हो गई है और गंदा पानी लगातार सड़क पर फैल रहा है। लगातार जलभराव के चलते मुख्य मार्ग की डामर सड़क जगह जगह से उखड़ चुकी है। बड़े बड़े गड्ढों में भरे गंदे पानी के कारण राहगीरों को खतरे के बीच गुजरना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों के मुताबिक दोपहिया वाहन सवार अक्सर इन गड्ढों में फिसलकर घायल हो रहे हैं, जबकि पैदल चलने वालों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाज़ार आने वाले ग्राहकों की संख्या पर भी इसका असर दिखाई देने लगा है। दुकानदारों का कहना है कि बदहाल सड़क और गंदगी के कारण लोग इस मार्ग से आने से बच रहे हैं, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। वहीं गंदे पानी और कूड़े के ढेर से क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नाले की सफाई कराकर जलनिकासी सुचारु कराई जाए और क्षतिग्रस्त सड़क का पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और क्षेत्र को इस बदहाली से छुटकारा मिल सके।

# सभासद प्रतिनिधि पर सफाई कर्मियों ने लगाए गंभीर आरोप

❒ कार्रवाई न होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

खैराबाद, सीतापुर। नगर पालिका परिषद खैराबाद के वार्ड कमाल सराय में सफाई कर्मियों और सभासद प्रतिनिधि के बीच विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सफाई कर्मियों ने वार्ड कमाल सराय के सभासद प्रतिनिधि जहीर अहमद पर अभद्रता, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है।



घटना के विरोध में सफाई कर्मियों ने नगर पालिका परिषद परिसर में धरना-प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की।पीड़ित सफाई कर्मी संतोष, कुलदीप, सुनील और प्रेम कुमार ने बताया कि 20 मई 2026 को वार्ड निवासी मालिक नामक व्यक्ति के भाई की शादी के उपलक्ष्य में आयोजित दावत कार्यक्रम के चलते क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए वे कार्य करने जा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान सभासद प्रतिनिधि जहीर अहमद ने उन्हें रोक लिया और अभद्र व्यवहार करते हुए मां-बहन की गालियां दीं। सफाई कर्मियों का यह भी आरोप है कि उनके खिलाफ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।घटना से नाराज सफाई कर्मियों ने नगर पालिका परिषद खैराबाद में एकत्र होकर धरना-प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। कर्मचारियों ने कहा कि वे लगातार नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हैं, लेकिन उनके साथ इस प्रकार का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।धरना प्रदर्शन के दौरान सफाई कर्मियों ने नगर पालिका परिषद खैराबाद के अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, सफाई इंस्पेक्टर मनोज कुमार राणा तथा शेख सराय चौकी इंचार्ज रजनीश कुमार वर्मा को लिखित प्रार्थना पत्र सौंपकर मामले में निष्पक्ष जांच एवं कठोर कार्रवाई की मांग की।सफाई कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपित के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे सामूहिक रूप से कार्य बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। कर्मचारियों का कहना है कि सम्मान और सुरक्षा के बिना कार्य करना संभव नहीं है।मामले को लेकर नगर पालिका क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अंधेरे और दहशत के साए में जमुनाबाद फार्म

❒ 6 दिनों से घर-घर घूम रहा तेंदुआ, बच्चों की चीख सुन दहल उठे ग्रामीण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोला गोकरणनाथ खीरी। लखीमपुर खीरी जिले के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमुनाबाद फार्म में इन दिनों डर और खौफ का वो मंजर है, जिसने ग्रामीणों की रातों की नींद और दिन का चैन छीन लिया है। पिछले छह दिनों से इलाके में एक तेंदुए ने आतंक मचा रखा है। हद तो तब हो गई जब तेंदुआ जंगल से निकलकर सीधे ग्रामीणों के घरों में दाखिल होने लगा। हाल ही में एक घर में तेंदुए के घुसने से मचे हड़कंप ने पूरे प्रशासनिक दावों की पोल खोलकर रख दी है।

**जब घर में घुसा तेंदुआ, मची चीख-पुकार**

जमुनाबाद फार्म निवासी शांति देवी, छोटेलाल, पिंकी देवी और आशु सहित कई ग्रामीणों ने अपनी आंखों से तेंदुए को बस्ती के भीतर एक घर में घुसते देखा। जिस वक्त तेंदुआ घर की दहलीज पार कर अंदर दाखिल हुआ, वहां मासूम बच्चे और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। अचानक सामने साक्षात मौत को देखकर बच्चों की चीख निकल गई। बच्चों के रोने और



चिल्लाने की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा। घर के भीतर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि परिवार के बड़ों ने सूझबूझ दिखाई और किसी तरह बच्चों को समेटकर, जान हथेली पर रखकर घर के दूसरे हिस्से से बाहर भागे।

**रातें कटीं सड़क पर, बिजली कटौती ने बढ़ाया दर्द**

तेंदुए की इस दस्तक के बाद से ग्रामीण अपने ही आशियानों में कैद होने को मजबूर हैं, लेकिन वहां भी वे सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। दहशत का आलम यह है कि कई परिवारों ने सुरक्षा के लिहाज से रातें सड़कों पर जागकर काटने का फैसला किया है। ग्रामीणों की इस मुसीबत को स्थानीय बिजली विभाग दोगुनी रफ्तार से बढ़ा रहा है। इलाके में हर दो-दो घंटे पर हो रही भारी बिजली कटौती ने अंधेरे का साम्राज्य कायम कर दिया है। घने अंधेरे के कारण यह पता लगा पाना भी मुश्किल हो जाता है कि तेंदुआ किस झाड़ी या कोने में छिपा है। इस बिजली कटौती ने ग्रामीणों के भय को कई गुना बढ़ा दिया है।

**ग्रामीणों का फूटा गुस्सा: वन विभाग सिर्फ कागजों पर मुस्तैद**

लगातार 6 दिनों से तेंदुआ गांव के भीतर मूवमेंट कर रहा है, पालतू मवेशियों पर खतरा मंडरा रहा है और अब तो इंसानी जान भी जोखिम में है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस बेहद संवेदनशील मामले की जानकारी स्थानीय प्रशासन और वन विभाग को बार-बार दी गई है।ग्रामीणों का कहना है हम हर रात मौत के साए में जी रहे हैं। वन विभाग को कई बार फोन किया गया, गुहार लगाई गई, लेकिन अभी तक धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखी। न तो पिंजरा लगाया गया है और न ही रेस्क्यू टीम गांव में तैनात की गई है। क्या प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

**भय के साए में जमुनाबाद फार्म**

फिलहाल, जमुनाबाद फार्म और उसके आसपास के इलाकों में सन्नाटा पसरा हुआ है। किसान खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं और बच्चों को घरों से बाहर निकलने नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और वन विभाग के उच्चाधिकारियों से तत्काल प्रभाव से टीम भेजकर तेंदुए को पकड़ने और गांव में पिंजरा लगाने की मांग की है, ताकि इलाके को इस खौफ से निजात मिल सके।

# खराब लड्डू खाने से बिगड़ी तबीयत, 'मिठाई वाला' प्रतिष्ठान के खिलाफ खाद्य विभाग में लिखित शिकायत

❒ शुद्ध देसी घी के दावों पर उठे सवाल, प्रयोगशाला से जांच कराने की मांग

❒ वजन में हेरफ़ेर और बिल न देने का भी आरोप, 19-20 मई की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने की अपील

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। शहर के एक बेहद चर्चित और प्रतिष्ठित मिष्ठान प्रतिष्ठान 'मिठाई वाला' की मिठाइयों की गुणवत्ता अब सवालों के घेरे में है। दुकान से खरीदे गए लड्डुओं को खाने के बाद एक ग्राहक की तबीयत बिगड़ने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित ने जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी (क्ष्ट्वक्ष्) को लिखित शिकायती पत्र सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस शिकायत के बाद से स्थानीय मिष्ठान व्यवसायियों और उपभोक्ताओं के बीच हड़कंप मच गया है।



## स्वाद खराब था और खाते ही बिगड़ी तबीयत

मिली जानकारी के अनुसार, शहर निवासी आदर्श कुमार सक्सेना ने 'मिठाई वाला' प्रतिष्ठान से बूंदी के लड्डू खरीदे थे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि लड्डुओं का स्वाद बेहद खराब और कसैला था। अनजाने में इन लड्डुओं का सेवन करने के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें चिकित्सीय परामर्श लेना पड़ा। पीड़ित का आरोप है कि प्रतिष्ठान द्वारा त्योहारों और आम दिनों में धड़ल्ले से मिलावटी व घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर ग्राहकों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## शुद्ध देसी घी' के दावों की पोल खोलने की मांग

शिकायतकर्ता आदर्श कुमार सक्सेना ने खाद्य सुरक्षा विभाग को दिए पत्र में मांग की है कि उक्त मिष्ठान प्रतिष्ठान में मिठाइयां बनाने के लिए उपयोग किए जा रहे घी के नमूने (सैंपल) तुरंत सील किए जाएं और उन्हें जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा जाए। दुकान संचालक द्वारा विज्ञापनों में 'शुद्ध देसी घी' के जो बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, उनकी सत्यता की भी बारीकी से जांच होनी चाहिए ताकि जनता के सामने सच आ सके।

## वजन में हेरफ़ेर और बिलिंग पर भी उठाए सवाल

लिखित शिकायत में सिर्फ मिलावट ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक अनियमितताओं के भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि ग्राहकों को खरीदारी का पक्का बिल (ऋद्वष्ठद्बदद्ग) उपलब्ध नहीं कराया जाता है, जिससे टैक्स चोरी की भी आशंका रहती है। मिठाइयों की बिक्री के समय तौल (वजन) में हेरफ़ेर किया जाता है, जिससे उपभोक्ताओं को आर्थिक चपत लग रही है।

## साक्ष्य मिटाने की आशंका, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने की मांग

पीड़ित ने जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी से अपील की है कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए दुकान में लगी 19 और 20 मई की सीसीटीवी फुटेज को तुरंत अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित किया जाए। इससे यह साफ हो सकेगा कि पीड़ित ने किस समय सामग्री खरीदी थी और उस दौरान दुकान के भीतर क्या गतिविधियां चल रही थीं।

## कार्रवाई पर टिकीं शहरवासियों की नजरें

शहर के इतने बड़े और नामचीन मिष्ठान ब्रांड पर इस तरह के गंभीर आरोप लगने के बाद स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। अमूमन महंगे दामों पर भरोसा कर लोग इन दुकानों से खरीदारी करते हैं, ऐसे में सेहत से समझौते की खबर ने सबको चौंका दिया है। अब देखना यह होगा कि आम जनता के स्वास्थ्य से जुड़े इस संवेदनशील मामले पर खाद्य सुरक्षा विभाग कितनी मुस्तैदी से एक्शन लेता है और दुकान पर छापेमारी कर कब तक सैंपलिंग की कार्रवाई पूरी की जाती है।

# प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख सकरन ने तेज की चहलकदमी, विरोधियों के उड़े होश

❒ भाजपा टिकट की दावेदारी में विधानसभा बिसवां से प्रबल दावेदार बनकर उभरे कृष्ण कुमार वर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सकरन, सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी से आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर संभावित उम्मीदवारों ने जनसंपर्क की रफ़्तार को तेज कर दिया है इसी बीच एक चेहरा पूर्व ब्लॉक प्रमुख व प्रतिनिधि प्रमुख सकरन कृष्ण कुमार वर्मा की एन्ट्री ने राजनैतिक सरगर्मी को और बढ़ा दिया।

विगत एक दशक से आमजन की सेवा करते हुए क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे श्री वर्मा की चहलकदमी से क्षेत्र को झांसे में रखने वाले, विकास का सिर्फ हवाहवाई दम्भ भरने वाले राजनैतिकों के सुर सूखना लाजिमी भी है, जाति, धर्म, संप्रदाय से दूर हटकर मानव कल्याण व



समाजसेवा को अपना धर्म समझने वाले जनप्रिय, कर्त्तव्यनिष्ठ समाजसेवी ने ज्येष्ठ माह के मंगलवार भण्डारों के आयोजनों के जरिए क्षेत्र के दूर दराज लोगों के बीच पहुँच कर उनकी पीड़ा को सुनने का काम कर रहे हैं, वंचित पीड़ित जनों की आवाज बन चुके प्रबल उम्मीदवार को गरीबों का मसीहा की संज्ञा देना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। अपनी कर्मठता व ईमानदारी के बल पर फर्श से इस मुकाम तक पहुँचने वाले जमीनी नेता ने एक बार फिर अपना लोहा मनवाने का काम किया है। जनता जनार्दन से संपर्क मुलाक़ात के बीच उनकी आवाज बन रहे पूर्व प्रमुख की ख्याति विधानसभा क्षेत्र बिसवां के दूर- दराज गांव व गलियों में दस्तक दे रही जिसे क्षेत्र के मध्यम व गरीब तबके के लोग भाजपा पार्टी में अपना विश्वास जताते हुए टिकट मिलने की स्थिति में अपना सहयोग देने को ततपर दिख रहे हैं। क्षेत्र में बढ़ती ख्याति से जहां एक ओर आमजन को विकास की एक आशा की किरण दिख रही है तो अन्य दूसरे लोगों की आँखों की किरकिरी बन रही,करीब एक दशक क्षेत्र सकरन का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री वर्मा किसी परिचय के मोहताज तो नहीं पर उनके जनसंपर्क में संवाद को सुनने के लिए आने वाली बड़ी भीड़ इस बात की गवाह है कि विधानसभा बिसवां पुनः एकबार फिर नया इतिहास लिखने की ओर अग्रसर हो रही है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

❒ प्रत्येक एमओआईसी को 30 जून तक 70 वर्ष के लोगों के एक-एक हजार आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति, आयुष्मान भारत की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में हुई। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर 30 जून तक प्रत्येक एमओआईसी 70 वर्ष के लोगों के एक-एक हजार आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनवाएं।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी विकासखंड भावलखेड़ा एवं ददरौल में संचारी रोग से निपटने के लिए अभी से पूरी तैयारी कर लें। गांवों का भ्रमण कर लोगों संचारी रोगों से बचाव के संबंध में जागरूक करें। लोगों को बताएं कि बरसात के समय में कहीं पर भी जल भराव न होने दें। अस्पतालों में आने वाले मरीज एवं



तीमारदारों से अच्छा व्यवहार किया जाए। रजिस्ट्रेशन एवं दवाई वितरण में किसी प्रकार की मरीज को असुविधा न हो। सभी अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रहें और उनकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाए। शत- प्रतिशत टीकाकरण हो, जहां टीकाकरण की प्रगति बेहद खराब है, उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जाए। गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए शत प्रतिशत डाटा पोर्टल पर फीडिंग करें। एनीमिया से ग्रसित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को आयरन की गोली बांटें। योजनाओं की प्रगति बढ़ाते हुए शत प्रतिशत डाटा पोर्टल पर फीड करायें। उनहोंने परिवार नियोजन, संजीवनी ओपीडी, एनसीडी कैम्पेन, क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, यूनिसेफ के कार्यक्रमों आदि की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यों में खामियां मिलने पर डीएम सख्त, सड़क और खड़ंजा कार्य की जांच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ डीएम ने खुदवाकर परखी सड़क की गुणवत्ता, जेई को लगाई फटकार

❒ घटिया खड़ंजा देख भड़के जिलाधिकारी, उखड़वाकर दोबारा निर्माण के निर्देश

सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज ब्लॉक कसण्डा की ग्राम पंचायत हरदीपुर एवं गोविन्दापुर के निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय हरदीपुर सम्पर्क मार्ग तक लेपन कार्य को देखते हुये सड़क खुदवाकर गुणवत्ता को परखा तथा रोड किनारे पटरी न बने होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जिला पंचायत जे0ई0 को निर्देश दिये कि पटरी संबंधी कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि जहां पर सड़क निर्माण कार्य करायें, वहां सड़क के किनारे पटरी अवश्य बनायी जाये।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने गोविन्दापुर से जिन्द बाबा से जंगली दास बाबा की कुटी तक खड़न्जा के निर्माण कार्य को देखते हुये खड़न्जा की ईंट की गुणवत्ता को परखते हुये खड़न्जा सही न मिलने पर जिला पंचायत जे0ई0 को निर्देशित किया कि खड़न्जा उखड़वाकर पुनः कार्य प्रारम्भ किया जाये और कार्य सही ढंग से पूर्ण कराया जाये। उन्होंने सड़क के किनारे पटरी न बने होने पर पटरी बनवाये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि भविष्य सभी कार्य सही ढंग से कराये जायें, कही पर भी गड़बड़ी न मिले, यह सुनिश्चित किया जाये।

## पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर चलाया सघन चेकिंग अभियान



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीती रात एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देश पर सीओ सिटी पंकज पंत के नेतृत्व में थाना सदर बाजार पुलिस ने रेलवे स्टेशन परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों, संदिग्ध व्यक्तियों तथा संदिग्ध वस्तुओं, सामानों की गहनता से जांच की गई। चेकिंग अभियान के तहत रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, प्रवेश एवं निकास द्वार, पार्किंग स्थल तथा स्टेशन परिसर के आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। संदिग्ध प्रतीत होने वाले व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा उनके सामान की विधिवत जांच की गई। इसके अलावा स्टेशन परिसर में अनावश्यक रूप से घूम रहे व्यक्तियों को कड़ी चेतावनी दी गई। साथ ही यात्रियों एवं आमजन को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया। सीओ सिटी ने ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों को रेलवे स्टेशन एवं सार्वजनिक स्थानों पर निरंतर सतर्क दृष्टि बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने तथा आमजन के साथ शालीन व्यवहार बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सीओ सिटी ने बताया कि जनपद पुलिस द्वारा आगामी त्योहारों एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थानों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार चेकिंग एवं गश्त अभियान चलाकर शांति, कानून व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

## संविदा कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार, स्वास्थ्य सेवाएं बाधित



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। लगातार तीन दिनों तक चली सांकेतिक हड़ताल के बाद बृहस्पतिवार को जिले भर के संविदा कर्मचारियों ने अपने-अपने तैनाती स्थलों पर पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार कर दिया। इसके चलते ग्रामीण से लेकर जिला स्तर तक की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित नजर आई। तिलहर सीएचसी सहित कई अस्पतालों में दवा वितरण बाधित रहा। मरीजों को बिना जांच और इलाज के लौटना पड़ा। कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि न्यायसंगत मांगों को लेकर पिछले तीन दिनों से शांतिपूर्ण ढंग से सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। दो माह से मानदेय न मिलने से परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। शासन और प्रशासन द्वारा कोई सकारात्मक रुख न दिखाए जाने के कारण प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर आज पूरे शाहजहांपुर जनपद में कार्य बहिष्कार का निर्णय लेना पड़ा।

# कारखाने का जनरेटर फटने से दो हिस्सों में उड़ा भारी-भरकम व्हील

❒ घर में सो रही महिला की मौत, बस की छत फाड़कर अंदर गिरा दूसरा टुकड़ा

❒ लोहे के भारी पहिये (व्हील) का एक हिस्सा 500 मीटर दूर टीन शेड तोड़कर महिला पर गिरा, मौके पर ही थमी सांसें

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत चौकी महेवागंज इलाके में आज एक दिल दहला देने वाला भीषण हादसा हो गया। यहाँ एक कारखाने में अचानक अनियंत्रित होकर जनरेटर फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि जनरेटर का विशालकाय लोहे का पहिया (व्हील) दो टुकड़ों में टूटकर मिसाइल की तरह हवा में उड़ गया। इस दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लखीमपुर से पलिया जा रही एक निजी बस में सवार दो यात्रियों सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में कोहराम मच गया और चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया।



## आसमान से बरसी 'मौत', 500 मीटर दूर घर में सो रही महिला का प्राणांत

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महेवागंज क्षेत्र में स्थित एक कारखाने में काम चल रहा था, तभी अचानक वहां लगा बड़ा जनरेटर तेज आवाज के साथ ब्लास्ट हो गया। जनरेटर फटने से उसका घूमता हुआ भारी-भरकम लोहे का व्हील दो हिस्सों में कटकर हवा में तैरने लगा।

पहिए का एक हिस्सा हवा में उड़ता हुआ करीब 500 मीटर दूर स्थित एक रिहायशी मकान पर जा गिरा। रफ्तार और वजन इतना अधिक था कि लोहे के उस टुकड़े ने घर की टीन शेड को तिनके की तरह फाड़ दिया और सीधे नीचे मौजूद महिला के ऊपर जा गिरा। लोहे के भारी टुकड़े की चपेट में आने से गंभीर चोटों के कारण महिला ने मौके पर ही तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। महिला की मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई।

## चलती बस की छत चीरकर अंदर घुसा दूसरा टुकड़ा

हादसे की भयावहता यहीं नहीं रुकी। जनरेटर के व्हील का दूसरा हिस्सा कारखाने के पास से गुजर रहे लखीमपुर-पलिया मार्ग पर काल बनकर मंडराया। उसी वक्त वहां से सवारियों से भरी एक बस पलिया की तरफ जा रही थी। हवा में उड़ता हुआ लोहे का दूसरा भारी टुकड़ा सीधे चलती बस की छत पर गिरा। लोहे के प्रहार से बस की मजबूत छत मलबे में तब्दील हो गई और पहिया बस के अंदर जा गिरा। इसकी चपेट में आने से बस में सवार एक किशोरी और एक युवक लहूलुहान होकर सीट पर ही गिर पड़े। बस के अंदर अचानक हुए इस हमले से यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और चालक ने आनन-फानन में ब्रेक लगाए।

## घायलों में मची पुकार, अस्पताल में भर्ती

इस दोहरे हादसे में कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं: बस यात्री (किशोरी): बस की छत फटने से मलबे और व्हील की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी। बस यात्री (युवक): बस के भीतर बैठे युवक को भी गंभीर चोटें आई हैं। कारखाना कर्मचारी: जनरेटर फटने के वक्त पास में ही काम कर रहा कारखाने का एक मजदूर भी मलबे की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया। सभी घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तुरंत एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## प्रशासनिक मुस्तैदी और जांच

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन के आलाधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि कारखाने में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही थी या यह महज एक तकनीकी दुर्घटना है, इसकी गहनता से जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कारखाने के मालिक के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## औरैया में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के आगमन को लेकर तैयारियां तेज

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में आगामी गोरक्षार्थ (धर्मयुद्ध) यात्रा एवं धर्म ध्वजा (गौ ध्वजा) स्थापना कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को पीताम्बरेश्वर सरकार दरबार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को भव्य, ऐतिहासिक एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।बैठक के दौरान यात्रा मार्ग, स्वागत व्यवस्था, मंच सज्जा, प्रचार-प्रसार, सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष चर्चा की गई। आयोजकों ने बताया कि गौमाता को राष्ट्रमाता एवं राज्यमाता घोषित कराने के उद्देश्य से यह गोरक्षार्थ यात्रा निकाली जा रही है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा एवं गौभक्त शामिल होंगे।बैठक में चतुरंगनी सेना के अंगाध्यक्ष आचार्य महामंडलेश्वर शिवम महाराज, इटावा लोकसभा संयोजक गोपाल दीक्षित, औरैया नगर प्रभारी डॉ. हृदय नारायण अवस्थी, कार्यक्रम संयोजक चंद्रशेखर अग्निहोत्री एवं जिला संयोजक अरविंद दुबे सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा भानु प्रकाश पाठक, सूर्य प्रकाश बाजपेयी, लल्ला तिवारी, आचार्य मुखिया जी समेत अन्य लोगों ने भी सहभागिता की।

## जानलेवा हमले का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना पुवायां पुलिस टीम ने जानलेवा हमले से संबंधित अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना पुवायां क्षेत्र के गांव बनिगवां निवासी दशरथ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के विमल कुमार और अमरजीत ने उसके पुत्र आशीष कुमार पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किया। जिससे उसका पुत्र बच गया। जिस पर उक्त लोगों ने उसके पुत्र को मोटरसाइकिल से टक्कर मार दी। जिससे उसके पुत्र का पैर टूट गया। बताया कि उक्त लोगों ने उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी विमल कुमार और अमरजीत के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और तत्काल कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त अमरजीत को मुखबिर की सूचना पर मोहम्मदी रोड खुटार हाईवे फ्लाईओवर के नीचे से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां के उपनिरीक्षक गौरव कुमार और विशाल कुमार के साथ आरक्षी प्रेमपाल सिंह मौजूद रहे।

## गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कलान पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, थाना कलान पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अनुमोदित गैंगचार्ट के आधार पर प्रभारी निरीक्षक थाना कलान की सूचना जुबानी के आधार पर अभियुक्त प्रमोद मिश्रा निवासी ग्राम बांसखेड़ा खुर्द थाना जलालाबाद तथा विवेक गुप्ता निवासी ग्राम नयागांव महसूलपुर थाना जलालाबाद के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जांच में प्रकाश में आया कि उक्त दोनों अभियुक्त एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते हुए अपने भौतिक एवं आर्थिक लाभ अर्जित करने हेतु लूट, चोरी तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने के अभ्यस्त अपराधी हैं। इनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए थाना कलान पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसी क्रम में आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम गुन्दौरा मोड़ पर हनुमान मंदिर के पास से अभियुक्त विवेक गुप्ता को गिरफ्तार किया।

# बदमाशों ने दी कानून व्यवस्था को खुली चुनौती, देर रात डीआईजी पहुंचे इस्लामनगर, इंस्पेक्टर को 72 घंटे का अल्टीमेट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। जिले में बेखौफ बदमाशों ने इस्लामनगर कस्बे में मंगलवार देर रात किसान निजाकत के घर धावा बोलकर दो घंटे तक आतंक मचाया। विरोध करने पर परिवार के सदस्यों को पीटा। इसके बाद लाखों रुपये का माल लूटकर भाग गए। वारदात के खुलासे के लिए एसएसपी ने कई टीमों को लगाया है। आपको बता दें कि इस्लामनगर कस्बे में कच्छा-बनियान गिरोह की वारदात ने पुलिस सुरक्षा की पोल खोल दी। मंगलवार देर रात किसान निजाकत के घर में डकैती की घटना की सूचना देने के बावजूद इस्लामनगर पुलिस करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। इससे ग्रामीणों में गुस्सा देखा गया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। वारदात इस्लामनगर कस्बे की बिल्सी-बिसौली रोड स्थित बाहरी इलाके में हुई, जो संभल और मुरादाबाद जिले की सीमा के नजदीक है। बदमाशों के इन जिलों से भी कनेक्शन होने का शक पुलिस जाहिर कर रही है। पीड़ित निजाकत के मुताबिक सात हथियारबंद बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर लाखों रुपये की डकैती की वारदात को अंजाम दिया है। विरोध करने पर महिलाओं



समेत परिवार के छह लोगों को तमंचों की बट और लाठी डंडों से बेरहमी से पीटा था। वारदात के दौरान बदमाशों ने खाना मांगा था, लेकिन पीड़ित के घर में गोश्त बना था। इसका नाम सुनकर बदमाश भड़क गए थे।कस्बे में एक साल से रह रहे किसान निजाकत के दोनों बेटे जुबेर और इफ्तिखार बाहर रहकर नौकरी कर रहे हैं। इसके चलते घर में महिलाओं की ही संख्या ज्यादा थी। निजाकत के छोटे भाई की पत्नी नाजिश अपने बेटे अल्तमश के साथ मुड़िया गांव से उर्स का मेला देखने के लिए आई हुई थीं। विरोध करने पर महिलाओं को खुद बदमाशों के हमले का शिकार होना पड़ा। वहीं पीड़ित परिवार और ग्रामीणों का आरोप है कि बदमाशों के जाने के बाद घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दे दी गई थी, लेकिन इस्लामनगर पुलिस करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते पहुंच जाती तो बदमाशों की घेराबंदी संभव हो सकती थी। पुलिस की देरी को लेकर लोगों में नाराजगी साफ दिखाई दी। ग्रामीणों ने बाहरी इलाकों में रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग उठाई। लोगों का कहना है कि जिले में लगातार चोरी और लूट की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। वहीं कच्छा-बनियान गिरोह की सक्रियता ने एक बार फिर ग्रामीण इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल घटना के बाद से पूरे इलाके में भय का माहौल है और ग्रामीण रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। इस बीच क्षेत्र के ही गांव सिठौली में मुनीश समेत चार लोगों के घर में भी बीती रात बदमाशों ने लूटपाट की। हालांकि दोनों जगह वारदात में बदमाश अलग-अलग होने की बात पुलिस ने कही है। वहीं घटना के बाद पुलिस ने आसपास के खेतों और इलाके की गहन तलाशी ली। जांच के दौरान घटनास्थल के पास खेत में बीयर की खाली बोतलें और गिलास पड़े मिले। फॉरेंसिक टीम ने मौके से कई अहम साक्ष्य जुटाए हैं। एसएसपी अंकिता शर्मा ने खुद आसपास लगे सीसी कैमरों की फुटेज देखी और संदिग्धों के आने-जाने के रास्तों की जानकारी जुटाई। उर्स मेले के शोर में दब गई चीखें? घटना स्थल से महज करीब 200 मीटर की दूरी पर उर्स मेला चल रहा था। मेले में देर रात तक भीड़ और शोर-शराबा था। माना जा रहा है कि इसी शोर के चलते आसपास के लोगों का ध्यान पीड़ित परिवार की चीख-पुकार पर नहीं गया। वहीं पीड़िता फिजा ने बताया सभी बदमाशों के हाथों में हथियार थे। बदमाशों ने मारपीट के दौरान खाना भी मांगा।

फिजा के अनुसार, उसने बताया कि घर में गोश्त बना है तो बदमाशों ने कहा, गंदी चीज खाते हो, हम नहीं खाते, हरी सब्जियां खाया करो। यह कहते हुए खाना खाने से मना कर दिया। फिजा ने बताया कि बदमाशों ने फ्रिज खोलकर पानी भी पीया और पूरे घर में आराम से घूमते रहे। जाते-जाते उन्होंने परिवार को पुलिस को सूचना देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं वारदात को अंजाम देने के दौरान बदमाशों ने सभी के हाथ-पैर बांध दिए। हालांकि इफ्तिखार की पत्नी फिजा के हाथ इसलिए नहीं बांधे क्योंकि उन्होंने अपने एक वर्षीय बेटे अली रजा को संभाल रखा था। घर से बदमाशों के जाने के बाद फिजा ने एक-एक कर परिवार के सदस्यों के बंधन खोले। इसके बाद निजाकत ने पुलिस पीआरवी को सूचना दी। फिजा का कहना था कि परिजनों को मुर्गा बनाकर पिटाई की गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उन्हें निजी अस्पतालों में ले गए। वहीं

पीड़ितों द्वारा बताए गए हुलिये के आधार पर आरोपियों के स्कैच तैयार कराए जा रहे हैं। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी अंकिता शर्मा ने थाना प्रभारी इस्लामनगर को 72 घंटे के भीतर घटना के खुलासे का अल्टीमेटम दिया है।

अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही गिरोह का पर्दाफाश कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसपी ग्रामीण हृदेश कठेरिया ने बताया कि लुटेरों की संख्या चार थी। उन्हें पकड़ने के लिए सर्विलांस, एसओजी और थाना पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं। वहीं देर रात बरेली डीआईजी अजय साहनी ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति परखी। वही डीआईजी अपने घटना को जल्द से जल्द खुलासा करने का दावा किया।

## नहीं थम रहा लाशें मिलने का सिल-सिला कर्नल गंज में खाली प्लॉट में मिला युवक का सड़ा गला शव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जनपद में शव मिलने का सिलसिला जारी है इस बार जिले के जिले के करनैलगंज कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस चौकी भभुआ गांव में एक खा ली प्लॉट से अज्ञात युवक का सड़ागला शव मिलने से सन सनी फैल गई।शव करीब एक सप्ताह पुरा ना बताया जा रहा है,जिससे काफी तेज दुर्गंध आ रही थी।जनपद में अपराध का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।वही कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि देर रात स्थानीय लोगों से सूचना मिली थी कि रिटायर्ड पुलिसकर्मी ब्रजेश बहादुर सिंह के मकान के बगल में स्थित एक खाली प्लॉट में शव पड़ा है।सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची।शव पूरी तरह सड़ चुका था और चेहरा विकृत होने के कारण मृतक की पहचान नहीं हो पा रही है।मृतक युवक की उम्र करीब तीस वर्ष के आसपास बताई जा रही है।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर



**हत्या या आत्महत्या पर सस्पेंस बरकरार जांच में जुटी पुलिस**

साक्ष्य जुटाए।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।फिलहाल, युवक की शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है,लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि घटना से जुड़े सुराग मिल सकें।कोतवाल ने बताया कि माम ले की पूरी बारीकी से जांच की जा रही है और जां च में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही आ गे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एआरटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा जनपद के पीलीभीत-बीसलपुर एवं पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग पर फिटनेस फ़ेल स्कूली वाहनों तथा अनाधिकृत रूप से स्कूली वाहन के रूप में संचालित वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान चेकिंग में एक जाइलो वाहन बिना किसी वैध प्रपत्र के स्कूली बच्चों का परिवहन करते हुए पाया गया। इसके अतिरिक्त एक 6 सीटर ऑटो रिक्शा में क्षमता से अधिक कुल 14 बच्चों को बैठाकर परिवहन किया जा रहा था। बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दोनों वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई।चेकिंग के दौरान दो स्कूली वाहन ऐसे भी पाए गए जिनकी फिटनेस अवधि समाप्त हो चुकी थी। इनमें से एक वाहन की फिटनेस हाल ही में समाप्त हुई थी, जबकि दूसरे वाहन की फिटनेस वर्ष 2022 में ही समाप्त हो चुकी थी। दोनों वाहनों को मौके पर ही निरुद्ध कर दिया गया।इस विशेष अभियान के अंतर्गत ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध भी सघन कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एक वाहन को बीसलपुर थाने में तथा एक अन्य वाहन को पूरनपुर चीनी मिल चौकी में निरुद्ध कराया गया।एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिना फिटनेस, बिना वैध प्रपत्र अथवा क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध आगे भी निरंतर अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम-एसपी की मौजूदगी में सर्राफा कारोबारियों की बैठक संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। नरेन्द्र मोदी द्वारा सोने की खरीद को लेकर की गई अपील के बाद उत्पन्न परिस्थितियों में समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में सर्राफा कारोबारियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के साथ जीएसटी विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान आल इंडिया सर्राफा व्यापार मंडल एवं सुल्तानपुर सर्राफा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों समेत दर्जनों सर्राफा व्यापारियों ने भाग लिया। सर्राफा व्यापारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपते हुए सोने पर लगाए गए भारी आयात शुल्क में कमी करने की



मांग उठाई। साथ ही त्योहारों एवं उत्सवों के अवसर पर स्वर्ण आभूषणों की खरीद-बिक्री को सुचारु रूप से जारी रखने की बात कही गई। व्यापारियों ने 9 व 14 कैरेट की ज्वेलरी को बाजार में उतारने के लिए मान्यता दिए जाने का आश्वासन भी मांगा। बैठक में आम ग्राहकों एवं व्यापारियों के बीच उत्पन्न भ्रम की स्थिति को स्पष्ट किया गया। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने सर्राफा कारोबारियों की सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि व्यापारी निर्भीक होकर अपना व्यवसाय करें। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन हर समय सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी मोबाइल फोन के माध्यम से भी अपनी समस्याएं प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं तथा व्यापार की उन्नति को लेकर आपसी चर्चा भी की जा सकती है। बैठक में ऑल इंडिया सराफा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष देबी प्रसाद सोनी, महामंत्री नवीन कुमार अग्रहरी, लक्खी चन्द्र कौशल, विनय कुमार वरनवाल विन्नू, दिलीप कुमार वरनवाल, अक्षत अग्रवाल, राजकुमार सोनी, नीरज सोनी, आजाद सेठ, ऋषभ अग्रहरी, प्रकाश सोनी, आशीष सोनी, सुधीर अग्रहरी, संदीप सोनी, राजू सोनी, सुरेश सोनी, सुरेश हरौरा, रितिक अग्रहरी, निरंकार सिंह सहित कई सर्राफा व्यापारी मौजूद रहे।

न्यूज 2 लखनऊ एयरपोर्ट पर राहुल गांधी ने हर्षित मिश्रा के परिवार से की मुलाकात, सीबीआई जांच का दिलाया भरोसा

पूरनपुर।एचपीसीएल के डिप्टी मैनेजर हर्षित मिश्रा हत्याकांड को लेकर नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया बदायूं स्थित एचपीसीएल प्लांट में कार्यालय के अंदर गोली मारकर की गई हत्या के मामले में राहुल गांधी ने दोषियों को सख्त सजा दिलाने में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान कांग्रेस महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पीड़ित परिवार के सदस्य वैभव मिश्रा, पीलीभीत कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह छब्बा और बदायूं कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजित यादव भी मौजूद रहे पीड़ित परिवार ने राहुल गांधी के सामने हर्षित मिश्रा हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग रखी परिवार के

# नैनो उर्वरकों के प्रभावी उपयोग विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। कृषि क्षेत्र में आधुनिक नैनो एवं पर्यावरण अनुकूल तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज कृषि विज्ञान केंद्र में इफको द्वारा नकद विक्रय केंद्र प्रभारियों के लिए नैनो उर्वरकों के प्रभावी उपयोग एवं प्रचार-प्रसार विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए 35 से अधिक नकद विक्रय केंद्र प्रभारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र सुल्तानपुर प्रथम के प्रभारी डॉ. जे. बी. सिंह रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नैनो उर्वरक कृषि क्षेत्र में एक क्रांतिकारी पहल है, जो न केवल फसल उत्पादन में वृद्धि करता है, बल्कि मृदा एवं पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने उपस्थित विक्रय केंद्र प्रभारियों से किसानों के बीच नैनो उर्वरकों को अधिक से अधिक लोकप्रिय बनाने तथा इसके वैज्ञानिक लाभों की जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मृदा वैज्ञानिक डॉ.



अतुल सिंह ने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक एवं असंतुलित प्रयोग से मृदा की उर्वरा शक्ति, पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में टिकाऊ कृषि प्रणाली के लिए नैनो तकनीक आधारित उर्वरकों का उपयोग अत्यंत आवश्यक हो गया है। कृषि विस्तार वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकांत त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में किसानों को रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने तथा नैनो तकनीक आधारित उर्वरकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नैनो उर्वरक कम मात्रा में अधिक प्रभावी परिणाम देते हैं, जिससे उत्पादन लागत में कमी आने के साथ-साथ पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। इस अवसर पर इफको के क्षेत्र अधिकारी सानू शुक्ला ने विक्रय केंद्र प्रभारियों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी सहित इफको के विभिन्न उत्पादों की उपयोगिता, प्रयोग विधि एवं लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए नैनो उर्वरकों के छिड़काव में ड्रोन के अधिकाधिक उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों के माध्यम से किसानों तक नैनो उर्वरकों की पहुंच को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

## वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत सक्सेना के संघर्ष से फिर 5 जून से शुरू होगी जर्जर तहसील भवन की नीलामी प्रक्रिया, बरसों से टल रही कार्रवाई पर उठे सवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।पूरनपुर तहसील परिसर में स्थित पुराने और जर्जर भवन को लेकर लंबे समय से चल रही अधिवक्ताओं की लड़ाई अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचती दिखाई दे रही है प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत सक्सेना के लगातार प्रयासों के बाद प्रशासन ने एक बार फिर पुराने भवन की नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी है पांच जून को भवन की दोबारा नीलामी कराई जाएगी, जिसके बाद इसे ध्वस्त करने की कार्रवाई प्रस्तावित है तहसील परिसर का यह भवन काफी समय से जर्जर और गिरताऊ अवस्था में खड़ा है भवन के आसपास अधिवक्ताओं के चैंबर होने के कारण हर समय हादसे का खतरा बना रहता है बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है अधिवक्ताओं और वादकारियों में लंबे समय से इस बात को लेकर डर बना हुआ था कि कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत सक्सेना ने इस गंभीर समस्या को लगातार प्रशासन के सामने उठाया उन्होंने कई बार एसडीएम और डीएम को ज्ञापन सौंपकर भवन की नीलामी और ध्वस्तीकरण की मांग की इतना ही नहीं, उन्होंने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शासन स्तर तक मामला पहुंचाया और मुख्यमंत्री से मिलकर पुराने भवन की जगह नए अधिवक्ता चैंबर बनवाने की मांग भी रखी अधिवक्ताओं के दबाव के बाद पिछले वर्ष भवन की नीलामी कराई गई थी। नीलामी प्रक्रिया में एक ठेकेदार ने करीब 21 लाख रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाई थी लेकिन हैरानी की बात यह रही कि नीलामी पूरी होने के बावजूद भवन को ध्वस्त नहीं कराया गया बाद में संबंधित ठेकेदार ने भवन गिराने से इनकार करते हुए अपनी जमानत राशि जब्त करने की बात कही, जिसके बाद पूरी नीलामी प्रक्रिया निरस्त करनी पड़ी इस पूरे मामले को लेकर तहसील प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे अधिवक्ताओं का आरोप है कि यदि समय रहते कार्रवाई होती तो अब तक जर्जर भवन हट चुका होता बीते समाधान दिवस में भी अधिवक्ताओं ने डीएम से शिकायत करते हुए भवन नीलामी में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था अजीत सक्सेना ने कहा कि अधिवक्ताओं और आम वादकारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी उन्होंने यह भी कहा कि इस बार केवल नीलामी नहीं, बल्कि समयबद्ध तरीके से भवन ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराया जाएगा अब डीएम के निर्देश पर पांच जून को दोबारा नीलामी तय की गई है।

## जनपद में सकुशल रूप से संपन्न हुई लेखपाल भर्ती परीक्षा

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की लेखपाल भर्ती परीक्षा गुरुवार को जनपद बदायूं के 15 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल सम्पन्न हुई। एक दिवस की एक पाली की परीक्षा में जनपद बदायूं में कुल 5664 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 4804 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 860 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। एक दिवसीय परीक्षा में उपस्थिति का कुल प्रतिशत 84.82 प्रतिशत रहा। जिलाधिकारी अवनीश राय ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ परीक्षा केंद्र हाफीज सिद्दीक इस्लामिया इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## आबिद रज़ा पहुंचे इस्लामनगर, पीड़ित परिवारों से की वार्ता, हर संभव मदद करने का आश्वासन



बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इस्लामनगर कस्बे में डकैतों द्वारा मलिक समाज के निज़ाकत के घर में जमकर लूटपाट व परिवार को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटे जाने के विरोध मे पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने इस्लाम नगर जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने परिवार के लोगो से घटना की जानकारी ली और आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस के आला अधिकारो से बात की। पुलिस के आला अधिकारियों ने पूर्व मंत्री आबिद रज़ा को आरोपियों की जल्दी गिरफ्तारी का आशवासन दिया। पूर्व मंत्री आबिद रजा ने पीड़ित परिवार को हर तरह की मदद का आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री आबिद ने कहा मैं इस दुख की घड़ी मे पूरे परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा हूं। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने पीड़ित परिवार को अपना मोबाइल नंबर दिया और कहा कि जब भी मेरी कोई जरूरत पड़े मुझे तुरंत फोन करें। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद भी की। इस मौके पर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा के साथ सभासद अनवर खान ,सुहेल सिद्दीकी ,हर्षित यादव ,अमन यादव नईम शास्त्री ,अफसर अली खान ,कौसर अली , लालू भाई , छोटू भाई, बबलू रिजवान आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## कार -ट्रक की भिड़ंत में 5 घायल

बिजनौर। जनपद बिजनौर के धामपुर थाना क्षेत्र में शीला टॉकीज के पास एक कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, कांठ निवासी अमित पुत्र जगराम सिंह अपनी कार से धामपुर की ओर आ रहे थे। कार में उनके साथ स्योहारा निवासी विवेक गौतम पुत्र सुखराम गौतम, हरीश पुत्र बाबूराम, सुरेंद्र और उनकी पत्नी कृष्णा भी सवार थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही कार शीला टॉकीज के पास पहुंची, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को कार से बाहर निकाला। इसके बाद 108 एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, परिजनों ने घायलों को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में एसी मैकेनिक की मौत, साथी गंभीर रूप से घायल

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मुस्करा थाना क्षेत्र के बसवारी गांव के पास गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है जिसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है! जानकारी के अनुसार, हमीरपुर के रहने वाले दो युवक मुस्करा क्षेत्र में एसी सर्विसिंग का काम करने आए थे। अपना काम पूरा करने के बाद आज दोनों बाइक से वापस हमीरपुर लौट रहे थे। इसी दौरान बसवारी गांव के पास सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा ले जाया गया ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर शिव जी गुप्ता ने जावेद (22 वर्ष) पुत्र अब्दुल खालिद, निवासी- पटकना मुहाल (हमीरपुर) को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई अनस ने बताया कि जावेद काम पूरा करके वापस लौट रहा था हादसे में अंकित पांडेय (24 वर्ष) पुत्र अरुण पांडेय, निवासी- रोहनिया मोहल्ला (हमीरपुर) गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. शिव जी गुप्ता ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल हमीरपुर रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही मुस्करा थाने के उप-निरीक्षक अनिरुद्ध द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक और उसके ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

## झूठे आरोपों से परेशान ग्रामीणों ने थाना घेरते हुए की निष्पक्ष जाँच की मांग

बिजनौर। जनपद बिजनौर के नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम फुलसंदा गंगदास में तनाव की स्थिति के बीच गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण नहटौर थाने पहुंचे। ग्राम प्रधान फसाहद अहमद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से झूठे आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की। यह मामला गांव के चार युवाओं पर कथित फायरिंग की झूठी शिकायत से जुड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव का ही एक व्यक्ति आए दिन गांव के युवाओं को झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश करता है। इसी क्रम में, दो दिन पहले उस व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी थी कि गांव के चार युवाओं ने कथित तौर पर फायरिंग की है। ग्राम प्रधान और उपस्थित ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वे चारों युवक मुंबई जाने वाली ट्रेन में सफर कर रहे थे और वे गांव में मौजूद नहीं थे। ग्रामीणों का दावा है कि इन युवाओं को सोची-समझी साजिश के तहत झूठा फंसाया जा रहा है। इस झूठी शिकायत से आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना परिसर में एकजुट होकर पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की। उनका कहना है कि निर्दोष युवाओं के खिलाफ की गई इस प्रकार की शिकायतें

# श्रद्धा के साथ कांग्रेसियों ने मनाया राजीव गांधी का बलिदान दिवस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। आधुनिक भारत के निर्माता, भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी का बलिदान दिवस बृहस्पतिवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में स्वर्गीय राजीव गांधी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात कांग्रेसजन शहर स्थित राजीव गांधी पार्क पहुंचे, जहां स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ङ्खराजीव गांधी अमर रहेंङ्क के नारों के साथ उनके विचारों और देश के प्रति योगदान को याद किया। इसके उपरांत राजीव गांधी प्रतिमा स्थल पर हवन-पूजन का आयोजन किया गया तथा देश की एकता, अखंडता

**विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर दी श्रद्धांजलि**



एवं शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के समापन पर शांति भोज का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं आम लोगों ने भाग लिया। पूरे कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश को आधुनिक तकनीक, संचार क्रांति और युवा सोच की नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का सपना था कि गांव, गरीब, किसान, नौजवान और हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। आज देश को उनके विचारों और नीतियों की सबसे अधिक आवश्यकता है। वहीं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी व पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्र (मुन्नु) ने कहा कि राजीव गांधी ने देश में सूचना क्रांति लाकर भारत को आधुनिक युग में प्रवेश दिलाने का कार्य किया। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर गांवों तक लोकतंत्र को पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य किया। कांग्रेस कार्यकर्ता उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में भाईचारा, प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का कार्य करेंगे। राष्ट्रीय सचिव बीपी सिंह व वरिष्ठ नेता प्रमोद मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश को आधुनिक सोच, तकनीकी विकास और युवाओं की नई ऊर्जा से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने भारत को संचार क्रांति की दिशा में आगे बढ़ाते हुए गांव-गरीब और आम जनता के विकास को प्राथमिकता दी। उनके योगदान को देश कभी भुला नहीं सकता।

# 42 डिग्री गर्मी में मनरेगा मजदूरों को लग रही ठंड! करनैलगंज में नहीं थम रहा फर्जीवाड़े का खेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जेठ की तपती दोपहरी और 42 डिग्री ताप मान में करनैलगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत वरत रा में मनरेगा मजदूरों को ठंड लग रही है।यह हम नहीं वरतरा के रोजगार सेवक कह रहे हैं, वह भी मौखिक नहीं, तस्वीर के साथ। आखिर तभी तो मजदूर स्वेटर और जैकेट पहनकर कर काम कर रहे हैं। या फिर यूं कह सकते हैं कि वरतरा के रोज गार सेवक मजदूरों को गर्मी में शिमला और नैनीता ल की सैर करा रहे हैं,इसलिए मजदूरों ने चादर ओ ढ़ रखी है।नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) पर अपलोड फोटो ने मनरेगा में फर्जीवाड़ा कर राशि निकासी के खेल को उजागर कर दिया है।दरअसल, मनरेगा की योजनाओं में एनएमएमएस पर दैनिक उपस्थिति के साथ काम करने वालों मजदूरों की तस्वीर अपलोड की जाती है।करनैलगंज विकास खंड में बीडीओ एपीओ त कनीकी सहायक व ग्राम प्रधानों की मनमानी से भ्रष्टाचार का गढ़ बनता जा रहा है। केंद्र सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी मनरेगा योज ना के नियमों को दरकिनार कर खाऊ - कमाऊ नीति के तहत फर्जी मस्टर रोल का सहारा लेक र करनैलगंज



विकासखंड के गांव बुधवलिया,डूड़ी, जहागिरवा कैथोली,काशीपुर,तरहटा,वरतरा में सरकारी धन की बंदरबांट करने में लगे हुए हैं 42 डिग्री तापमान के बीच करनैलगंज क्षेत्र के गांवों में स्वेटर और जै केट पहन कर काम कर रहे हैं।मस्टर रोल से मनरे गा योजना को पलीता लगाने का काम किया जा रहा था।करनैलगंज के विकासखंड के गांवो मे श्र मिक अदृश्य तरीके से काम करते हुए दिखाए गए हैं,करनैलगंज क्षेत्र की तमाम अन्य ग्राम पंचायतों में भी मनरेगा योजना में य ही खेल चल रहा है। गांवों में फर्जी तरीके से म स्टर रोल चालू कर ब्लॉ क के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर मन रेगा मजदूर अदृश्य होकर जॉब कार्डो में अपनी हाजिरी लगा कर प्रतिदिन तीन लाख से अधिक रूपए की चपत सरकार

**योगी सरकार के आला अधिकारियों की सख्ती भी बेअसर,जांच के नाम पर हों रही खानापूर्ति**

**करनैलगंज में फर्जी मस्टर रोल के जरिए किया जा रहा लाखों का वारा : न्यारा**

को लगाने के लिए भुगता न कराने में लगे हुए हैं।वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल तैयार कर सरकारी धन की बंदरबांट की शिकायत ज ब अधिकारियों से की जाती है तो जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है जिससे मनबढ़ और घाघ ग्रा म प्रधान,एपीओ व अन्य जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी खुल्लम-खुल्ला मनमानी पर उतर आते हैं इतना हीनहीं, ग्रामीणों का कहना है कि अपने खिलाफ कार्रवाई न होने से ग्राम प्रधा नों का मनोबल बढ़ जाता है और वे शिकायतकर्ता का उत्पीड़न करने लगते हैं। गौरतलब है कि मन रेगा और इस पर नकेल कसने के लिए जिलेभर में बड़े स्तर पर टीमों का गठन

**टीम गठित कर कराई जाएगी जांच: सीडीओ**

मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही फर्जी मस्टर रोल के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे।इस संबंध में जब मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार कि सी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि टी म गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टा चार की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

कर जांच भी क राई जा चुकी है लेकिन इसके बावजूद मनरेगा में मन मानी रूक नहीं रही है।हालांकि, योजना में फर्जी मस्टर रोल के जरिए सरकारी धन की बंदरबांट को रोकने के लिए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन का काफी सख्त रूख है।जिलाधिकारी का स्पष्ट कह ना है कि मनरेगा योजना में लापरवाही और अनि यमितता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाए गा।शिकायत मिलने पर जांच कराकर सख्त कार्र वाई की जाएगी।

# यह आत्महत्या नहीं,बल्कि व्यवस्था द्वारा की गई हत्या है : शिवम पाण्डेय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । राष्ट्रीय छात्र पंचायत के अध्यक्ष शिवम पाण्डे य ने लखीमपुर खीरी में कथित तौर नीट परीक्षा के पेपर लीक और धांधली से परेशान होकर आत्मह त्या करने वाले मेधावी छात्र के परिवार से मुलाका त की,और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और न्याय का भरोसा दिलाया।कहा कि सरकार को छा त्रों को यह आश्वासन देना चाहिए कि भविष्य में कोई भी प्रश्न पत्र लीक नहीं होगा ताकि उन्हें ऐसे सख्त कदम उठाने से रोका जा सके।छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उनके साथ लखनऊ हाई कोर्ट के अधिवक्ता अमन बहादुर सिंह भी उपस्थि त रहे,जिन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव कानू नी सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर शिवम पाण्डेय ने सरकार और परीक्षा प्रणाली पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह एक छात्र की आत्महत्या नहीं है, बल्कि भ्रष्ट



शिक्षा प्रणाली द्वारा की गई एक संस्थागत हत्या है। उन्हों ने इसके लिए सीधे तौर पर देश के शिक्षा मंत्री धर्मे द्र प्रधान को इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार ठहरा या है।लखीमपुर में 22 वर्षीय नीट अभ्यर्थी ने अप ने घर पर कथित तौर पर फंासी लगाकर आत्मह त्या कर ली।शिवम पाण्डेय ने छात्र के परिवार से मुलाकात की और बताया कि वह तीन वर्षों से मे डिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तैयारी कर र हा था।उन्होंने कहा, ''सरकार को हमारे युवाओं को यह आश्वासन देना चाहिए कि भविष्य में कभी को ई प्रश्नपत्र लीक नहीं होगा। युवाओं को ऐसे सख्तः कदम नहीं उठाने चाहिए। शिवम के अनुसार छात्र कई बार नीट परीक्षा में शामिल हो चुका था और इस साल वह अपना अंतिम प्रयास कर रही था। उन्होंने दावा किया कि देश के विभिन्न हिस्सों से छात्रों द्वारा सख्त कदम उठाने के ऐसे ही मामले सामने आए हैं।राष्ट्रीय छात्र पंचायत अध्यक्ष ने क हा कि पिछले कई वर्षों से प्रश्नपत्र लीक होने के कारण छात्रों और अभिभावकों का भरोसा डग मगा गया है।

# 08 करोड़ से अधिक लागत की 69 परियोजनाओं का सांसद बहराइच ने किया लोकार्पण




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में आयोजित समारोह के दौरान सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड द्वारा संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत रू. 4,00,91,988=00 (रू. चार करोड़ इक्यान्नबे हज़ार नौ सौ अटठासी) लागत की 33 तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत रू. 3,99,22,040=00 (रू. तीन करोड़ निन्यान्नबे लाख बाईस हज़ार चालीस) लागत की 36 कुल रू. 8,00,14,028=00 (रू. आठ करोड़ चौदह हज़ार अटठाईस) लागत की 69 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। कार्यदायी संस्था उ.प्र. लघु उद्योग निगम लि. (यूपीएसआईसी) निर्माण खंड-4, बहराइच द्वारा पूर्ण की गई 69 परियोजनाओं से ग्रामीण व शहरी कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इंटरलॉकिंग, सी.सी. रोड, सोलिंग, पुल/पुलिया तथा नाली निर्माण जैसे बुनियादी ढांचे के कार्य सम्मलित हैं। लोकार्पण कार्यक्रम में अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा श्यामकरन टेकड़ीवाल, जिला महामंत्री भाजपा रणविजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण मनीष कुमार, कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता इं. चंद्र प्रकाश त्रिवेदी, अवर अभियंता उबैद उल्ला एवं अन्य अधिकारी व संभ्रांतजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक अभियंता इं. चंद्र प्रकाश त्रिवेदी द्वारा किया गया।

# बकरीद को लेकर गोंडा पुलिस अलर्ट, प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर होगी एफआई आर : डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । बकरीद को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।बकरीद को लेकर प्रशासन और पुलिस ने जिला पंचायत सभागार में पीस कमेटी की बै ठक आयोजित की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और एसपी विनीत जायसवाल ने जिले में पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिए।इन अधिकारियों ने कहा कि खुले में कुर्बानी,प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी और सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री वायरल करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।पीस कमेटी सदस्यों ने बिजली और पानी की समस्या उठाई,जिस पर डीएम ने त्योहार के दौ रान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के नि र्देश दिए।नगर पालिका और नगर निकायों को वि शेष सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई,अधि कारियों को निर्देश दिए कि कुर्बानी के बाद कहीं भी गंदगी न दिखाई दे और शिकायत मिलते ही अ तिरिक्त सफाई टीमें मौके पर पहुंचें।ओवरहेड टैंकों को पहले से भरवाने और खराब हैंडपंप दुरुस्त क राने के भी आदेश दिए गए।प्रशासन ने

**सोशल मीडिया पर फर्जी अफवाह फैलाने वालों पर गोंडा पुलिस व प्रशासन की पैनी नजर**



कुर्बानी के अवशेषों के निस्तारण को लेकर भी विशेष तैयारी की है।अधिकारियों को पहले से गहरे गड्ढे खोदने और अवशेषों को नमक व ब्लीचिंग पाउडर डाल कर दबाने के निर्देश दिए गए हैं।डीएम और एसपी ने कहा कि कुर्बानी के वीडियो बनाकर वायरल क रने से माहौल खराब हो सकता है।अभिभावकों से बच्चों को ऐसे वीडियो बनाने से रोकने की अपील की गई। पुलिस ने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों के खिलाफ सीधे मुकदमे दर्ज होंगे।विनीत जायसवाल ने कहा कि केवल पारंपरिक आयोजनों की अनुमति होगी,बि ना अनुमति कोई नया जुलूस या कार्यक्रम आयो जित नहीं किया जा सकेगा।संवेदनशील इलाकों में छतों पर पड़े ईंट-पत्थरों को हटाने के निर्देश दिए ग ए हैं।सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हें समझा या गया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दें। जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और सभी लोग त्योहार को शांति पूर्व ढंग से मना सके।इसके अ लावा उन्होंने कहा कि युवा या अन्य कोई भी व्य क्ति सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट ना करें जिससे कि आपसी माहौल बिगड़े।बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार,अपर पुलिस, पुलिस अधीक्षक,उप जिलाधिकारी, और पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष,सभी धर्मों के धर्मगुरु स हित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उ पस्थित रहे।

# गाय को पशु श्रेणी से हटाकर गौ माता घोषित करना चाहिये : शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी, गोरखपुर से गौ माता के प्राण और प्रतिष्ठा की रक्षा के उद्देश्य से निकली स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की यात्रा गुरुवार को अमेठी कस्बा पहुंची जहां भक्तों ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। शंकराचार्य की यात्रा कस्बे के प्रमुख चौक चौराहों से गुजरते हुये गौरीगंज के लिये रवाना हुई।इस दौरान उन्होंने लोगों को गौ रक्षा का संकल्प भी दिलाया। शंकराचार्य ने कहा कि वह गोरखपुर से गौ माता के प्राण और प्रतिष्ठा की रक्षा के उद्देश्य से यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को गौ रक्षा के लिए प्रेरित किया जा रहा है और अब तक अस्सी से नब्बे विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया जा चुका है। शंकराचार्य ने कहा कि कि गाय हिंदू धर्म का अभिन्न अंग है और उसे सदैव माता का सम्मान



दिया गया है।शंकराचार्य ने आरोप लगाया कि गौ भक्तों का वोट लेकर नेता गायों को कटवा रहे हैं जो स्वीकार्य नहीं है।उन्होंने दावा किया कि जहां भी वह जा रहे हैं, वहां लोग गायों की बदहाल स्थिति को लेकर नाराजगी जता रहे हैं और अब चुनाव में गौ रक्षा बड़ा मुददा बनेगा। शंकराचार्य ने कहा कि केवल गाय को गुड़-रोटी खिलाने या गौशाला चलाने से कोई गौ भक्त नही हो जाता। उन्होंने कहा कि यदि कोई वास्तव में गौ भक्त है तो उसे गाय को पशु की श्रेणी से हटाकर ल्गौ माताङ्ख घोषित करना चाहिये।उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में गौ संरक्षण के नाम पर पर्याप्त कार्य नही हुआ। शंकराचार्य ने आरोप लगाया कि गौशालाओं की स्थिति खराब है और वहां चारा, पानी तथा दवाइयों की कमी है। उन्होंने कहा कि गांव गांव जाकर लोगों से बातचीत में गायों की दुर्दशा सामने आ रही है।शंकराचार्य ने कहा कि लोगों को बड़ी उम्मीद थी कि गोरक्ष पीठ से जुड़े मुख्यमंत्री बनने के बाद गौ रक्षा को मजबूती मिलेगी लेकिन वर्तमान समय में गायों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

# अंडर-23 बालक एवं बालिका कुश्ती चयन ट्रायल्स में 20 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

मुरादाबाद। अंडर-23 बालक एवं बालिका कुश्ती चयन ट्रायल्स का आयोजन गुरुवार को नेताजी सुभाचंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। ट्रायल्स में जिले के कई अखाड़ों और प्रशिक्षण केंद्रों से आए करीब 20 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयन ट्रायल्स का आयोजन जिला कुश्ती संघ के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के निर्देश पर किया गया। ट्रायल्स के माध्यम से चयनित खिलाड़ी 31 मई से 2 जून तक भदोही के ज्ञानपुर में आयोजित होने वाली अंडर-23 स्टेट कुश्ती चैपियनशिप में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। ट्रायल्स में बालक फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और बालिका वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में मुकाबले कराए गए। खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। ट्रायल्स से पहले खिलाड़ियों की वजन प्रक्रिया पूरी कराई गई तथा दस्तावेजों की जांच भी की गई।

जिला कुश्ती संघ के सचिव पवन कुमार सिसोदिया ने बताया कि चयनित पहलवान राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के लिए पदक जीतने का प्रयास करेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह, कुश्ती कोच गोविंद कुमार यादव, वीर सिंह, करतार सिंह आदि मौजूद रहे।

## शिक्षित बेरोज़गारों के लिए बचत अभिकर्ता बनने का सुनहरा अवसर

**जिला बचत कार्यालय में कर सकते हैं आवेदन**

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला बचत अधिकारी राजन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बचत कार्यालय, बहराइच द्वारा जनपद में राष्ट्रीय बचत योजनान्तर्गत डाकघर में निवेश कराने हेतु शिक्षित बेरोजगार पुरूष एवं महिला अभिकर्ताओं की नियुक्त हेतु अभियान संचालित किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि नियुक्त की गयी महिला अभिकर्ताओं को निवेश कराने पर धनराशि का 04 प्रतिशत व पुरूष अभिकर्ताओं को धनराशि का 0.5 प्रतिशत कमीशन देय होगा। कमीशन की धनराशि अभिकर्ता के बचत खाते में सम्बंधित डाकघर द्वारा भेजी जायेगी। जिला बचत अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि अभिकर्ता बनने हेतु इच्छुक बेरोजगार पुरूष व महिलाएं जिनकी न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण हैं, कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला बचत कार्यालय से सम्पर्क कर अभिकर्ता नियुक्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। अभिकर्ता नियुक्ति के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय के दूरभाष नम्बर 05252-297554 अथवा मो.न. 9415855710 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## जनपद के 09 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई लेखपाल भर्ती परीक्षा

**3168 परीक्षार्थियों के सापेक्ष उपस्थित रहे 2677 अभ्यर्थी**

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । परीक्षा नियंत्रक, उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा जनपद के 09 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली लेखपाल भर्ती लिखित परीक्षा में कुल 3168 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2677 उपस्थित रहे। जबकि अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 491 रही। इस प्रकार 2677 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा केन्द्र वार उपस्थित एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की बात की जाये तो 384 परीक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज में 336 उपस्थित तथा 48 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार 480 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र किसान महाविद्यालय में 406 उपस्थित तथा 74 अनुपस्थित, 240 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र तारा महिला इण्टर कालेज में 195 उपस्थित तथा 45 अनुपस्थित, 384 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र आज़ाद इण्टर कालेज में 331 उपस्थित तथा 53 अनुपस्थित, 384 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र महाराज सिंह इण्टर कालेज में 326 उपस्थित तथा 58 अनुपस्थित, 288 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर में 247 उपस्थित तथा 41 अनुपस्थित, 384 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज में 324 उपस्थित तथा 60 अनुपस्थित, 384 परिक्षार्थियों के लिए राजकीय बालिका इण्टर कालेज में 307 उपस्थित तथा 77 अनुपस्थित तथा 240 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज में 205 उपस्थित तथा 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## बलरामपुर में तेज धूप व लू से बचाव को लेकर प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे ग्रीन शेड, पेयजल की रहेगी व्यवस्था

बलरामपुर। जनपद में भीषण गर्मी, तेज धूप और लू से बचाव के लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर ग्रीन शेड लगाने और पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुश्री ज्योति राय ने दिए हैं। उन्होंने विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने गुरुवार को सबसे पहले रोडवेज बस स्टॉप पहुंचकर यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने एआरएम रोडवेज को निर्देशित किया कि प्रतीक्षालय में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही प्रतीक्षालय के बाहर तत्काल ग्रीन शेड लगवाया जाए, जिससे बस का इंतजार कर रहे यात्रियों को लू और गर्म हवाओं से राहत मिल सके। उन्होंने बस अड्डे पर हीटवेव से बचाव संबंधी बैनर लगाने तथा यात्रियों के लिए ओआरएस घोल के पैकेट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इसके बाद एडीएम ने झारखंडी मंदिर परिसर, रेलवे क्रॉसिंग और वीर विनय चौक पर नगर पालिका परिषद द्वारा किए गए प्रबंधों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि झारखंडी मंदिर के पास शीतल पेयजल और ग्रीन शेड की तत्काल व्यवस्था कराई जाए। वहीं वीर विनय चौक पर टेंट और ग्रीन शेड लगाकर लोगों के लिए छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार फुलवरिया बाईपास पर भी छांव के लिए ग्रीन शेड लगाए जाने के निर्देश दिए गए।

# बिजली कटौती से हाहाकार : बेचैनी में बीत रहा दिन, अधेरे में रातें

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । इस भीषण गर्मी में बिजली की कमी से चर मराई व्यवस्था से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार मचा हुआ है,इस भीषण गर्मी में बिजली कटौती से ग्रामीण बेचैन हैं तो रात्रि में हो रही कटौती से ग्रामी ण रतजगा कर रहें है। कई जगहों पर ग्रामीणों का धर्य भी टूट रहा है।आक्रोशित ग्रामीण सोशल मी डिया पर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। कुछ लोग रात में पावर हाउस पर पहुंचकर हंगामा कर रहे हैं।अभियंताओं व कर्मचारियों को खरीखोटी भी सुननी पड़ रही है। उनके पास यह जवाब नहीं है कि बिजली कब आएगी। शहर व ग्रामीण क्षेत्र में गत दिनों से हो रही विद्युत कटौती को लेकर ग्रामी णों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार दिन में कई बार

**ग्रामीणों का टूटरहा धैर्य,शहर में भी हो रही कटौती जिले में चरमराई विद्युत व्यवस्था**




विद्युत सप्लाई बंद हो जाती है,लेकिन गत दिनों से तो यह हालात हैं कि शाम को विद्युत स प्लाई बंद कर दी जाती है जो कि देर रात दस बजे तक भी वापस नहीं आती है। दस बजे बाद लाइट आ भी जाएगी तो कब बंद हो जाए कोई पता नहीं है।सुबह भी अघोषित विद्युत कटौती से क्षेत्र की पे यजल सप्लाई भी बाधित हो रही है और दिन में कार्यालय के कार्य भी बाधित हो रहे हैं।यही नहीं शहरी क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान हैं। महिलाओं व बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। रात के समय रोस्टिंग होने के कारण ग्रामीणों की नींद में खलल पड़ रहा है।इससे उनकी नींद पूरी न होने के कारण उनमें बीमारियां होने का खतरा भी मंडरा रहा है।सूरज की तपिश के साथ ही रात में पड़ रही भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं, वहीं बिजली की आंख मिचौली में इजाफा होता जा रहा है।उपभोक्ताओं को भीष ण गर्मी में कभी लो वोल्टेज तो कभी फ़ेस की सम स्या झेलनी पड़ रही है। इसके चलते उपकेंद्रों के फोन लगातार घनघना रहे हैं।वहीं कर्मचारी भी फाल्ट बनाने के लिए जद्दोजहद करते दिखाई देते हैं।

**चिड़चिड़ेपन के साथ हो सकते हैं बीपी रोगी**

रात में नींद पूरी न होने से ब्लड प्रेशर,सिरदर्द, चिड़ चिड़ापन और थकान जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं खासकर बुजुर्ग, बच्चे और हृदय रोगियों को इस से अधिक परेशानी हो सकती है।गर्मी में शरीर को आराम और पर्याप्त नींद जरूरी है,लेकिन बार-बार बिजली जाने से दिनचर्या प्रभावित हो रही है।ऐसे में लोग पानी अधिक पिएं और दिन में आराम ज रूर करें।

डॉ.अतुल मिश्रा

# निर्माण कार्यो की गुणवत्ता में समझौता स्वीकार नही होगा : पूजा साहू

## जनपद में विकास कार्यों व निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में आज शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों व निर्माण कार्यों (सीएम डैशबोर्ड) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में सीडीओ ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं। सीडीओ पूजा साहू ने विभागवार योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिये। बैठक में सीडीओ ने कहा कि सभी अधिकारी अपने अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसके उपरांत उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए की सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। सीडीओ ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। कार्यदायी संस्थाएं सामग्री की गुणवत्ता जांच कर ही उसका प्रयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी परियोजना में शिथिलता, मानक विहीन कार्य या अनियमित पाए जाने पर संबंधित संस्था के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं उनको हैंड ओवर कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ज्योति सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, डीईएसटीओ पन्नालाल, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।




# पाँच महीने से वेतन नहीं, अब सड़क पर उतरे एनएचएम डॉक्टर

## जिला अस्पताल के डॉक्टरों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत जिला अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। पिछले पांच महीने से वेतन न मिलने से नाराज डॉक्टरों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शन के दौरान डॉक्टरों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को मांग पत्र सौंपते हुए लंबित वेतन का तत्काल भुगतान कराने की मांग की। इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर समेत विभिन्न पदों पर तैनात डॉक्टरों का आरोप है कि वे लगातार अपनी सेवाएं पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से दे रहे हैं, लेकिन प्रशासन उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रहा है। डॉक्टरों ने कहा कि कई महीनों से वेतन न मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है और परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। डॉक्टरों का कहना है कि इस मामले को लेकर कई बार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मौखिक और लिखित शिकायतें दी गईं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर मामला टाल दिया गया। किसी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं । प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उनका कहना है कि एक ओर सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की बात करती है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्यकर्मियों को महीनों तक वेतन से वंचित रखा जा रहा है। मांग पत्र सौंपने वालों में डॉ. फिजू देसाई, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. शिव कुमार, डॉ. रोहित कुमार विश्वकर्मा, डॉ. फैज मोहम्मद, डॉ. देवाशीष मिश्रा, डॉ. मृदुल त्रिपाठी और डॉ. दिग्विजय सिंह शामिल रहे।

# मनुष्य के जीवन में भजन के लिये उम्र की कोई सीमा नही होती है : इंद्रेश कौशिक

## पेड़रिया गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर के गांव पेड़रिया में चल रही श्रीमद भागवत कथा में कामख्या धाम से पधारे कथा वाचक इंद्रेश कौशिक महराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव समेत अन्य कई प्रसंगों की कथा सुनाई। कथा के दौरान पण्डाल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर भक्तिमय माहौल रहा।इस दौरान पूरे पांडाल को रंग बिरंगे गुब्बारों और फूलों से सजाया गया था नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की लाल की जैसे अन्य कई गीतों पर भक्तों ने खूब धमाल मचाया। कथा वाचक इंद्रेश कौशिक जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म धर्म की स्थापना के लिये हुआ था। उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन में जितना ज्यादा समय मिले उसका भजन में सदुपयोग करना चाहिये क्यों कि भजन की कोई सीमा नही है।



उन्होंने कहा कि भगवान का जन्म होते ही कारागार के सभी ताले खुले गये। इसके बाद पिता ने उन्हें मथुरा से वृंदावन पहुंचा दिया।भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा के दौरान पंडाल नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जयघोष से गूंज उठा। कथा वाचक इंद्रेश कौशिक जी महाराज ने भक्तों को राम नाम लेखन पुस्तिका वितरित किया और आम जनमानस से अपील करते हुये कहा कि आप सब लोग इस पुस्तिका को कार्यक्रम स्थल पर जमा कर देंगे यही मेरे लिये प्रसाद होगा।श्रीमद भागवत कथा के यजमान ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन कर कथा वाचक इंद्रेश कौशिक जी महाराज का फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजक सुरेश सिंह ने भक्तों से नियमित कथा श्रवण करने की अपील की है।इस मौके पर भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी,तेज नारायण मिश्रा, शिवाकांत अवस्थी, भास्कर सिंह,अनिल बाजपेई,पवन तिवारी, मनोज वाजपेई, विनीत मिश्रा, जगदीश त्रिवेदी, सुधीर शुक्ला, शिवराज सिंह, अनुराग शुक्ला, बाल कृष्ण त्रिपाठी, जय करन त्रिवेदी, अनुज पाण्डेय सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# अमहट मंडी में सफाई व्यवस्था की लापरवाही से लगी आग, आढ़ती का हजारों का नुकसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। अमहट मंडी में सफाई व्यवस्था की अनदेखी एक व्यापारी के लिए भारी पड़ गई। मंडी परिसर में पड़े कूड़े के ढेर में लगी आग पास की दुकान तक पहुंच गई, जिससे एक आढ़ती का हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद व्यापारियों में रोष व्याप्त है और उन्होंने मंडी प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है। जानकारी के अनुसार, मंडी में पहले सफाई कर्मचारी नियमित रूप से कूड़ा इकट्ठा कर उसे जलाने का काम करते थे, लेकिन पिछले कुछ समय से यह व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी थी। इसी लापरवाही के चलते कूड़े के ढेर में आग लग गई, जो फैलते हुए 'सुनील एंड संस' नामक दुकान तक पहुंच गई। स्थानीय लोगों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग लगने से दुकान में रखा इलेक्ट्रॉनिक कांटा, कई बोरे आलू और टमाटर जल गए। व्यापारी के अनुसार, इस घटना में उन्हें 25 हजार रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। व्यापारियों का आरोप है कि मंडी परिसर में लंबे समय से कूड़े के ढेर जमा हो रहे थे, जिसकी शिकायत कई बार सफाई कर्मचारियों और मंडी समिति के पंकज बाबू से की गई थी। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रभावित व्यापारी ने कहा कि यदि समय रहते सफाई कराई जाती तो यह घटना नहीं होती। घटना के बाद मंडी के व्यापारियों और किसानों ने मंडी समिति तथा जिला प्रशासन से सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है। साथ ही सफाई ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग भी उठाई है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो भविष्य में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं।

## कांग्रेसी नेताओं ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस पार्टी के नेताओं पदाधिकारियों के साथ ही कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया और उनके व्यक्तित्व के साथ ही कार्यकाल व अमेठी और देश के विकास में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण कुमार बाजपेयी ने अपने सम्बोधन में कहा कि राजीव गांधी ने अमेठी की जनता को सदैव अपना परिवार माना और अमेठी क्षेत्र का चहुमुखी विकास उन्हीं के ही कार्यकाल में हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल को भुलाया नही जा सकता है। इस क्षेत्र से उनका बेहद लगाव था। इस मौके पर मनीष बाजपेई,पारस नाथ मिश्रा, सतीश सिंह चौहान, भरत मिश्रा, दुर्गेश यादव, अवधेश सिंह, राम कुमार यादव, मनीष सिंह सहित अन्य तमाम कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाय : सीडीओ

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आजीविका अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही पोषाहार उत्पादन इकाई के कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सीडीओ ने स्वयं सहायता समूहों के गठन, उनके बैंक खाते खोलने तथा एमआईएस एंट्री की प्रगति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र परिवारो जैसे राशन कार्ड धारक, जीरो पॉवर्टी श्रेणी के परिवार एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाय ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने 'लखपति दीदी' योजना, समूह स्टार्टअप फंड, सामुदायिक निवेश प्रणाली, तथा 'प्रेरणा कैंटीन' के संचालन की स्थिति की समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के विपणन के लिए संचालित 'सवेरा मार्ट' की स्थिति पर भी चर्चा की गई और इसे और सशक्त बनाने के निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने सामुदायिक शौचालयों के संचालन हेतु स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को केयरटेकर बनाए जाने की प्रगति की भी समीक्षा की। साथ ही 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना' एवं 'बीसी सखी' के कार्यों की समीक्षा करते हुए बैंकिंग सेवाओं को ग्रामीण स्तर तक सुलभ बनाने पर जोर दिया। बैठक में पोषाहार उत्पादन इकाई में हो रहे उत्पादन एवं भुगतान की स्थिति की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किए जाएं, जिससे कार्य में पारदर्शिता और गति बनी रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, डीईएसटीओ पन्नालाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोपालपुर के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, महिला समेत चार घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । घुंघचाई थाना क्षेत्र में गुरुवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया शिवपुरिया गांव निवासी कन्यावती पत्नी सियाराम अपने रिश्तेदार वीरपाल निवासी कलीनगर के साथ बाइक से जा रही थीं तभी गोपालपुर के पास दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई हादसे में कन्यावती, वीरपाल समेत दूसरी बाइक पर सवार अजीतपुर बिल्हा निवासी मनोज और राजीव गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि चारों सड़क पर गिरकर घायल हो गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया प्राथमिक उपचार के दौरान कन्यावती की हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना रहा। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

## रघुनाथपुर में अवैध मिट्टी खनन का खेल बेखौफ, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर में बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया है सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफिया खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर रात-दिन मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं ग्रामीणों के अनुसार गांव में करीब 8 से 10 ट्रैक्टर-ट्रालियां और एक घसीटा मशीन लगाकर लगातार मिट्टी निकाली जा रही है बताया जा रहा है कि यह पूरा खेल लंबे समय से चल रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी नाराजगी है ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन से जहां सड़कों की हालत खराब हो रही है, वहीं खेतों और आसपास के इलाके को भी नुकसान पहुंच रहा है वायरल वीडियो में साफ तौर पर मशीनों से मिट्टी खनन होता दिखाई दे रहा है इसके बावजूद कार्रवाई न होना प्रशासन और खनन विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि बिना संरक्षण के इतने बड़े स्तर पर खनन संभव नहीं है लोगों के बीच चर्चा है कि कहीं न कहीं सफ़ेदपोशों और अधिकारियों की मिलीभगत से यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।

## भीषण गर्मी में बिजली कटौती से नगरवासी बेहाल, मनमाने रोस्टर पर फूटा गुस्सा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर में लगातार हो रही अनियमित बिजली कटौती और मनमाने रोस्टर को लेकर लोगों में भारी रोष व्याप्त है बुधवार रात करीब 10:30 बजे से 11:30 बजे तक हुई बिजली कटौती ने लोगों का धैर्य जवाब दे दिया उमस भरी भीषण गर्मी में एक घंटे की कटौती से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा नगरवासियों का कहना है कि बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के नाम पर विभाग लाखों रुपये खर्च कर चुका है सात फीडरों से सप्लाई दिए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन हालात पहले जैसे ही बने हुए हैं बार-बार होने वाली कटौती से लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है रात में बिजली गुल होते ही सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा लोगों ने सवाल उठाए कि जब नगर में पर्याप्त संसाधन और कई फीडरों से सप्लाई की व्यवस्था है तो आखिर बार-बार कटौती क्यों की जा रही है कई उपभोक्ताओं ने इसे विद्युत विभाग की मनमानी बताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप लगाए स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनभर की गर्मी के बाद रात में भी राहत नहीं मिल रही बिजली कटने से घरों में लगे इनवर्टर जवाब दे रहे हैं और पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है लोगों ने मांग की है कि विभाग तत्काल रोस्टर सार्वजनिक करे और बिना सूचना की जा रही कटौती पर रोक लगाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# थाना प्रभारी राजीव कुमार ने संभाला चार्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कोतवाली के तेज तर्रार वरिष्ठ उप निरीक्षक राजीव कुमार का पुलिस अधीक्षक द्वारा तबादला थाना घुघचियाई में कर दिया गया है। आदेश मिलते ही उन्होंने थाना घुघचियाई में थाना प्रभारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया।चार्ज संभालते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार ने स्पष्ट कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, अवैध गतिविधियों पर रोक और जनसंवाद को बढ़ावा देना उनके प्रमुख एजेंडे में शामिल रहेगा। थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित गश्त और चेकिंग अभियान तेज किए जाएंगे।थाना प्रभारी राजीव कुमार ने कहा कि आम जनता बिना किसी भय के अपनी शिकायत लेकर थाने आ सकती है। प्रत्येक फरियादी की समस्या को




गंभीरता से सुना जाएगा और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे जनता के साथ शालीन व्यवहार करें और पीड़ितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराएं। स्थानीय लोगों ने नए थाना प्रभारी के स्वागत के साथ उनसे क्षेत्र में नशा, चोरी और अवैध खनन जैसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की उम्मीद जताई है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने आश्वासन दिया कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

# काली पट्टी बांध विरोध के बाद अब पूरे जिले में ठप किया कार्य, स्वास्थ्य सेवाओं पर असर की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने लंबित मानदेय को लेकर आखिरकार कार्य बहिष्कार का बिगुल फूंक दिया तीन दिन तक काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के बाद 21 मई से जिलेभर में संविदा कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले दो माह से मानदेय न मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है भारतीय मजदूर संघ एवं उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से सम्बद्ध उ0प्र0 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष ठाकुर मयंक प्रताप सिंह के आह्वान पर प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत पीलीभीत में भी विरोध प्रदर्शन किया गया कर्मचारियों ने 18 मई से 20 मई तक काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई थी,




लेकिन 20 मई तक भी भुगतान न होने पर अब कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया गया संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव गंगवार ने बताया कि मार्च और अप्रैल 2026 का मानदेय अब तक जारी नहीं हुआ है, जबकि मई माह भी समाप्ति की ओर है। ऐसे में कर्मचारियों के सामने परिवार चलाना मुश्किल हो गया है बच्चों के स्कूलों का नया सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन फीस, किताबें और अन्य जरूरी खर्च पूरे करना कठिन हो रहा है जिला अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र अस्थाना ने बताया कि 22 मई को भी कार्य बहिष्कार जारी रहेगा हालांकि जनहित को देखते हुए इमरजेंसी सेवाएं चालू रखी जाएंगी ताकि मरीजों को गंभीर परेशानी का सामना न करना पड़े उन्होंने बताया कि कोतवाली पुलिस द्वारा भी संगठन से संपर्क कर आंदोलन की जानकारी ली गई, जिस पर कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं बताईं पुलिस प्रशासन ने कर्मचारियों की समस्या को जायज बताते हुए सहयोग का आश्वासन दिया जिले के पूरनपुर, न्यूरिया, बीसलपुर, ललौरीखेड़ा, अमरिया, बरखेड़ा, बिलसंडा सहित जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालयों में कार्यरत एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर विरोध दर्ज कराया। आंदोलन में चिकित्सक, एएनएम, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, सीएचओ, पैरामेडिकल स्टाफ और प्रबंधन से जुड़े कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल रहे कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मानदेय जारी नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# जिम्मेदार अधिकारियों के संरक्षण में प्राइवेट कर्मियों का बोलबाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील कार्यालय में प्राइवेट कर्मियों के बढ़ते दखल और कथित अवैध वसूली को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। न्यू अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह ने बुधवार को जिलाधिकारी सुलतानपुर को आनलाईन शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि एसडीएम कार्यालय के बगल स्थित विश्राम कक्ष प्राइवेट कर्मियों का अड्डा बन चुका है, जहां से आदेश गतिमान पत्रावलियों में अवैध वसूली का खेल संचालित किया जा रहा है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि सरकारी कार्यों में बाहरी लोगों की दखलंदाजी लगातार बढ़ रही है। आरोप है कि आदेश पत्रावलियों में गलत आदेश टाइप कराने तथा फाइलों को आगे बढ़ाने के नाम पर खुलेआम धन उगाही की जा रही है। इससे आम फरियादियों और अधिवक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह ने पत्र में आरोप लगाया है कि बल्दीराय तहसील प्रशासन की जानकारी के बावजूद प्राइवेट कर्मियों का हस्तक्षेप नहीं रुक रहा, जिससे न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है एसडीएम कार्यालय में गैर जनपद का अधिवक्ता वृज किशोर बर्मा एसडीएम के संरक्षण में कार्यालय के महत्वपूर्ण पद पर आसीन होकर अधिवक्ताओ को तरह तरह की धमकी देकर अपना रुतवा जमाए हुए है। आरोप है कि अहलमद पद पर राकेश कुमार की नियुक्ति हुई है लेकिन यह कभी न्यायालय नहीं आया बल्कि जिम्मेदार अधिकारी की शह पर बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के ही तहसील में यह राजस्व लिपिक ( माल बाबू ) का कार्य देख रहा है यही नही तहसील के जिम्मेदार अधिकारी ने अपने चहेते प्राईवेट कर्मी व अधिवक्ता वृज किशोर बर्मा को न्यायालय के अहलमद पद पर रख कर शासन के सारे नियम कानून की खुले आम धज्जिया उड़ा रहे है। बल्दीराय तहसील में प्राइवेट कर्मियों की शिकायत कोई नई नहीं है बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा इसके पूर्व भी कई बार शिकायत उच्च अधिकारियों से की थी लेकिन आज तक शिकायत को नजर अंदाज कर दिया गया न तो आरोप की जांच हुई और ना ही कोई कार्यवाही इस बार शिकायतकर्ता न्यू न्यू अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह ने जिलाधिकारी सुल्तानपुर के ऊपर भरोसा जताते हुए सारे मामले की ऑनलाइन शिकायत की है।

# तेज रफ्तार बोलेरो का कहर, मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला अनुदेशक की मौत, दो सहेलियां गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। मॉर्निंग वॉक पर निकली एक महिला अनुदेशक की तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी दो सहेलियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद बोलेरो चालक वाहन समेत फरार हो गया।

यह हादसा नगर कोतवाली के अमहट चौकी क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय रानीगंज के सामने महुअरिया रोड पर हुआ। सुबह का समय होने के कारण सड़क पर लोगों की आवाजाही कम थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों महिलाएं सड़क किनारे टहल रही थीं, तभी पीछे से तेज गति में आई एक बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 32 वर्षीय दीपिका गुप्ता पत्नी अजय गुप्ता



की मौके पर ही मौत हो गई। दीपिका अमहट क्षेत्र की निवासी थीं और अनुदेशक के पद पर कार्यरत थीं। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं हादसे में घायल हुईं स्नेहलता पाण्डेय (40) पत्नी दुर्गेश पांडेय और पूनम तिवारी (42) पत्नी शिव शरण तिवारी को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दोनों महिलाएं कर्मयोगी नगर, महुअरिया, अमहट की रहने वाली हैं। डॉक्टरों के मुताबिक दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों महिलाएं सड़क पर दूर जा गिरीं। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से फरार वाहन और चालक की तलाश की जा रही है।

## सम्पादकीय

# इटली और भारत: इंडो-भूमध्यसागरीय क्षेत्र के लिए एक रणनीतिक सांझेदारी

भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के सांझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक सांझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की सांझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है। हमारा सहयोग इस सांझा समझ को दर्शाता है कि 21वीं सदी में समृद्धि और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश कितनी क्षमता से नवाचार करें, ऊर्जा परिवर्तन का प्रबंधन करें और अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करें। इसी उद्देश्य से हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा तथा विविध बनाने का संकल्प लिया है, ताकि नए लक्ष्यों को हासिल किया जा सके और दोनों देशों की पूरक शक्तियों का बेहतर उपयोग हो सके। हम इटली की डिजाइन क्षमता, बेहतरीन विनिर्माण कौशल और विश्वस्तरीय सुपर कम्प्यूटर तकनीक, जो उसे एक औद्योगिक महाशक्ति बनाती है, को भारत की तेज आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग प्रतिभा, बड़े पैमाने की क्षमता, नवाचार और 100 से अधिक यूनिकॉर्न तथा 2 लाख स्टार्ट-अप वाले उद्यमी ईकोसिस्टम के साथ जोड़कर एक शक्तिशाली तालमेल बनाना चाहते हैं। यह ऐसा सांझा मूल्य निर्माण है, जिसमें दोनों देशों की औद्योगिक ताकतें एक-दूसरे को और अधिक मजबूत बनाती हैं। यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफ.टी.ए.) दोनों दिशाओं में व्यापार और निवेश बढ़ाने का रास्ता खोलता है। हमारा लक्ष्य 2029 तक भारत और इटली के बीच व्यापार को 20 अरब यूरो से आगे ले जाना है। इसमें रक्षा एवं एयरोस्पेस, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, मशीनरी, ऑटोमोबाइल पुर्जे, रसायन, दवाइयां, वस्त्र, कृषि-खाद्य क्षेत्र और पर्यटन समेत कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रहेगा। 'मेड इन इटली' हमेशा से दुनिया भर में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है और आज इसका स्वाभाविक तालमेल 'मेक इन इंडिया' पहल के उच्च गुणवत्ता वाले लक्ष्यों के साथ दिखाई देता है। इसी संदर्भ में, भारत के लिए उत्पादन में इतालवी कंपनियों की बढ़ती रुचि और इटली में भारतीय उद्योगों की बढ़ती मौजूदगी, जो अब दोनों पक्षों से मिलाकर 1000 से अधिक हो चुकी है, एक सकारात्मक संकेत है। यह हमारी सप्लाई चेन के एकीकरण को और मजबूत करेगी। तकनीकी नवाचार हमारी सांझेदारी का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। आने वाले दशकों में दुनिया एक बड़े तकनीकी बदलाव के दौर से गुजरेगी, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) क्वांटम कम्प्यूटिंग, उन्नत विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में तेज प्रगति होगी। भारत का तेजी से बढ़ता नवाचार तंत्र और कुशल पेशेवरों की बड़ी संख्या, तथा इटली की उन्नत औद्योगिक क्षमता, इन क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को स्वाभाविक और रणनीतिक बनाती है। दोनों देशों के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के बीच बढ़ती सांझेदारी भी इसे मजबूती देगी। भारत और इटली ए.आई. को समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम भी मानते हैं, खासकर ग्लोबल साऊथ के देशों के लिए। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आसान, बहुभाषी तकनीकों के जरिए ए.आई. सामाजिक और डिजिटल खाइयों को कम कर सकता है। भारत के मानव विजन, यानी तकनीक के केंद्र में मानव को रखने की सोच और इटली की मानव-केंद्रित 'एल्गोर-एथिक्स' की अवधारणा, जो उसकी मानवतावादी परंपरा पर आधारित है, पर आगे बढ़ते हुए हमारी सांझेदारी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम बने।

# अपराधमुक्त राजनीति से ही संभव है नया भारत-विकसित भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र की राजनीति में आने के बाद अनेक मंचों से राजनीति के अपराधीकरण पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने संसद में और सार्वजनिक मंचों पर कई बार कहा कि राजनीति को अपराधमुक्त बनाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों के शीघ्र निपटान के लिए विशेष अदालतों की आवश्यकता पर बल दिया। किंतु चिंता का विषय यह है कि आज भी लगभग सभी राजनीतिक दलों की स्थिति समान दिखाई देती है। चुनाव जीतने की मजबूरी और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के कारण दल अपराधी और दागी उम्मीदवारों को टिकट देने से परहेज नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति के पीछे कई कारण हैं। पहला कारण है चुनावों का अत्यधिक खर्चीला होना। आज चुनाव लड़ना सामान्य व्यक्ति की क्षमता से बाहर होता जा रहा है। बड़े संसाधनों वाले और आर्थिक रूप से प्रभावशाली लोग चुनावी प्रक्रिया में अधिक सक्रिय हो रहे हैं। दूसरा कारण है बाहुबल और प्रभाव का उपयोग। कई क्षेत्रों में आज भी राजनीतिक प्रभाव स्थापित करने के लिए शक्ति प्रदर्शन को महत्वपूर्ण माना जाता है। तीसरा कारण है न्यायिक प्रक्रिया की धीमी गति। गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों के वर्षों तक लंबित रहने के कारण आरोपी चुनाव लड़ते रहते हैं और जनप्रतिनिधि बन जाते हैं। राजनीति में अपराधीकरण का दूसरा बड़ा पक्ष है धनबल। पश्चिम बंगाल विधानसभा के आंकड़े बताते हैं कि 61 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। यह प्रवृत्ति पूरे देश में दिखाई देती है।

भारत आज एक ऐतिहासिक संक्रमण काल से गुजर रहा है। एक ओर देश विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, वैश्विक मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व राजनीति और कूटनीति के केंद्र में उभर रहा है, वहीं दूसरी ओर भारतीय राजनीति में अपराध, धनबल और बाहुबल की बढ़ती पैठ लोकतंत्र की आत्मा को आहत कर रही है। यह विडंबना ही है कि जिस भारत को विश्वगुरु बनने का स्वप्न दिखाया जा रहा है, उसकी राजनीति अभी भी अपराधमुक्त नहीं हो सकी है। हाल ही में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद सामने आए आंकड़ों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। समाचार पत्रों में प्रकाशित एडीआर (ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिपोर्ट) की रिपोर्ट के अनुसार पश्चिम बंगाल विधानसभा के लगभग 65 प्रतिशत विधायक आपराधिक मामलों वाले हैं, जबकि 61 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। रिपोर्ट के अनुसार 294 विधायकों में से 190 विधायकों ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले घोषित किए हैं तथा लगभग 142 विधायकों पर गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास, महिलाओं के विरुद्ध अपराध और अन्य गंभीर मामले भी शामिल हैं। यह केवल पश्चिम बंगाल की स्थिति नहीं है। संसद और देश की अनेक विधानसभाओं की स्थिति भी इससे बहुत अलग नहीं है। पिछले कुछ वर्षों के चुनावी विश्लेषण बताते हैं कि उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सहित अनेक राज्यों में बड़ी संख्या में ऐसे जनप्रतिनिधि चुनकर आए हैं जिन पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। लोकतंत्र के मंदिरों में अपराध और दागी छवि वाले लोगों की बढ़ती उपस्थिति आज राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुकी है। राजनीति मूलतः लोकसेवा, नैतिक नेतृत्व और राष्ट्रनिर्माण का माध्यम मानी गई थी। महात्मा गांधी, जयप्रकाश नारायण, लाल बहादुर शास्त्री, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने राजनीति को मूल्य आधारित दिशा दी। लेकिन समय के साथ राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता का स्थान धीरे-धीरे चुनावी गणित, धनबल और प्रभावशाली समूहों ने लेना शुरू कर दिया। आज कई राजनीतिक दल उम्मीदवार चयन में योग्यता, चरित्र और जनसेवा की बजाय ल्जीतने की क्षमताङ्क को प्राथमिकता देते दिखाई देते हैं। यही कारण है कि दागी छवि वाले व्यक्तियों को भी टिकट देने में संकोच नहीं किया जाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र की राजनीति में आने के बाद अनेक मंचों से राजनीति के अपराधीकरण पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने संसद में और सार्वजनिक मंचों पर कई बार कहा कि राजनीति को अपराधमुक्त बनाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों के शीघ्र निपटान के लिए विशेष अदालतों की आवश्यकता पर बल दिया। किंतु चिंता का विषय यह है कि आज भी लगभग सभी राजनीतिक दलों की स्थिति समान दिखाई देती है। चुनाव जीतने की मजबूरी और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के कारण दल अपराधी और दागी उम्मीदवारों को टिकट देने से परहेज नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति के पीछे कई कारण हैं। पहला कारण है चुनावों का अत्यधिक खर्चीला होना। आज चुनाव लड़ना सामान्य व्यक्ति की क्षमता से बाहर होता जा रहा है। बड़े संसाधनों वाले और आर्थिक रूप से प्रभावशाली लोग चुनावी प्रक्रिया में अधिक सक्रिय हो रहे हैं। दूसरा कारण है बाहुबल और प्रभाव का उपयोग। कई क्षेत्रों में आज भी राजनीतिक प्रभाव स्थापित करने के लिए शक्ति प्रदर्शन को महत्वपूर्ण माना जाता है। तीसरा कारण है न्यायिक प्रक्रिया की धीमी गति। गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों के वर्षों तक लंबित रहने के कारण आरोपी चुनाव लड़ते रहते हैं और जनप्रतिनिधि बन जाते हैं। राजनीति में अपराधीकरण का दूसरा बड़ा पक्ष है धनबल। पश्चिम बंगाल विधानसभा के आंकड़े बताते हैं कि 61 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। यह प्रवृत्ति पूरे देश में दिखाई देती है। संसद और विधानसभाओं में करोड़पति जनप्रतिनिधियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रश्न यह है कि क्या लोकतंत्र धीरे-धीरे सामान्य नागरिक की पहुंच से दूर होता जा रहा है? यदि राजनीति केवल धनवान और प्रभावशाली वर्गों तक सीमित हो जाएगी तो लोकतंत्र की समावेशी भावना कमजोर होगी। इन परिस्थितियों में नागरिक समाज और लोकतांत्रिक संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारतीय मतदाता संगठन इस दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। इसके संस्थापक रिखबचंद जैन के नेतृत्व में लंबे समय से राजनीति को स्वच्छ और अपराधमुक्त बनाने की दिशा में जनजागरण अभियान चलाए जा रहे हैं। संगठन मतदाता जागरूकता, नैतिक मतदान, स्वच्छ राजनीति और जिम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है। लोकतंत्र को केवल चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि मूल्य आधारित व्यवस्था मानते हुए यह संगठन समाज को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है कि मतदाता केवल जाति, धर्म, क्षेत्र या दलगत निष्ठा के आधार पर नहीं, बल्कि उम्मीदवार के चरित्र और सार्वजनिक जीवन को देखकर मतदान करें। इसी प्रकार एडीआर (ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिपोर्ट) जैसे संगठन भी चुनावी पारदर्शिता और जनप्रतिनिधियों की पृष्ठभूमि सार्वजनिक करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। इन संगठनों के कारण आज मतदाताओं को उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों, संपत्ति और शिक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध हो रही है। यह लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय चुनाव आयोग भी इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद राजनीतिक दलों को उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए हैं। उम्मीदवारों को शपथपत्र में अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि, संपत्ति और देनदारियों की जानकारी देना अनिवार्य किया गया है। चुनाव आयोग लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। किंतु केवल औपचारिक प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। इन प्रयासों को अधिक तीव्र, व्यापक और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। आज आवश्यकता है कि राजनीति के अपराधीकरण के विरुद्ध राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक आंदोलन खड़ा किया जाए। इसके लिए कुछ ठोस कदम आवश्यक हैं- पहला, जिन उम्मीदवारों पर हत्या, बलात्कार, अपहरण, भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोप न्यायालय द्वारा तय हो चुके हों, उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने पर गंभीर विचार होना चाहिए। दूसरा, जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों के त्वरित निपटान हेतु विशेष न्यायालयों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि वर्षों तक मुकदमे लंबित न रहें। तीसरा, राजनीतिक दलों को दागी उम्मीदवारों को टिकट देने पर जवाबदेह बनाया जाए। उन्हें सार्वजनिक रूप से बताना चाहिए कि स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार उपलब्ध होने के बावजूद दागी व्यक्ति को क्यों चुना गया। चौथा, चुनावी खर्च पर कठोर नियंत्रण और पारदर्शिता लाई जाए ताकि सामान्य और योग्य नागरिक भी राजनीति में प्रवेश कर सकें। पांचवां, मतदाता जागरूकता को जनांदोलन बनाया जाए। जब तक मतदाता स्वयं दागी उम्मीदवारों को अस्वीकार नहीं करेंगे, तब तक सुधार अधूरा रहेगा। भारत आज जिस दिशा में बढ़ रहा है, वहां राजनीति की शुचिता और नैतिकता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। यदि हम 2047 तक विकसित भारत बनना चाहते हैं, यदि हमें विश्वगुरु बनना है, यदि भारत को वैश्विक नेतृत्व करना है, तो राजनीति को अपराध और धनबल के प्रभाव से मुक्त करना ही होगा। आर्थिक शक्ति, तकनीकी प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा तभी सार्थक होगी जब लोकतंत्र की आत्मा सुरक्षित रहेगी। राजनीति का उद्देश्य सत्ता प्राप्ति नहीं, समाज निर्माण होना चाहिए। लोकतंत्र केवल वोटों का गणित नहीं, बल्कि विश्वास, नैतिकता और जनप्रतिनिधित्व की पवित्र व्यवस्था है। यदि राजनीति अपराधमुक्त होगी तो शासन अधिक पारदर्शी होगा, जनता का विश्वास बढ़ेगा और राष्ट्रनिर्माण की गति भी तेज होगी। आज आवश्यकता केवल सरकारों या चुनाव आयोग के प्रयासों की नहीं है, बल्कि समाज, मतदाता संगठनों, नागरिक संस्थाओं, मीडिया और जागरूक नागरिकों के संयुक्त अभियान की है। भारतीय मतदाता संगठन जैसे प्रयास इसी दिशा में आशा की किरण हैं। इन प्रयासों को राष्ट्रीय स्वरूप देने की जरूरत है। भारत के विकसित भविष्य की आधारशिला केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि स्वच्छ राजनीति भी है। क्योंकि अपराधमुक्त राजनीति ही विकसित भारत, समृद्ध भारत और विश्वगुरु भारत की वास्तविक पहचान बन सकती है। **– ललित गर्ग**

# क्या अब समय से पहले आ रहा है बुढ़ापा?

**आर.सूर्य कुमारी**

गाय को आक्सीटोसिन की सुई लगाकर दूध दूहा जाता है। हमारे दुधारू पशुओं का चारा भी पौष्टिक नहीं होता। हमारा डेयरी उद्योग भी इस कारण स्वास्थ्य वर्धक नहीं रह जाता। लोगों को पौष्टिक आहार नहीं मिलता है तो वे बीमार पड़ जाते हैं और समय से पहले वृद्धावस्था में चले आते हैं।

दोस्तों आज हम बहुत ही आम मगर बहुत ही महत्वपूर्ण समस्या पर चर्चा करते हैं। मैं ही नहीं , आप भी बहुत गौर से देखते होंगे कि आज व्यक्ति समय से पहले वृद्ध होता चला जा रहा है। छोटी उम्र में ही किसी का दिल जवाब दे जाता है तो किसी को शुगर की शिकायत होने लगती है। एक तीस-चालीस साल के व्यक्ति में उच्च रक्तचाप , कोलेस्ट्रॉल , थायराइड , स्नायु रोग आदि घर करने लगे हैं। तो अब सवाल यह उठता है कि आखिर क्या कारण है जो आज कम उम्र में बुढ़ापा घर कर रही है ? इसके सबसे बड़े चार कारण हैं- एक, हमारा अत्यंत उपभोक्ता वादी होना। एक तो महंगाई का जमाना है। ऊपर से ऊंची पढ़ाई कर ऊंचे-ऊंचे मुकामों को छूने की लालसा। इस कश्मकश में हम शरीर को घोड़े से भी तेज दौड़ा रहे हैं। इतनी भागम भाग है कि सांस लेने की फुर्सत नहीं। इससे हमारा शरीर और हमारे शरीर के सारे अंग कमजोर पड़ जाते हैं और ताकत खोने लगते हैं। हमारे स्नायु तंत्र में भी शिथिलता आ जाती है और हम कमजोर पड़कर पस्त होने लगते हैं। दो , हमारे भोजन में पौष्टिकता का बहुत ज्यादा अभाव रहता है। नन्हे चावल से लेकर भीमकाय कटहल तक न जाने कितने खाद्य पदार्थ हैं जो कीट नाशकों के छिड़काव से उपजाए जाते हैं। गाय को आक्सीटोसिन की सुई लगाकर दूध दूहा जाता है। हमारे दुधारू पशुओं का चारा भी पौष्टिक नहीं होता। हमारा डेयरी उद्योग भी इस कारण स्वास्थ्य वर्धक नहीं रह जाता। लोगों को पौष्टिक आहार नहीं मिलता है तो वे बीमार पड़ जाते हैं और समय से पहले वृद्धावस्था में चले आते हैं। बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। तीन , हमारे यहां नशा बहुत ज्यादा किया जाने लगा है। एक किशोर पंद्रह - सोलह साल की उम्र से नशा करता है तो तीस साल के होते - होते वह इतना कमजोर पड़ जाता है कि आधा बूढ़ा हो ही जाता है। शराब , स्मैक, ब्राउन शुगर , गांजा , सिगरेट , इंजेक्शन। नशे का चाहे कोई भी तरीका हो शरीर को जीर्ण-शीर्ण कर डालता है। अनेक बीमारियां घर कर जाती है। वह काफी तकलीफ देह जिंदगी जीता है। चार , मानसिक रूप से भी हम इतने त्रस्त रहते हैं कि खुद को सम्हाल नहीं पाते। पति-पत्नी के बीच की लड़ाई , बच्चे हों तो भी समस्या , न हों तो भी समस्या। कमजोर शरीर और जिस पर मानसिक समस्याएं , जीवन को तंग कर डालती हैं,और तो और आज का आदमी अपनी चिंता नहीं करता , दस्तक दे रहे बुढ़ापे को गंभीरता से नहीं लेता , दूसरों को ज्यादा समझाइश देता है । जरूरत ना जरूरत की समस्याएं अपने दिमाग पर लेकर मानसिक शक्ति व मानसिक शांति खो बैठता है। इस कारण भी आयु घटने लगती है, बुढ़ापा घर कर जाती है। और , पानी में बहुत ज्यादा मात्रा में आर्सेनिक होना , और भी अनेक विषाक्त व खतरनाक रसायनों का होना आदि ऐसे कारण हैं जो समय से पहले बुढ़ापा या वृद्धावस्था को न्योता देते हैं। कुल मिलाकर एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए , एक स्वस्थ व्यक्ति को ही सोचना होगा । जहां हम सिस्टम को थोड़ा या ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकते वहां तो हमारी हार है, मगर जहां हम अपने हाथ - पैर मार सकते हैं, वहां जरूर प्रयत्न करना चाहिए। अपने जीवन को हम जितना सहूलियत दे सकते हैं, देना चाहिए। जिंदगी हमारी है तो पहली जिम्मेदारी व जिम्मेवारी भी हमारी ही है।

## सेहत मंत्र

# बच्चों में तेज गुस्सा हो सकता है हार्मोनल असंतुलन के कारण

कई बच्चों को बहुत तेज गुस्सा आता है और वो हर बात पर हाइपर एक्टिव हो जाते हैं और चिल्लाने लगते हैं। आमतौर पर लोग समझते हैं कि ज्यादा लाड़-प्यार की वजह से बच्चे ऐसा करते हैं। कुछ हद तक ये बात सही है कि ज्यादा लाड़-प्यार से बच्चों में विरोध करने की शक्ति आती है और वो गुस्सा कर सकते हैं मगर ऐसे मामलों में ज्यादातर बच्चे हार्मोनल असंतुल के शिकार होते हैं। अगर आप समझदारी से काम करें, तो ऐसे बच्चों को भी आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। उम्र के कारण भी होता है चिड़चिड़ापन: 5 से 8 साल और 14 से 25 साल की उम्र के बच्चे आमतौर पर ज्यादा चिड़चिड़े होते हैं। इस उम्र के बच्चे आमतौर पर हाइपर एक्टिव होते हैं। इस उम्र में अगर बच्चों को किसी गलती के लिए टोका जाए तो उन्हें बहुत जल्दी गुस्सा आ जाता है। छोटी-छोटी बातों पर झल्लाने की आदत इस उम्र में अकसर देखने को मिलती है। क्यों आता है बच्चों को गुस्सा: हॉर्मोन संबंधी असंतुलन ऐसी समस्या का मुख्य कारण है। इससे कई बार बिना किसी वजह के भी बच्चे के व्यवहार में झल्लाहट नज़र आ सकती है। टीनएजर्स में बहुत हाई लेवल की एनर्जी होती है पर आधुनिक जीवनशैली से आउटडोर गेम्स और फिजिकल एक्टिविटीज़ गायब होती जा रही हैं। ऐसे में बच्चे को अपनी एनर्जी रिलीज़ करने का मौका नहीं मिलता तो इसका असर गुस्से या आक्रामक व्यवहार के रूप में नज़र आता है। कैसे करें कंट्रोल: ओवर रिएक्ट करने के बजाय बच्चे को प्यार से समझाएं। उसे ऐसी समस्या से बचाने के लिए क्रिकेट, फुटबॉल और जूडो-कराटे जैसी फिजिकल एक्टिविटीज़ में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। अगर माता-पिता इन समस्त बातों का ध्यान रखेगे तो उनके टीनएजर्स के व्यवहार में जल्दी ही कुछ सार्थक और सकारात्मक बदलाव नज़र आने लगेंगे।

## धर्म मंत्र

# शिवालिक पहाड़ियों में विराजमान है माता बालासुंदरी, जहां होती है हर मन्नत पूरी

हरियाणा और हिमाचल की सीमा पर शिवालिक की पहाड़ियों में देव भूमि हिमाचल की गोद में बसे त्रिलोकपुर में मां बालासुंदरी देवी का मंदिर स्थित है। मंदिर में बजने वाली 81 घंटियों के अलावा यहां गूंजने वाले माता के जयकारों से न सिर्फ हिमाचल बल्कि हजारों की संख्या में भक्तजन यहां पहुंचकर अपना शीश नवाते हैं और मां वैष्णों के बाल स्वरूप के रूप में पूजी जाने वाली माता बाला सुंदरी के आशीर्वाद से खुद को धन्य मानते है। कहा जाता है कि रात्रि को स्वप्न में मां भगवती ने उस व्यापारी को बालरूप में दर्शन दिए और कहा कि मैं पिंडी रूप में तुम्हारी नमक की बोरी में आ गई थी और अब मेरा निवास तुम्हारे आंगन में स्थित पीपल वृक्ष की जड़ में है। लोक कल्याण हेतु तुम यहां एक मंदिर का निर्माण करो। सुबह होने पर व्यापारी ने पीपल का वृक्ष देखा, तभी बिजली की चमक व बादलों की गड़गड़ाहट के साथ पीपल का पेड़ जड़ से फट गया तथा माता साक्षात रूप में प्रकट हो गई। यह घटना विक्रमी संवत 1627 की बताई जाती है। उस समय सिरमौर राजधानी का शासन महाराज प्रदीप प्रकाश के अधीन था। एक रात्रि माता ने उन्हें भी स्वप्न में दर्शन देकर भक्त रामदास वाली कहानी सुनाई तथा मंदिर बनवाने की इच्छा प्रकट की। माता का आदेश पाकर महाराज प्रदीप प्रकाश ने तुरंत ही मंदिर के निर्माण का आदेश दे दिया। तीन वर्षों में ही मंदिर का निर्माण पूरा कर लिया गया।1630 में बने इस मंदिर की शोभा देखते ही बनतीहै। यह मंदिर मुगलकालीन वास्तुकला का जीता जागता प्रमाण है।

## पर्यटन



# आर्ट और कल्चर के शौकीन हैं तो जरूर घूमें तवांग में दीरांग वैली

हम में से ऐसे कई लोग हैं जो घूमने के लिए किसी ऑफबीट जगह पर जाना चाहते हैं। उन्हें घूमने-फिरने से ज्यादा किसी जगह के कल्चर को जानने का शौक होता है। अगर आप भी उन लोगों में से एक हैं, तो हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसी जगह के बारे में जहां जाकर आपको न सिर्फ भीड़भाड़ से मुक्ति मिलेगी बल्कि आपको उस जगह के बारे में जानकारी भी मिलेगी। (अरूणाचल प्रदेश) तवांग की खूबसूरत वैली दीरांग- बोमडिला से तवांग जाने के रास्ते में करीब 43 किलोमीटर दूर है एक ख़ूबसूरत वैली-दीरांग। कामेंग नदी के किनारे पहाड़ों की तलहटी पर बसा यह कस्बा ख़ूबसूरत तो है ही, इसने अपने साथ समेटी है सालों पुरानी स्थापत्य कला की विरासत भी। यहां दीरांग डजोंग नाम का एक इलाका तकरीबन 150 साल पुराना है। डजोंग के आस-पास बने पत्थर के कुछ घर करीब 500 साल पुराने बताए जाते हैं। यहां से करीब 1 किलोमीटर आगे गरम पानी का एक सोता भी है जिसे स्थानीय लोग बहुत पवित्र मानते हैं। इस सोते में आप चाहें तो डुबकी भी लगा सकते हैं। दीरांग के पास देश का अनूठा राष्ट्रीय याक अनुसंधान केंद्र भी है। 1989 में शुरू हुए इस रिसर्च सेंटर में याक से जुड़े विभिन्न पहलुओं, मसलन- उत्पादन, ब्रीडिंग, नस्लों में सुधार आदि पर अनुसंधान किया जाता है। यहां से 31 किलोमीटर दूर एक याक फार्म भी बनाया गया है। रिसर्च सेंटर देखने के लिए आपको पहले से अनुमति लेनी जरूरी है। सेला: एक ख़ूबसूरत दर्रा समुद्र तल से करीब 4170 मीटर की ऊंचाई पर मौजूद सेला चीन की सीमा से लगे तवांग को बोमडिला और देश के बाक़ी हिस्सों से जोड़ता है। सेला लगभग सालभर बर्फ से घिरा रहता है और चारों ओर बर्फ के बीच सेला झील की ख़ूबसूरती अपने आकर्षण पाश में बांध लेती है। यह झील तिब्बत के बौद्ध धर्म में पवित्र मानी जाने वाली 101 झीलों में से एक है। उजली बर्फ से घिरी ये गहरी नीली झील इतनी ख़ूबसूरत लगती है कि सैलानियों ने इसे 'पैराडाइस लेक' नाम दे दिया है

# बाराबंकी में मंदिर की 1200 बीघा जमीन खुर्द-बुर्द होने का आरोप, मंदिर भूमि पर मदरसा निर्माण की जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी मंदिर की 1200 बीघा जमीन खुर्द-बुर्द होने का आरोप, मंदिर भूमि पर मदरसा निर्माण की जांच की मांग

बाराबंकी। जनपद के थाना जहांगीराबाद क्षेत्र स्थित रमता राम चतुर्भुज मंदिर से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में मंदिर की लगभग 1200 बीघे से अधिक भूमि को कथित रूप से फर्जी तरीके से बेचने, कब्जा कराने तथा उसी जमीन पर मदरसा एवं अन्य व्यावसायिक निर्माण कराए जाने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार रमता राम चतुर्भुज मंदिर प्रदेश के लाखों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। आरोप लगाया गया है कि वर्षों से मंदिर के तथाकथित महंतों और कुछ राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से मंदिर की भूमि धीरे-धीरे बेची जाती रही। शिकायत में कहा गया है कि यह सिलसिला बाबा जगन्नाथ दास के समय से शुरू हुआ और बाद में महंत बने फूल सिंह यादव उर्फ फूल सिंह दास के कार्यकाल में सबसे अधिक जमीनों का हस्तांतरण किया गया।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि मंदिर की कई जमीनें महंत के परिजनों और रिश्तेदारों के नाम दर्ज कराई गईं, जिन पर बाद में प्लाटिंग और बैंक ऋण तक लिए गए। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2011 में मंदिर की बहुमूल्य भूमि कथित रूप से लखनऊ निवासी डॉ. सैय्यद अहमद अरशद और सैय्यद हसन अकबर को बेची गई, जहां बाद में वर्ष 2013 में मदरसे की नींव रखी गई। आरोप है कि बाद में संस्थान का नाम बदलकर ‟दार-अल-अरकम पब्लिक स्कूल" कर दिया गया और उसे बेसिक शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त कराई गई, जबकि वहां मदरसा पाठ्यक्रम संचालित होने का दावा किया गया है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि स्कूल में हिंदू बच्चों का प्रवेश नहीं लिया जाता तथा मदरसे के नाम पर विदेशी फंडिंग प्राप्त की जा रही है। हालांकि इन आरोपों की अभी तक प्रशासनिक स्तर पर पुष्टि नहीं हुई है। प्रार्थना पत्र में मंदिर से जुड़े एक स्वयंभू समिति अध्यक्ष पर भी मंदिर की जमीन पर मैरिज हॉल निर्माण कराने और कथित रूप से भूमि खुर्द-बुर्द करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की जांच उपजिलाधिकारी नवाबगंज एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी से कराई जाए तथा मंदिर की समस्त संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए मंदिर ट्रस्ट का गठन किया जाए।

मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त रुख का हवाला देते हुए कहा है कि यदि सरकार वास्तव में भू-माफियाओं पर कार्रवाई को लेकर गंभीर है तो बाराबंकी के इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। जांच के बाद ही आरोपों की सत्यता स्पष्ट हो सकेगी।

# दंडवत परिक्रमा करने वाले शिवभक्त दर्शन को तरसे, मोटी दक्षिणा वालों का मंदिर में 'विशेष अधिकार'!

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। पुरुषोत्तम मास में आस्था के प्रमुख केंद्र श्रीलोधेश्वर महादेवा धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भीषण गर्मी और तपिश के बावजूद हजारों शिवभक्त दंडवत परिक्रमा करते हुए बाबा भोलेनाथ के दरबार पहुंच रहे हैं, लेकिन व्यवस्थाओं की बदहाली और वीआईपी संस्कृति को लेकर भक्तों में भारी नाराजगी दिखाई दे रही है।

श्रद्धालुओं का आरोप है कि मंदिर में आम शिवभक्तों की अपेक्षा वीआईपी और मोटी दक्षिणा देने वालों को प्राथमिकता दी जा रही है। जैसे ही कोई खास व्यक्ति मंदिर पहुंचता है, गर्भगृह के कपाट बंद कर दिए जाते हैं और अंदर विशेष पूजा-अर्चना कराई जाती है। वहीं, घंटों दंडवत परिक्रमा कर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को ठीक से दर्शन तक नसीब नहीं हो पा रहे हैं। भक्तों का कहना है कि पहले दंडवत परिक्रमा करने वालों को प्राथमिकता के साथ दर्शन कराए जाते थे, लेकिन अब व्यवस्था पूरी तरह बदल चुकी है। आरोप है कि भारी भीड़ के बीच कुछ लोग चटाई बिछाकर समूह में लंबे समय तक पूजा करते रहते हैं, जिससे सामान्य श्रद्धालुओं को सहज दर्शन नहीं मिल पाते। कॉरिडोर निर्माण बना परेशानी का कारण महादेवा कॉरिडोर निर्माण कार्य के चलते मंदिर क्षेत्र में ईंट और मलबा ढोने वाले ट्रैक्टर-ट्रालियों की आवाजाही लगातार जारी है। इससे उड़ रही धूल और



**महादेवा में अव्यवस्था श्रद्धालुओं में गुस्सा**

अव्यवस्थित मार्गों के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मार्गों पर नियमित पानी का छिड़काव कराया जाए तो राहत मिल सकती है। लांबा पूरवा गांव से पक्का तालाब होकर दंडवत परिक्रमा करते हुए आने वाले श्रद्धालुओं को सड़क पर फैली भारी गंदगी से होकर गुजरना पड़ रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस मार्ग पर सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है, जबकि रात के समय यहां प्रकाश की भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। अंधेरे और गंदगी के बीच दंडवत परिक्रमा करना श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत कष्टदायक और जोखिम भरा साबित हो रहा है। रात के समय मुख्य मार्ग छोड़कर अन्य रास्तों पर अंधेरा पसरा रहता है। गर्मी के मौसम में सर्प, बिच्छू और अन्य विषैले जीव-जंतु निकलते हैं, जिससे दंडवत परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

मेला में वसूली, सुविधाएं नदारद

श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया कि मेले के नाम पर जमकर वसूली की जा रही है, लेकिन बदले में मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। कॉरिडोर निर्माण के चलते श्रद्धालुओं के ठहरने की पुरानी व्यवस्थाएं भी समाप्त हो चुकी हैं। पेयजल, विश्राम स्थल और छाया जैसी सुविधाओं का अभाव लोगों को परेशान कर रहा है।

पुरोहित परिवार में भी नाराजगी

मंदिर से जुड़े पुरोहित परिवारों में भी रिसीवर द्वारा लागू ठेका पद्धति को लेकर भारी आक्रोश बताया जा रहा है। आरोप है कि पारंपरिक व्यवस्था को दरकिनार कर मंदिर संचालन में ऐसी व्यवस्थाएं लागू कर दी गई हैं, जिनसे अव्यवस्था और असंतोष बढ़ रहा है।

'प्रशासन से उठी मांग' श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर परिसर और परिक्रमा मार्गों पर पानी का नियमित छिड़काव कराया जाए, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए, गंदगी की तत्काल सफाई कराई जाए तथा पेयजल एवं तालाबों में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं के साथ-साथ जीव-जंतुओं को भी राहत मिल सके। श्रद्धालुओं का कहना है कि बाबा लोधेश्वर की नगरी में यदि आस्था के साथ भेदभाव होगा तो यह न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करेगा, बल्कि व्यवस्थाओं पर भी गंभीर सवाल खड़े करेगा।

## बाढ़ आपदा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल

सूरतगंज बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हेतमापुर में प्रशासन और एनडीआरएफ ने संभावित बाढ़ से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की। डूबते युवक को बचाने और बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने का अभ्यास किया गया। तहसीलदार विपुल सिंह ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की।

## अग्निकांड पीड़ित छात्राओं को मिली शैक्षिक सामग्री

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। शेषपुरटूटरु गांव में अग्निकांड से प्रभावित छात्राओं को ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने नई किताबें, कॉपियां और शैक्षिक सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होने दी जाएगी।

## स्वच्छ भारत मिशन के कूड़ा प्रबंधन केंद्र पड़े निष्क्रिय

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गांवों में लाखों की लागत से बने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बंद पड़े हैं। अधिकांश केंद्रों में कचरा निस्तारण और जैविक खाद निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो सका, जिससे गांवों में गंदगी फैल रही है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 61 ग्रामीणों की जांच

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। डिवाइन धनवन्तरी हॉस्पिटल द्वारा दौलतपुर टेसुआ गांव में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 61 ग्रामीणों का परीक्षण किया गया। मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श और दवाइयां भी वितरित की गईं।

## घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में अकेली युवती से गांव के ही युवक द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता के अनुसार मंगलवार सुबह उसके माता-पिता शादी समारोह में गए थे। इसी दौरान गांव का युवक अशोक कुमार सामान लेने के बहाने घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया। शिकायत की बात कहने पर धमकी देते हुए भाग निकला। परिजनों के लौटने पर युवती ने घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सोनकर ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि की है।

## शारदा सहायक नहर में मिलीं दो लावारिस बाइकें

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के पास शारदा सहायक नहर में गुरुवार को दो लावारिस बाइकें मिलने से हड़कंप मच गया। पानी कम होने पर ग्रामीणों ने नहर में बाइकें देखीं और पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में ले लिया। बाइक नंबरों के आधार पर उनके मालिकों का पता लगाया जा रहा है। थानाध्यक्ष कृष्णकांत सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## अज्ञात महिला का शव बरामद

देवा शरीफ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली देवा क्षेत्र के उमरी गांव के जंगल में गुरुवार सुबह एक अज्ञात महिला का शव मिला। सुबह-सुबह जंगल की ओर गए ग्रामीणों ने शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकरजांच पड़ताल शुरू की। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत और तरह-तरह की चर्चाओं का माहौल है। समाचार प्रेषण तक मृतक की पहचान नहीं हो सकती।

## 26 में से चलेगी डालीगंज एक्सप्रेस

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोविड काल से बंद 'नकहा डालीगंज पैसेंजर' ट्रेन छह वर्षों बाद 26 मई से फिर शुरू होने जा रही है।रेलवे प्रशासन ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं।यह ट्रेन नकहा जंगल से गोंडा घाघरा घाट बुढ़वल बिन्दौरा और बाराबंकी होते हुए लखनऊ के डालीगंज स्टेशन तक चलेगी।ट्रेन बहाल होने से नौकरीपेशा लोगों छात्रों और व्यापारियों समेत रोजाना करीब 1500 से 1700 यात्रियों को राहत मिलेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार संचालन संबंधी सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं और ट्रेन का नोटिफिकेशन जारी हो चुका है।

## रोस्टिंग और अघोषित कटौती से बेहाल ग्रामीण, पूरी रात बिजली गुल रहने से बढ़ा आक्रोश

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भीषण गर्मी और नवतपा के प्रचंड ताप के बीच विद्युत उपकेंद्र मसौली क्षेत्र में लगातार हो रही रोस्टिंग और अघोषित बिजली कटौती ने ग्रामीण उपभोक्ताओं का जीना मुहाल कर दिया है। हर आधे घंटे बाद एक, दो और तीन घंटे की रोस्टिंग के मैसेज देख-देखकर उपभोक्ताओं की रातें कट रही हैं। करीब 12 घंटे की रात में 6 से 7 घंटे तक बिजली गुल रहने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही और गर्मी से लोग बीमार पड़ने लगे हैं। इससे सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति के दावे पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

विद्युत उपकेंद्र मसौली से जुड़े आधा दर्जन फीडरों के माध्यम से करीब दो सौ से अधिक गांवों की लगभग ढाई लाख आबादी को बिजली आपूर्ति की जाती है। लेकिन इन दिनों कभी 33 केवी लाइन फॉल्ट, कभी फीडर ब्रेकडाउन, तो कभी तार टूटने और रोस्टिंग के नाम पर घंटों आपूर्ति बाधित की जा रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि सबसे अधिक परेशानी सूर्यास्त के बाद शुरू होने वाली रोस्टिंग से होती है, जिसका सिलसिला पूरी रात चलता रहता है।

ग्राम मसौली के भूलीगंज निवासी सैफ, कटरा निवासी जावेद, हुसैनगंज निवासी मो. हसन और खालिद ने बताया कि उमसभरी गर्मी में पंखे-कूलर बंद रहने से बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं बड़ागांव निवासी अजमी किदवई ने कहा कि हर आधे घंटे बाद दो से तीन घंटे की रोस्टिंग की जा रही है, जिससे रातभर लोग सो नहीं पा रहे। मोहित यादव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा किया जाता है, लेकिन वर्तमान में मुश्किल से 7-8 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। उपभोक्ता मायाराम यादव ने कहा कि यदि कटौती का समय निर्धारित हो तो लोग अपने काम उसी हिसाब से कर लें, लेकिन अचानक बिजली जाने से दिक्कतें बढ़ रही हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक बुधवार रात 8:30 बजे से 10:30 बजे तक रोस्टिंग रही। इसके बाद मात्र 15 मिनट बिजली आने के बाद फिर दो घंटे की कटौती कर दी गई।

# घटिया ईंटों से बन रही खण्डजा सड़क पर ग्रामीणों का हंगामा, शिकायत की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के पासिनपुरवा गांव में जिला पंचायत द्वारा बनवाई जा रही 700 मीटर खण्डजा सड़क निर्माण में अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर मानकों की अनदेखी कर घटिया ईंटों के प्रयोग का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में इस्तेमाल की जा रही ईंटें बेहद कमजोर और निम्न गुणवत्ता की हैं। आरोप है कि ईंटों की वास्तविक स्थिति छिपाने के लिए उन्हें बिछाने के तुरंत बाद ऊपर से मिट्टी डालकर ढक दिया जा रहा है।

मामले की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान संजय सिंह ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का विरोध जताया। उन्होंने कहा कि सरकारी धन का दुरुपयोग कर घटिया निर्माण कराया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



ग्राम प्रधान ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर सड़क से खराब ईंटें नहीं हटाई गईं, तो जिलाधिकारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

उधर, जिला पंचायत के अवर अभियंता अनिल सिंह ने स्वीकार किया कि कुछ ईंटें मानक के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी ईंटों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए हैं तथा ठेकेदार को मिट्टी डालकर खण्डजा ढकने से भी मना कर दिया गया है।

# शिक्षिका पूजा पाण्डेय राज्य स्तरीय कार्यशाला में सम्मानित




कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। मिशन शिक्षण संवाद की वाराणसी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में शिक्षिका पूजा पाण्डेय को उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनके सम्मान पर क्षेत्र में खुशी जताई गई।विकासखंड निंदूरा क्षेत्र की शिक्षिका पूजा पाण्डेय को वाराणसी में आयोजित मिशन शिक्षण संवाद की राज्य स्तरीय कार्यशाला में सम्मानित किया गया। उन्हें विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट सहयोग देने तथा विद्यालय के बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित कराने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक वाराणसी हेमंत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी अनुराग श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद मनोज कुमार बोस तथा मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार ने शिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त होने पर क्षेत्र के शिक्षकों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने खुशी जताई। शिक्षिका पूजा पाण्डेय ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर निंदूरा क्षेत्र का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया है। इससे पहले भी शिक्षिका उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित हुई है।

# भ्रष्टाचार और भूमाफियाओं से सांठगांठ के आरोपों पर भड़का किसान आक्रोश, भाकियू भानु ने किया तहसील घेराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन भानु द्वारा गुरुवार को रामनगर तहसील का जोरदार घेराव किया गया। मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में सैकड़ों किसानों, युवाओं एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों का आरोप था कि भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और किसानों के उत्पीड़न के मामलों में प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध रही है, जिससे क्षेत्र में भारी जनाक्रोश व्याप्त है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संगठन के राष्ट्रीय महासचिव कुँवर उदेन्दु प्रताप सिंह उर्फ आशु चौधरी ने कहा कि किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा, महंगाई लगातार बढ़ रही है और भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि रामनगर के एसडीएम द्वारा किसानों एवं



आम जनता के साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जिसके विरोध में संगठन ने तत्काल निलंबन और उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि एसडीएम सदर रहते हुए भूमाफियाओं से सांठगांठ कर सरकारी भूमि, शत्रु संपत्ति और सार्वजनिक जमीनों पर अवैध प्लाटिंग एवं निर्माण कराए गए, जिससे भारी संपत्ति अर्जित की गई। इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए ईओडब्ल्यू एवं एसआईटी जांच, चल-अचल संपत्तियों की जांच और नार्को टेस्ट कराने की मांग की गई है। साथ ही शिकायतकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई। आशु चौधरी ने ‟एक समान शिक्षा और एक समान स्वास्थ्य व्यवस्था" लागू करने की आवश्यकता बताते हुए शिक्षा माफियाओं के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया। उन्होंने किसानों से संगठित होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में एसडीएम रामनगर एवं पूर्व एसडीएम नवाबगंज पर भ्रष्टाचार, अवैध वसूली, भूमाफियाओं से गठजोड़ और प्रशासनिक दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए गए। ज्ञापन में कहा गया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। घेराव कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता दीपक सिंह, प्रदेश महामंत्री खालिद खान, प्रदेश महासचिव रणवीर सिंह, युवा मंडल अध्यक्ष सोनू शर्मा, पवन शर्मा, बंशीलाल, गौरव वर्मा, संतोष वर्मा, बबलू वर्मा, शेष कुमार, हर्ष सिंह, पवन वर्मा, संदीप सिंह, अर्जुन विश्वकर्मा, मनीष पटेल, हंसराज वर्मा, मोहित वर्मा, पंकज वर्मा, वाजिद अली, बब्बू सिंह, शुभम गुप्ता, शहाबुद्दीन, लाल मोहम्मद, रेशमा बानो, गुफरान, उत्कर्ष सिंह, अशरफ सहित हजारों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

## ड्रोन तकनीक से खेती में नई क्रांति, सीमैप ने कराया नैनो यूरिया का छिड़काव

मसौली बाराबंकी। खेती-किसानी में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीएसआईआर-सीमैप द्वारा हालीआन प्रोजेक्ट के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम चंदनपुरवा और नसीरनगर में किसानों के खेतों पर कृषि ड्रोन से नैनो यूरिया, फ़ेरस सल्फ़ेट तथा सिलिकॉन बेस्ड स्टिकर का छिड़काव कराया गया। ड्रोन तकनीक से कम समय में अधिक क्षेत्र में दवा के छिड़काव को देखकर किसान काफी उत्साहित नजर आए। आई ड्रोन पायलट अनीस अली, हिमांशु सिंह और दिवंशी ने हालीआन प्रोजेक्ट से जुड़े किसानों के खेतों में ड्रोन के माध्यम से स्प्रे किया। इस दौरान लीड किसान ऋषि यादव, अजय यादव और कमलापति यादव सहित सीएसआईआर-सीमैप के शोधार्थी मयंक श्रीवास्तव, अंकुल वर्मा, धर्मेन्द्र सिंह वर्मा और अमरेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। किसानों ने बताया कि ड्रोन तकनीक से समय, पानी और कीटनाशकों की काफी बचत होती है तथा कम मेहनत में बेहतर परिणाम मिलते हैं। किसानों ने इस पहल के लिए सीएसआईआर-सीमैप के निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी एवं प्रोजेक्ट प्रमुख वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजेश कुमार वर्मा का आभार जताया।

# ईशान के आते ही बदली महादेवा कॉरिडोर की तस्वीर टूटी एक साल की सुस्ती : महंत बी.पी दास 'बाबा जी'

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी।श्रीलोधेश्वर महादेवा धाम में 48.79 करोड़ की लागत से बनने वाले भव्य महादेवा कॉरिडोर ने आखिरकार रफ्तार पकड़ ली है। अप्रैल 2026 में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के बाराबंकी में कार्यभार ग्रहण करने के महज एक माह के एक ही करीब एक साल से धीमी चल रही परियोजना पटरी पर लौट आई है।

जमीन पर दिखा बदलाव:पर्यटन विभाग की इस परियोजना के लिए राजस्थान से नक्काशीदार पत्थरों की पहली खेप पहुंच चुकी है। इनसे कॉरिडोर का मुख्य प्रवेश द्वार बनाया जा रहा है। साइट पर अब जेसीबी, क्रेन और मजदूरों की सक्रियता साफ दिख रही है।

एक साल क्यों लगा, एक माह में कैसे बदला:

महादेवा कॉरिडोर को वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले मंजूरी मिली थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस महत्वाकांक्षी और स्वर्णिम योजना को धरातल पर उतारने में तत्कालीन जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उनके कार्यकाल में परियोजना की रूपरेखा तैयार कराने, विभागीय समन्वय स्थापित करने, भूमि संबंधी प्रक्रियाओं को गति देने तथा प्रशासनिक स्तर पर मजबूत आधार तैयार करने का कार्य प्रभावी ढंग से हुआ, जिससे महादेवा कॉरिडोर योजना को वास्तविक स्वरूप मिल सका। हालांकि डीएम सत्येंद्र कुमार के कार्यकाल में जनपद में एक के बाद एक कई विकास परियोजनाएं धरातल पर उतरीं। गांव से लेकर शहर तक सड़कों का चौड़ीकरण एवं जाल बिछा और प्रशासनिक कार्यशैली ने आमजन के बीच भरोसे का वातावरण बनाया। कम समय में अपनी कार्यकुशलता, संवेदनशीलता और परिणाममुखी कार्यप्रणाली के चलते वह जनपद के सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारियों में गिने जाने लगे। कहते हैं कर्म ही पूजा है, और शायद यही सत्य उन्हें बाबा भोलेनाथ की नगरी काशी तक ले गया। उनके स्थानांतरण के बाद मानों बाराबंकी की विकास रफ्तार कुछ ठहर सी गई और महादेवा कॉरिडोर योजना भी धीमी पड़ती नजर आई। लेकिन आस्था और विश्वास के केंद्र महादेवा धाम पर भोलेनाथ की दृष्टि एक बार फिर पड़ी। समय ने करवट ली और जनपद को नए जिलाधिकारी के रूप में ईशान प्रताप मिले। प्रशासनिक सक्रियता और तेज कार्यशैली के साथ उन्होंने महादेवा कॉरिडोर परियोजना को पुनः गति देने का कार्य शुरू किया। मान्यता है कि त्रिलोकीनाथ जिसे अपना मान लेते हैं, उसी से अपनी सेवा का कार्य कराते हैं। महादेवा धाम के पुनरोत्थान की दिशा में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह जिस प्रतिबद्धता और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहे हैं, उसे देखकर यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि वह भी उसी राह पर चल पड़े हैं, जहां विकास केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि आस्था और जनभावना का संकल्प बन जाता है।

आगे का लक्ष्य:- पर्यटन विभाग दिसंबर 2026 तक प्रवेश द्वार, परिक्रमा पथ और श्रद्धालु सुविधा केंद्र पूरा करने के लक्ष्य के साथ काम कर रहा है।

# आरसीबी की निगाहें शीर्ष स्थान पर, सनराइजर्स हैदराबाद की कोशिश पहले क्वालीफायर में जगह बनाने पर

एजेंसी




हैदराबाद। गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब शुक्रवार को यहां अपने आखिरी आईपीएल लीग मैच में आमने-सामने होंगी तो दोनों की कोशिश शीर्ष दो में जगह बनाने की होगी।

आरसीबी अभी अंक तालिका में 18 अंक लेकर शीर्ष पर है और 10 टीम में उसका नेट रन रेट 1.065 सबसे अच्छा है। शुक्रवार को जीत उसे पहला स्थान और फाइनल में पहुंचने के दो मौके दिला देगी। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद 13 मैच में 16 अंक से तीसरे स्थान पर है और गुजरात टाइटन्स के बराबर है, लेकिन नेट रन रेट के मामले में पीछे है। सनराइजर्स हैदराबाद का नेट रन रेट 0.350 है जबकि गुजरात टाइटन्स का 0.400 है। शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए उसे आरसीबी को बड़े अंतर से हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि चेन्नई सुपर किंग्स की टीम गुजरात टाइटन्स को हरा दे। कप्तान रजत पाटीदार की अगुवाई में आरसीबी ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। विस्फोटक बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी के मेल से आरसीबी ने लगातार दूसरे सत्र में खुद को खिताब के दावेदार के तौर पर साबित किया है। करिश्माई खिलाड़ी विराट कोहली ने शीर्ष क्रम में अपनी निरंतरता को नए सिरे से परिभाषित करना जारी रखा है और 13 मैच में 542 रन बनाए हैं। वहीं, देवदत्त पडिक्कल का सत्र भी अच्छा रहा है। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड की जोड़ी ने भी आरसीबी की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। भुवनेश्वर इस सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में से एक रहे हैं और नयी गेंद से लगातार कमाल दिखाते रहे हैं। वहीं, हेज़लवुड ने अहम मौकों पर असरदार स्पैल डाले हैं। कृणाल पंड्या ने भी अपने हरफनमौला प्रदर्शन से प्रभावित किया है और विविधता भरी गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान किया है। लेग-स्पिनर सुयश शर्मा और ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड ने भी योगदान दिया है। आरसीबी की टीम इस सत्र में उतार-चढ़ाव देखने वाली सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ प्रबल दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगी। जब सनराइजर्स हैदराबाद ने लगातार पांच मैच जीते तो ऐसा लग रहा था कि उसने लय वापस हासिल कर ली है लेकिन पिछले चार में से दो मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। सनराइजर्स हैदराबाद के पास इस टूर्नामेंट में सबसे खतरनाक बल्लेबाजी लाइन-अप में से एक है। अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ी किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने की क्षमता रखते हैं।

# आईपीएल : मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर लगा मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

एजेंसी



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर आचार संहिता उल्लंघन के चलते 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान के अनुसार यह मामला बुधवार को ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले के दौरान सामने आया। हार्दिक पांड्या को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, कपड़ों, मैदान के उपकरण या फिटिंग्स के दुरुपयोग से संबंधित है। यह घटना दूसरी पारी के 10वें ओवर की चौथी गेंद के बाद हुई, जब हार्दिक रन-अप पर लौटते समय गुस्से में विकेट की बेल्स को जोर से मारते नजर आए। मैच रेफरी राजीव सेठ ने इस पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया। हार्दिक ने अपनी गलती स्वीकार कर सजा भी मान ली। केकेआर ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हराया। इस मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 147/8 का स्कोर बनाया। मुंबई के लिए हार्दिक पंड्या ने 26 रन, तिलक वर्मा ने 20 रन और कॉर्बिन बॉश ने 18 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 18.5 ओवर में 148/6 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। केकेआर की ओर से मनीष पांडे ने 33 गेंदों पर 45 रन की अहम पारी खेली, जबकि रोवमैन पॉवेल ने 40 रन बनाए। दोनों के बीच 64 रन की साझेदारी ने मैच का रुख बदल दिया। रिंकू सिंह ने नाबाद 9 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। गेंदबाजी में कॉर्बिन बॉश ने मुंबई के लिए 3 विकेट लिए, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके। मनीष पांडे को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# सुपर शतरंज क्लासिक : प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला, अलीरजा हटे

एजेंसी



बुकारेस्ट (रोमानिया)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को रोमानिया के खिलाड़ी डियाक बोगदान डेनियल ने ड्रॉ पर रोक दिया जबकि फ्रांस के अलीरजा फिरौजा ने छठे दौर में आखिरकार ग्रैंड शतरंज टूर के सुपर शतरंज क्लासिक से हटने का फैसला किया। टखने की चोट के बावजूद दो गेम खेलने वाले अलीरजा ने फैसला किया कि उनके लिए आगे खेलना संभव नहीं है और दस खिलाड़ियों वाले नौ दौर के इस टूर्नामेंट के आराम के दिन उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया। फिरोजा के हटने से जर्मनी के विंसेंट कीमर को फायदा हुआ क्योंकि इस दौर में 'वॉक ओवर' मिलने के बाद उन्होंने अपनी बढ़त को पूरे एक अंक तक बढ़ा लिया। जबकि बाकी सभी गेम ड्रॉ रहे, कीमर 4.5 अंक के साथ अकेले शीर्ष पर बरकरार हैं। वह हॉलैंड के जोर्डन वैन फॉरेस्ट और अनीश गिरी, शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका के फैबियानो कारुआना और प्रज्ञानानंदा से पूरे एक अंक आगे हैं जिनके 3.5 अंक हैं। फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव और वेस्ली तीन-तीन अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे स्थान पर हैं जबकि विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव 2.5 अंक के साथ उनके ठीक पीछे हैं। रोमानियाई खिलाड़ी डियाक बोगदान डेनियल दो अंकों के साथ नौवें स्थान पर हैं और फिरोजा ने पांच गेम खेलकर एक अंक के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

# विश्व कप जीतने को आदत बनाना चाहती है भारतीय महिला क्रिकेट टीम : हरमनप्रीत कौर

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) महिला टी-20 विश्व कप से पहले बड़ा बयान देते हुए कहा है कि भारतीय टीम अब सिर्फ एक बार विश्व कप जीतकर संतुष्ट नहीं है, बल्कि वह विश्व कप जीतने को अपनी आदत बनाना चाहती है। हरमनप्रीत ने कहा कि आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की जीत भारतीय महिला क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक पल थी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक ट्रॉफी जीतना नहीं था, बल्कि इसने देश की युवा लड़कियों को यह भरोसा दिलाया कि वे भी दुनिया के सबसे बड़े मंच तक पहुंच सकती हैं।हरमन ने गुरुवार को आईसीसी के हवाले से कहा, ल्ल2025 विश्व कप की जीत ने हमें आत्मविश्वास दिया, लेकिन वह सिर्फ शुरुआत थी। अब हमारी कोशिश है कि जीत हमारी पहचान बने। उस सफलता के बाद जिम्मेदारियां और उम्मीदें दोनों बढ़ी हैं। दबाव जरूर है, लेकिन यह सकारात्मक दबाव है। भारतीय कप्तान ने बताया कि टीम ने टी-20 विश्व कप की तैयारी विश्व कप 2025 जीतने के तुरंत बाद शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया टी20 श्रृंखलाओं ने टीम को अपनी कमियों और मजबूती को समझने का मौका दिया।हरमनप्रीत ने टीम प्रबंधन और बीसीसीआई की तैयारियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हुए प्रशिक्षण शिविरों से टीम को काफी फायदा मिला है। उन्होंने कहा, हमारी टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का बेहतरीन संतुलन है। खिलाड़ियों में निडरता है और जीत की भूख भी। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) ने भारतीय महिला क्रिकेट को नई दिशा दी है। इस लीग ने नए खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने और दबाव झेलने का अनुभव दिया।ङ्क हरमनप्रीत ने टीम के माहौल को भी खास बताया। उन्होंने कहा कि सहयोगी स्टाफ ने ड्रेसिंग रूम में बेहद सकारात्मक वातावरण बनाया है, जिससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने 2017 विश्व कप की यादों को भी साझा किया, जब इंग्लैंड में उनके 171 रन की पारी ने भारतीय महिला क्रिकेट को नई पहचान दिलाई थी।उन्होंने कहा, 2017 विश्व कप मेरे जीवन का अहम मोड़ था।

## अष्मिता चालिहा मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

कुआलालंपुर। अष्मिता चालिहा मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि भारत के बाकी खिलाड़ी हारकर बाहर हो गए । अष्मिता ने मलेशिश की गोह जिन वेइ को 21-13, 21-16 से हराया। अब उनका सामना आठवीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क की लाइन होजमार्क जाएर्सफ़ेल्ट से होगा जिन्होंने भारत की मालविका बंसोड़ को करीब एक घंटे तक चले मुकाबले में 21-16, 8-21, 15-21 से हराया । महिला एकल वर्ग के एक अन्य मुकाबले में थाईलैंड मास्टर्स चैम्पियन देविका सिहाग को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की चेन युफ़ेइ ने 21-16, 21-13 से हराया। मिश्रित युगल में भाग के सात्विक कनापुरम और राधिका शर्मा भी अमेरिका के प्रेसले स्मिथ और जेनी गेइ से 12-21, 25-27 से हार गए। पुरूष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और एम आर अर्जुन को चीन के हू कि युआन और लिन शियांग ने 21-14, 21-15 से हराया ।

# लक्ष्य और प्रणय बाहर, मालविका अशिमता और देविका दूसरे दौर में

एजेंसी



कुआलालंपुर, 20 मई (भाषा) भारत के लिए मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में निराशाजनक दिन में मालविका बंसोड़, अश्मिता चालिहा और देविका सिहाग ही उम्मीद की किरण बनकर उभरीं जिन्होंने महिला एकल में अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज करते हुए दूसरे दौर में जगह बनाई। एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) चोट से उबरने के बाद वापसी कर रही मालविका ने जर्मनी की दुनिया की 52वें नंबर की खिलाड़ी यवोन ली को 21-17, 16-21, 21-9 से शिकस्त दी। वहीं अश्मिता ने इंडोनेशिया की दुनिया की 56वें ??नंबर की खिलाड़ी थालिता रमाधनी विरियावान पर 21-16, 21-13 से आसान जीत दर्ज की। अब मालविका डेनमार्क की आठवीं वरीय लाइन होजमार्क कजर्सफ़ेल्ट से भिड़ेंगी जबकि अश्मिता का सामना मलेशिया की गोह जिन वेई से होगा। इस साल फरवरी में थाईलैंड मास्टर्स जीतने वाली देविका सिहाग ने कोरिया की पार्क गा युन को 19-21, 21-18, 21-19 से हराया। सात्विक रेड्डी कनापुरम और राधिका शर्मा ने स्कॉटलैंड के अलेक्जेंडर डन और जूली मैकफर्सन की जोड़ी को 16-21, 21-14, 21-18 से हराकर मिश्रित युगल के अगले दौर में जगह बना ली है। पुरुष एकल में भारत के सबसे होनहार खिलाड़ी और आठवें वरीय लक्ष्य सेन को इंडोनेशिया के दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद जकी उबैदुल्लाह के खिलाफ 17-21, 11-21 से उलटफ़ेर का सामना करना पड़ा जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। फिर 2023 एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एच एस प्रणय को भी जापान के छठे वरीय कोदाई नाराओका के खिलाफ 80 मिनट तक चले मुकाबले में 17-21, 22-20, 22-24 से हार का सामना करना पड़ा। किरण जॉर्ज फ्रांस के सातवें वरीय एलेक्स लानियर के खिलाफ 15-21, 1-6 से पिछड़ने के बाद रिटायर हो गए। भारत के तरुण मन्नेपल्ली ने एक गेम की बढ़त गंवा दी और चीनी ताइपे के वांग पो-वेई से 21-17, 14-21, 8-21 से हार गए।

# एस्टन विला ने यूरोपा लीग जीती, टीम का 30 साल का ट्रॉफी का सूखा खत्म हुआ

एजेंसी

इस्तांबुल। एस्टन विला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां फ्रीबर्ग को 3-0 से हराकर यूरोपा लीग खिताब जीत लिया और 30 साल से चले आ रहे ट्रॉफी के सूखे को समाप्त किया। विला के समर्थक प्रिंस विलियम ने मैच खत्म होने की सीटी बजते ही जीत का जोर शोर से जश्न मनाया। 1996 के इंग्लिश लीग कप के बाद यह पहला मौका था जब एस्टन विला ने कोई बड़ा खिताब जीता है। इंग्लैंड के भावी 'किंग' के सामने एस्टन विला के मैनेजर उनाई एमरी ने यूरोपा लीग के राजा के तौर पर अपना दर्ज़ा फिर से साबित कर दिया। एमरी का यह रिकॉर्ड पांचवां खिताब है। एस्टन विला की पिछली बड़ी ट्रॉफी 1996 में इंग्लिश लीग कप थी। क्लब ने 1982 में यूरोपीय कप और फिर सुपर कप जीता था। इस तरह पहली बार यूरोपीय कप जीतने के बाद यह ट्रॉफी 44 साल बाद मिली। पहले हाफ में यूरी टिलेमैन्स और एमी बुएंडिया के शानदार गोल ने एस्टन विला को मैच में दबदबा बनाने में मदद की। जिसके बाद मॉर्गन रोजर्स के गोल ने टीम को दूसरा मेजर यूरोपीय खिताब दिला दिया। 1982 की उस टीम के नौ सदस्य स्टेडियम में मौजूद थे और उन्होंने उनाई एमरी को अपना पांचवां यूरोपा लीग खिताब जीतते हुए देखा। एमरी ने नवंबर 2022 में स्टीवन जेरार्ड की जगह ली थी, उस समय विला 'रेलिगेशन जोन' से सिर्फ तीन अंक ऊपर था। स्पेनिश कोच एमरी ने टीम को बदलकर शीर्ष पांच दावेदारों में शामिल कर दिया और अब, उसे एक यूरोपीय चैंपियन बना दिया है। एमरी ने 2014-16 तक सेविल्ला के साथ लगातार तीन साल और फिर 2021 में विलारियाल के साथ यह खिताब जीता। अब उन्होंने 'विला' नाम वाली तीसरी टीम को खिताब तक पहुंचाया है। जर्मनी की टीम फ्रीबर्ग 10 साल पहले दूसरे डिवीजन में खेल रही थी लेकिन अपने पहले यूरोपीय फाइनल में पूरी तरह से पिछड़ गई।

# दिग्गज नौकायन कोच बेग एशियाई खेलों के कोचिंग ढांचे का हिस्सा नहीं



एजेंसी

नयी दिल्ली। लंबे समय से नौकायन (रोइंग) कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता इस्माइल बेग अब राष्ट्रीय टीम का हिस्सा नहीं हैं और इस अनुभवी कोच ने इसे 'चौंकाने वाला' बताया है। कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और पिछले सात एशियाई खेलों में भारत के पदक जीतने के सफर में अहम भूमिका निभाने वाले बेग 2023 हांगझोऊ एशियाई खेलों में भी नौकायन कोच थे और उनके मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने दो रजत और तीन कांस्य सहित पांच पदक जीते। बेग ने बताया, ''मैं (2026) एशियाई खेलों के लिए राष्ट्रीय टीम का हिस्सा नहीं हूं। बेग को देश का सबसे सफल नौकायन कोच माना जाता है। उन्होंने कहा कि केवल राष्ट्रीय महासंघ ही यह बता सकता है कि उन्हें कोचिंग स्टाफ से बाहर क्यों रखा गया। भारतीय नौकायन महासंघ (आरएफआई) के अध्यक्ष बालाजी मराडप्पा ने पुष्टि की कि बेग 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक आइची नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए कोचिंग ढांचे का हिस्सा नहीं हैं। बालाजी ने कहा, ''यह सच है कि बेग एशियाई खेलों की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''बदलाव तो होना ही है। हमें आगे बढ़ना था, वह 23 साल से कोच थे। उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है३ इसमें कोई शक नहीं है। उन्होंने बहुत कुछ किया है। लेकिन आज हम देख रहे हैं कि कहीं ना कहीं ठहराव आ गया था इसलिए हमने सोचा कि हमें कुछ बदलाव करके देखना चाहिए। बालाजी ने कहा, ''हमने सोचा कि आगे बढ़ने के लिए हमारे पास कोई विदेशी कोच होना चाहिए क्योंकि हम हमेशा एशियाई खेलों या एशियाई चैंपियनशिप के स्तर पर ही नहीं रह सकते। 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक और भारत सरकार द्वारा कई चीजों को बढ़ावा देने की कोशिशों को देखते हुए और एलए2028 पर नजर रखते हुए हमें अपना स्तर और ऊपर उठाना होगा तथा थोड़ा और आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा, ''हमने वियतनाम में हुई पिछली एशियाई चैंपियनशिप में 10 पदक जीते थे। सभी पुरुष खिलाड़ी (ऑस्ट्रेलियाई कोच एंथनी) पैटरसन के मार्गदर्शन में खेले। बेग ने कहा कि एशियाई खेलों से पहले होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए उन्हें नजरअंदाज किया गया है लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि महासंघ की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिलने की वजह से वह अब भी राष्ट्रीय कोच बने हुए हैं। बेग ने कहा, ''उन्होंने (महासंघ ने) अब तक मुझे एशियाई खेलों के शिविर के लिए नहीं बुलाया है। बिना बुलाए मैं राष्ट्रीय शिविर में कैसे शामिल हो सकता हूं? उन्होंने कहा, ''मैं सात एशियाई खेलों में जा चुका हूं। मेरे लिए यह बहुत चौंकाने वाली बात है लेकिन (महासंघ में) कोई भी मुझे कोई जवाब नहीं दे रहा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने महासंघ से इस बारे में कोई सफाई मांगी है तो बेग ने कहा कि उन्हें ऐसा करने की कोई वजह नजर नहीं आती।

# दो दिनों की गिरावट के बाद कच्चे तेल का भाव 106 डॉलर प्रति बैरल के पार


एजेंसी



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान को लेकर जारी चिंताओं के बीच दो दिनों की गिरावट के बाद कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल का भाव 106 डॉलर के पार पहुंच गई। आज कारोबार के दौरान अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.52 डॉलर यानी 1.45 फीसदी बढ़कर 106.54 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.53 डॉलर यानी 1.56 फीसदी की बढ़त के साथ 99.78 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि कच्चे तेल के भाव में ये बदलाव ईरान-अमेरिका युद्ध में संघर्ष-विराम को लेकर बनी आशंकाओं के बीच आया है। अमेरिका में कच्चे तेल की आपूर्ति और इसके भंडार में आई भारी गिरावट ने घटते भंडारों को लेकर नई अनिश्चितता पैदा कर दी है। पश्चिम एशिया संकट से पहले होर्मुज़ जलडमरूमध्य से वैश्विक तेल और ऊर्जा आपूर्ति का 20 फीसदी से अधिक हिस्सा गुज़रता था, जो 28 फरवरी के बाद से लगभग पूरी तरह से ठप पड़ गया है।

# भारत कम से कम 25 वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा: गोयल

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और अमेरिका स्वाभाविक साझेदारों के रूप में काम कर रहे हैं, उनमें पूरकता और विश्वास है। उन्होंने कहा कि भारत कम से कम अगले 25 वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। गोयल ने नई दिल्ली में 'अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स' (एमचैम) के वार्षिक नेतृत्व शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच की साझेदारी आपसी विश्वास और साझा आर्थिक हितों से और अधिक मजबूत होती है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री कहा कि भारत और अमेरिका 'स्वाभाविक साझेदार' के तौर पर काम कर रहे हैं और वे प्रौद्योगिकी नवाचार, उच्च-सटीकता रक्षा, डिजिटल डेटा केंद्र, क्वांटम कंप्यूटिंग और चिकित्सा उपकरणों सहित विभिन्न क्षेत्रों में एक-दूसरे के पूरक हैं। गोयल ने कहा कि पिछले छह महीनों में अमेरिकी उद्योग से मिली प्रतिबद्धताओं का अनुमान 60 अरब डॉलर से अधिक है, जिसमें अमेजन और गूगल जैसी कंपनियों के बड़े निवेश भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक कंपनियों के लिए एक भरोसेमंद ढांचा प्रदान करता है और बाजार के अवसरों का ऐसा अनूठा मेल प्रस्तुत करता है, जिसकी दुनिया में कोई मिसाल नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका एक भरोसेमंद साझीदार की तलाश में है और भारत ने लगातार बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति सम्मान दिखाया है। उन्होंने कहा कि भारत के पास कुशल प्रतिभाओं का एक विशाल भंडार है और यह 1.4 अरब महत्वाकांक्षी भारतीयों की मांग को एक साथ लाकर बढ़ती आय और बढ़ते मध्यम वर्ग के ज़रिए अमेरिकी नवाचार को बड़े पैमाने पर विस्तार प्रदान करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार 'भव्य' योजना के माध्यम से औद्योगिक विकास के लिए एक क्षेत्र-आधारित दृष्टिकोण भी अपना रही है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में 100 नए औद्योगिक पार्क स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि यह मॉडल औद्योगिक बुनियादी ढांचे को श्रमिकों के आवास, मनोरंजन और सामाजिक सुविधाओं के साथ एकीकृत करता है, ताकि एक समग्र औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया जा सके। गोयल ने व्यवसायों और निवेशकों से आग्रह किया कि वे वर्तमान से आगे देखें और भारत तथा उसके लोगों की क्षमताओं, प्रतिभा, आकांक्षाओं और फुर्ती को पहचानें।

# शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले आरोपी का पक्ष सुनना जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कहा है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के तहत किसी आपराधिक शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले आरोपी का पक्ष सुनना अनिवार्य है। शीर्ष अदालत ने यह भी साफ किया है कि पक्ष सुने बगैर ही शिकायत पर संज्ञान लेकर समन जारी करने का आदेश शुरू से ही अमान्य माना जाएगा। जस्टिस एमएम सुंदरेश और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने धनशोधन मामले में उत्तराखंड हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ आरोपी की अपील को स्वीकार करते हुए यह फैसला दिया। पीठ ने अपने फैसले में कहा है कि 'बीएनएसएस की धारा धारा 223 (1) का पहला परंतुक, जो किसी शिकायत मामले में संज्ञान लेने से पहले आरोपी को सुनवाई



का अवसर देना अनिवार्य बनाता है, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार से उत्पन्न एक ठोस सुरक्षा उपाय है और यदि इसका पालन नहीं किया जाता है तो संज्ञान लेने का आदेश शुरू से ही अमान्य माना जाएगा।'

पीठ ने यह भी साफ कर दिया कि 'आरोपी को इस अनिवार्य प्रावधान का पालन नहीं होने से हुए किसी नुकसान को साबित करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह दोष केवल एक प्रक्रियात्मक अनियमितता न होकर एक ऐसी अवैधता है जो पूरी कार्यवाही को ही दूषित कर देती है।' शीर्ष अदालत ने धनशोधन के मामले में परविंदर सिंह की अपील को स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट और विशेष अदालत के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लिया गया था। यह मामला जुलाई 2023 में अपीलकर्ता परविंदर सिंह के खिलाफ ईडी द्वारा दर्ज शिकायत पर संज्ञान लेने से जुड़ा था। केंद्रीय एजेंसी ने पीएमएलए की धारा 44 और 45 के तहत अपनी अभियोजन शिकायत दायर की थी। यह शिकायत 1 जुलाई, 2024 को बीएनएसएस लागू होने से पहले दायर की गई थी, लेकिन विशेष अदालत ने 2 जुलाई, 2024 को आरोपी की सुनवाई किए बिना ही इस पर संज्ञान ले लिया था। पक्ष सुने बगैर संज्ञान लेने के खिलाफ आरोपी ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी।

### सभी हाईकोर्ट को ऑनलाइन सुनवाई का निर्देश दिया है : सीजेआई

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने देश भर के सभी हाईकोर्ट को ऑनलाइन सुनवाई करने का निर्देश दिया है और उनमें से अधिकतर ने इसे लागू कर दिया है। सीजेआई ने यह टिप्पणी तब की जब एक वकील ने मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष एक याचिका दाखिल की जिसमें दिल्ली की सभी अदालतों को अपना कामकाज ऑनलाइन माध्यम से करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मैं पहले ही मुख्य न्यायाधीशों से अनुरोध कर चुका हूं। अधिकतर ने इसे लागू कर दिया है। यह बार और पीठ दोनों की स्वैच्छिक प्रक्रिया होनी चाहिए। वकील ने सर्वोच्च अदालत को बताया कि अपनी याचिका में उन्होंने राष्ट्रहित में सभी जिला अदालतों को तीन महीने तक ऑनलाइन सुनवाई करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि 'जिला अदालत हाईकोर्ट के अधिकार क्षेत्र में आती हैं। उन्हें इस पर निर्णय लेने दीजिए... मैंने उनसे जिला अदालतों के लिए भी अनुरोध किया है।' सोमवार को सीजेआई सूर्यकांत ने सभी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों से पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर अनावश्यक खर्च को कम करने के लिए फिलहाल सोमवार और शुक्रवार को ऑनलाइन सुनवाई करने का अनुरोध किया था। पश्चिम एशिया संकट के कारण अनावश्यक खर्चों में कटौती करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद यह कदम उठाया गया है।

# झारखंड में 27 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

रांची। झारखंड की राजधानी रांची के धुर्वा स्थित पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को एक साथ 27 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों ने बड़ी संख्या में हथियार और कारतूस भी पुलिस को सौंपे हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के 25 और झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के दो सदस्य शामिल हैं। इनमें आठ पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इन सभी के खिलाफ कुल 426 मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। इन्होंने आधुनिक हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद भी पुलिस को सौंपा है। इनमें लाइट मशीन गन (एलएमजी), 5 इंसास राइफल, 9 एसएलआर राइफल, एक बोल्ट-एक्शन राइफल, एक पिस्टल, 31 मैगजीन, 3000 राउंड जिंदा कारतूस शामिल हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति के तहत जो भी सुविधाएं और सहायता देनी होगी, उसे सुनियोजित तरीके से पूरा किया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि झारखंड पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), झारखंड जगुआर और सभी खुफिया एजेंसियों ने मिलकर लगातार अभियान चलाया, जिसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह संयुक्त और व्यापक अभियान जारी रहेगा, ताकि झारखंड पूरी तरह नक्सल मुक्त बन सके।

अपर पुलिस महानिदेशक मनोज कौशिक ने कहा कि आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि 27 माओवादी मुख्यधारा में लौट रहे हैं। इन्होंने हिंसा और हथियार का रास्ता छोड़कर शांति और विकास का रास्ता चुना है, जिसका स्वागत है। सीआरपीएफ आईजी साकेत सिंह ने कहा कि आज का यह आत्मसमर्पण झारखंड पुलिस, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और कोबरा जवानों की लगातार मेहनत और जोखिम भरे अभियानों का परिणाम है। पिछले छह महीनों में सुरक्षा बलों ने जंगलों के भीतर 21 नए फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस स्थापित किए, जिससे नक्सलियों की गतिविधियों पर काफी अंकुश लगा।

# भारतीय नौसेना के पहले एनजीओपीवी 'संघमित्रा' का हुआ जलावतरण

एजेंसी

कोलकाता। भारत की समुद्री सुरक्षा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए गार्डेन रीच शिप बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने भारतीय नौसेना के लिए तैयार पहले 'नेक्स्ट जेनरेशन ऑफशोर पेट्रोल वेसल' (एनजीओपीवी) 'संघमित्रा' को गुरुवार को औपचारिक रूप से जल में उतार दिया। यह समारोह कोलकाता स्थित जीआरएसई शिपयार्ड में पारंपरिक वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ और जीआरएसई के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। युद्धपोत का शुभारंभ वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन की पत्नी सरिता वात्स्यायन ने किया। रक्षा विशेषज्ञों के



अनुसार, 'संघमित्रा' का सफल लॉन्च भारत के 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। यह युद्धपोत पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से तैयार किया गया है और भविष्य में समुद्री निगरानी, तटीय सुरक्षा तथा रणनीतिक अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

एनजीओपीब एक अत्याधुनिक बहुउद्देशीय युद्धपोत है, जिसे लंबी दूरी तक समुद्री गश्त, तस्करी और समुद्री डकैती पर नियंत्रण, तटीय निगरानी तथा खोज एवं बचाव अभियानों के लिए डिजाइन किया गया है। इसके अलावा यह आपदा और आपातकालीन राहत कार्यों में भी प्रभावी रूप से कार्य करने में सक्षम होगा। जीआरएसई की इस उपलब्धि ने एक बार फिर कोलकाता को देश के रक्षा उत्पादन मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाया है। यह उपलब्धि न केवल पश्चिम बंगाल बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय बन गई है।

# शब्दों और भाषणों के जरिये बार-बार अपना असली चेहरा दिखा रहे हैं राहुल : गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गद्दार कहे जाने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया है और कहा है कि वह अपने शब्दों और भाषणों के ज़रिए बार-बार अपना असली स्वभाव और चरित्र दिखा रहे हैं।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''आज मैं आपके सामने एक बहुत ही महत्वपूर्ण कूटनीतिक यात्रा को उजागर करने के लिए उपस्थित हूँ, जिसे श्री मोदी ने आज पूरा किया है। पांच दिनों में पांच देशों की यात्रा के दौरान जिस तरह से भारत ने अपनी छाप छोड़ी, जिस गर्मजोशी के साथ प्रधानमंत्री का उन सभी पांच राष्ट्रों में विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान स्वागत किया गया, भारतीय प्रवासियों द्वारा उन्हें जो सम्मान दिया गया और भारत को मिले तीन अंतरराष्ट्रीय सम्मान, जिनमें दो देशों और खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा प्रधानमंत्री को सम्मानित किया गया, वह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है।''

उन्होंने कहा, ''यह केवल कूटनीतिक और राजनीतिक मंच पर की गयी एक अंतरराष्ट्रीय यात्रा मात्र नहीं थी। इसने भारत के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण परिणाम उत्पन्न किये हैं। चाहे वह भारत के विकास की भविष्य की रणनीति से संबंधित हो, भारत की आर्थिक यात्रा से या आने वाले दिनों में भारत की क्षमताओं का विस्तार करने से,आत्मनिर्भरता को मजबूत करने से अथवा यह सुनिश्चित करने से कि आम जनता को उनके दैनिक जीवन में आवश्यक वस्तुएँ आसानी से उपलब्ध हों, हर तरह से यात्रा कारगर साबित हुई है।''

इस दौरान उन्होंने श्री गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ पूरी दुनिया भारत और प्रधानमंत्री की ओर बहुत भरोसे के साथ देखती है। वहीं, दूसरी ओर श्री गांधी अपने शब्दों और भाषणों के ज़रिए बार-बार अपना असली स्वभाव और चरित्र दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''भारत की जनता उन्हें बार-बार नकार रही है और वह एक के बाद एक चुनाव हार रहे हैं। इसकी वजह से जो हताशा और एक तरह की कुंठा उनमें पैदा हुई है, वह उनके व्यवहार में साफ़ झलकती है। वह जिस तरह से अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं और प्रधानमंत्री के बारे में अपमानजनक बातें करते हैं, वह निंदनीय है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार घुसपैठियों का समर्थन करते हैं, वह 'गद्दारी' है। उन्होंने सवाल किया, ''क्या वैश्विक मंच पर तिरंगे का मान बढ़ाना 'गद्दारी' कहलाएगा, या विदेश जाकर भारत के तिरंगे का अपमान करना 'गद्दारी' माना जाएगा'' उन्होंने सवाल किया कि क्या आतंकवाद की कमर तोड़ना, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देना देशद्रोह माना जाता है? या आतंकवादियों को बिरयानी खिलाना या आतंकवादियों के साथ समझौता करना देशद्रोह माना जाता है? उन्होंने कहा कि श्री गांधी जिस शब्दावली का उपयोग करते हैं, उसे अंग्रेजी में 'गालियां कमजोरों का हथियार होती हैं' कहा जाता है। उन्होंने कहा, ''देश अब श्री गांधी की कमजोरियों, गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी की असफलताओं और श्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था तथा वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को देख रहा है।

## बिना सरकारी सहायता वाले स्कूलों पर लागू नहीं होंगी एसएमसी गाइडलाइंस

**नयी दिल्ली।** स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) गाइडलाइंस 2026 उन स्कूलों पर लागू नहीं होंगी जिन्हें सरकार या स्थानीय प्राधिकरण से किसी प्रकार की वित्तीय सहायता या अनुदान प्राप्त नहीं होता है। शिक्षा मंत्रालय ने यह स्पष्टीकरण विभिन्न वर्गों के सुझावों के बाद गुरुवार को जारी किया। उन्होंने कहा कि एसएमसी गाइडलाइंस उन स्कूलों पर लागू नहीं होंगी जिन्हें सरकार या स्थानीय प्राधिकरण से किसी प्रकार की वित्तीय सहायता या अनुदान प्राप्त नहीं होता है। शिक्षा मंत्रालय ने छह मई 2026 को गाइडलाइंस 2026 लॉन्च की थीं। इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य स्कूल शिक्षा में सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करना, विकेंद्रीकृत एवं सहभागी स्कूल प्रशासन को बढ़ावा देना तथा बच्चों के हितों को केंद्र में रखते हुए स्कूलों में अधिक समावेशी और प्रभावी शिक्षण वातावरण तैयार करना है। इसके साथ ही स्कूलों के प्रति समुदाय की सहभागिता और स्वामित्व की भावना विकसित करने पर भी जोर दिया गया है। मंत्रालय ने 20 मई को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजे गए पत्र में कहा कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 की धारा 2(एन)(4) के अंतर्गत आने वाले स्कूल, यदि उन्हें अपने खर्चों के लिए सरकार या स्थानीय निकाय से कोई सहायता या अनुदान नहीं मिलता है, तो वे इन गाइडलाइंस के दायरे में नहीं आएंगे। मंत्रालय ने हालांकि यह भी कहा कि ऐसे स्कूलों को पारदर्शिता, जवाबदेही और सहभागी प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए स्वेच्छा से स्कूल मैनेजमेंट कमेटी गठित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## पार्टी कार्य के लिए कभी 'मजदूरी' नहीं मांगी : शिवकुमार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने सत्तारुढ़ दल में नेतृत्व को लेकर नये सिरे से जारी चर्चाओं के बीच गुरुवार को स्पष्ट किया कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी के लिए किये गये काम के लिए 'कभी मजदूरी नहीं मांगी' है। श्री शिवकुमार ने इसके साथ ही मुख्यमंत्री पद से जुड़ी टिप्पणियों को लेकर वरिष्ठ विधायक के.एन. राजन्ना पर तीखा हमला बोला। य ह बयान श्री राजन्ना के उस कथित बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ( के अध्यक्ष के रूप में लंबे कार्यकाल को देखते हुए गृह मंत्री जी. परमेश्वर, श्री शिवकुमार से पहले मुख्यमंत्री बनने के हकदार हैं। श्री राजन्ना ने यह भी कहा था कि यदि श्री परमेश्वर 2013 में विधानसभा चुनाव नहीं हारते, तो वह मुख्यमंत्री बन सकते थे। इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये श्री शिवकुमार ने सवाल उठाया कि क्या श्री राजन्ना चाहते हैं कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया अपने पद से इस्तीफा दे दें।

## देश में तेजी से विकसित हो रहे ग्रीन एक्सप्रेस-वे के चलते सड़क यात्रा का स्वरूप बदला : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश में तेजी से विकसित हो रहे ग्रीन एक्सप्रेस-वे और नियंत्रित प्रवेश वाले राजमार्गों के कारण सड़क यात्रा का स्वरूप पूरी तरह बदल रहा है। उन्होंने कहा कि मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे बनने के बाद दोनों शहरों के बीच विमान सेवाएं लगभग बंद हो गई थीं और अब दिल्ली-देहरादून तथा दिल्ली-जयपुर मार्ग पर भी ऐसी स्थिति बन रही है, क्योंकि सड़क मार्ग से यात्रा समय काफी कम हो गया है। नितिन गडकरी ने अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडिया (एमचैम) के वार्षिक नेतृत्व सम्मेलन में कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी, नवाचार, अनुसंधान, कौशल और सफल कार्यप्रणालियां ही भविष्य की अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान को संपत्ति में बदलना ही भविष्य का सबसे बड़ा आर्थिक मॉडल है और भारत इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अब परिपत्र अर्थव्यवस्था की दिशा में तेजी से काम कर रहा है, जहां कचरे को संपदा में बदला जा रहा है। सड़क परिवहन मंत्रालय नगरों के पुराने ठोस कचरे का उपयोग सड़क निर्माण में कर रहा है। अब तक 90 लाख टन से अधिक ठोस नगर कचरे का उपयोग सड़क निर्माण में किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बायो-बिटुमिन पर सफल अनुसंधान पूरा हो चुका है और अब पेट्रोलियम बिटुमिन में 30 प्रतिशत तक बायो-बिटुमिन मिलाया जा सकता है। इसके अलावा उपयोग किए जा चुके टायरों से प्राप्त 15 प्रतिशत रबर पाउडर और सात प्रतिशत प्लास्टिक का उपयोग भी सड़क निर्माण में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से बनी सड़कें सफल साबित हुई हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक लॉजिस्टिक लागत रही है।

# पेज एक का शेष

### हर जनपद...

निवेशकों को जोड़ना और उद्योग, सरकार तथा रक्षा संस्थानों के बीच समन्वित इकोसिस्टम विकसित करना है। कॉन्क्लेव लखनऊ में आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है, जिसमें रक्षा मंत्रालय, डीपीएसयू, वैश्विक ग्क्ष्रुप, रक्षा विशेषज्ञ, ख्ट्टख्क्प और स्टार्टअप्स को एक मंच पर लाया जाएगा। एजेंडा में उत्तर प्रदेश की रक्षा विनिर्माण क्षमता, एयरोस्पेस निवेश, रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और डीपीएसयू की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तृत पैनल चर्चाएं प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री जी और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के संबोधन के साथ बी2जी और बी 2बी इंटरैक्शन भी आयोजित किए जाने की योजना है। कॉन्क्लेव के अपेक्षित परिणामों में निवेश समझौते (एमओयू), कॉरिडोर विस्तार का रोडमैप, टेस्टिंग एवं सर्टिफिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, उद्योग-सरकार साझेदारी और निवेशकों को स्पष्ट पॉलिसी सपोर्ट शामिल हैं। सरकार का उद्देश्य केवल निवेश आकर्षित करना नहीं बल्कि यूपी में एक दीर्घकालिक डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम तैयार करना है। प्रस्तुतिकरण में उत्तर प्रदेश की रणनीतिक ताकतों को विस्तार से रेखांकित किया गया है। इसमें बेहतर कनेक्टिविटी, औद्योगिक भूमि की उपलब्धता, कुशल कार्यबल, सिंगल विंडो क्लीयरेंस, अनुसंधान एवं विकास सहयोग और मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को प्रमुख आधार बताया गया। साथ ही डीआरडीओ, एचएएल, बीईएल, बोइंग, एयरबस, टाटा, अदाणी जैसी संस्थाओं और कंपनियों की संभावित भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा गया कि यूपी अब रक्षा और एयरोस्पेस निर्माण के लिए तेजी से पसंदीदा गंतव्य बन रहा है। बैठक में मुख्यमंत्री को इन्वेस्ट यूपी की विभिन्न डेस्क के कामकाज से भी अवगत कराया गया। बताया गया कि इलेक्ट्रॉनिक्स डेस्क उत्तर प्रदेश के सबसे प्रभावी निवेश क्षेत्रों में शामिल है। इस डेस्क के अंतर्गत 8,050 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश आवेदन प्राप्त हुए हैं। ऑटोमोबाइल डेस्क में 722 करोड़ रुपये के निवेश आवेदन प्राप्त होने की जानकारी दी गई है। जीसीसी डेस्क के अंतर्गत लगभग 2,487 करोड़, स्टील एंड सीमेंट डेस्क में लगभग 12,232 करोड़, टेक्सटाइल्स डेस्क में लगभग 1,321 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। बैठक में कंट्री डेस्क के कामकाज की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री को बताया गया कि जापान से लगभग 50 हजार करोड़ रुपये, सिंगापुर से 40 हजार करोड़ रुपये, जर्मनी और यूके से पांच हजार करोड़ रुपये, ताइवान से तीन हजार करोड़ रुपये, यूएई से 2,074 करोड़ रुपये और दक्षिण कोरिया से 1,600 करोड़ रुपये के संभावित निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। बताया गया कि सिंगापुर और जापान बिजनेस मिशन ट्रिप भी अगस्त में प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने इन मिशन ट्रिप्स को अच्छे तरीके से संपन्न करने के निर्देश दिए हैं। सरकार का उद्देश्य इन मिशन ट्रिप्स के जरिए उत्तर प्रदेश को एशिया के बड़े विनिर्माण और टेक्नोलॉजी निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

### भीषण गर्मी पर सभी...

उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने सरकारी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पतालों में आवश्यक दवाएं, बेड, आईवी फ्लूइड और डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। साथ ही एंबुलेंस सेवाओं को भी सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखा जाए, क्योंकि ये वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि दोपहर के समय बच्चों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने दें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाते रहें। उन्होंने बुजुर्गों को भी तेज धूप से बचाने और उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने लोगों से ढीले सूती कपड़े पहनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हल्के रंग के सूती वस्त्र शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं और गर्मी से राहत देते हैं। इसके साथ ही अधिक से अधिक पानी पीने, ओआरएस और नींबू पानी जैसे पेय पदार्थों का सेवन करने तथा धूप में निकलते समय सिर को ढकने जैसे उपाय अवश्य अपनाए जाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आग लगने की घटनाओं को लेकर भी लोगों और अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। खेतों, बाजारों, गोदामों और रिहायशी इलाकों में अग्नि सुरक्षा उपायों को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाए। ऐसी कोई भी लापरवाही न की जाए, जिससे आग लगने का अंदेशा हो। उन्होंने फायर विभाग को भी पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों और मजदूरों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष चिंता जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों और खुले स्थानों पर काम करने वाले श्रमिकों को लू, थकावट और निर्जलीकरण से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। कार्यस्थलों पर पेयजल, छाया व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अत्यधिक गर्मी के समय श्रमिकों से लगातार काम न कराया जाए और उन्हें समय-समय पर आराम दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से भी आमजन के बीच जागरूकता फैलाने को कहा है, ताकि लोग गर्मी व लू से बचाव के उपायों को अपनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनता की सुरक्षा व सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी स्थिति में लोगों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

### कानपुर व आगरा जोन...

साथ एडीजी अपराध की अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। एडीजी पीएसी मुख्यालय डा. आरके स्वर्णकार को एडीजी उप्र पावर कारपोरेशन बनाया गया है। आईजी अभियोजन गीता सिंह को आईजी प्रशिक्षण निदेशालय के पद पर तैनाती दी गई है।

### हाईकोर्ट से लखनऊ...

की पॉवर सीज करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि ललित किशोर तिवारी हाईकोर्ट की अवध बार असोसिएशन के महामंत्री भी हैं। याची को 19 दिसंबर, 2025 को चुनाव न्यायाधिकरण ने वॉर्ड संख्या 73 के पार्षद प्रदीप कुमार शुक्ला का निर्वाचन शून्य घोषित करते हुए निर्वाचित घोषित किया है। याचिका में कहा गया है कि आदेश के पांच माह बाद भी याची को शपथ नहीं दिलाई गई है। याचिका का विरोध करते हुए नगर निगम और मेयर की ओर से दलील दी गई थी कि 19 दिसंबर, 2025 के निर्णय के विरुद्ध प्रथम अपील लंबित है। अगर अपील मंजूर हो जाती है तो विधिक स्थिति क्या होगी, यह स्पष्ट नहीं है। याची पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा, नदीम मुर्तजा व उत्सव मिश्रा ने तर्क दिया कि नगर निगम अधिनियम की धारा 77 के अनुसार ऐसे आदेश का प्रभाव अगले दिन से स्वतः लागू हो जाता है। इसलिए शपथ दिलवाना अनिवार्य है।

### पाकिस्तान को भारत...

अंतरराष्ट्रीय कानून के उच्च सिद्धांतों का समर्थन करते हुए 'अंधेरे में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना' पाकिस्तान का 'पाखंड' है। यूएनएएमए के अनुसार, पाकिस्तान द्वारा हवाई हमले तरावीह की नमाज़ समाप्त होने के बाद हुए, जब कई मरीज़ मस्जिद से बाहर निकल रहे थे। यूएनएएमए के मुताबिक, अफ़गान नागरिकों के खिलाफ सीमा पार से हुई सशस्त्र हिंसा के कारण 94,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।

### बांग्लादेशी घुसपैठिए...

व्यक्ति को ठीक से भोजन कराया जाए और फिर सीधे बनगांव में पेट्रापोल सीमा पर मौजूद बीएसएफ कर्मियों या उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट स्थित सीमा चौकी पर ले जाया जाए। अधिकारी ने कहा कि ऐसे पकड़े गए लोगों की संख्या पर एक साप्ताहिक रिपोर्ट डीजीपी के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय में जमा करनी होगी।

### पुलवामा आतंकी...

था जहां वह इस समूह में शामिल हो गया। उसके बाद से हमजा एक सक्रिय आतंकवादी और आतंकवादी संगठन 'अल बद्र' का कमांडर बन गया था। वह पाकिस्तान से ही आतंकी गतिविधियों को अंजाम देता था। गृह मंत्रालय ने 2022 में बताया था कि जब से डार पाकिस्तान गया है तब से वह युवाओं को इस संगठन में शामिल होने के लिए उकसा रहा है और 'अल बद्र' की आतंकवादी गतिविधियों के लिए पैसे मुहैया करा रहा है। हमजा को पुलवामा में 'ओवर ग्राउंड वर्कर्स' से विस्फोटक बरामद होने के मामलों में 18 नवंबर 2020 को पुलवामा में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फ़ोर्स के जवानों पर ग्रेनेड हमले में और युवाओं को 'अल बद्र' के आतंकवादी गुट में शामिल होने के लिए उकसाने के मामलों में शामिल पाया गया था। आपको बता दें कि 14 फरवरी 2019 की सुबह सीआरपीएफ का एक बड़ा काफिला लगभग 78 गाड़ियों में 2500 से ज्यादा जवानों को लेकर जम्मू से श्रीनगर जा रहा था। खराब मौसम के कारण हाईवे दो दिन से बंद था इसलिए उस दिन गाड़ियों की संख्या ज्यादा थी। दोपहर करीब 3:15 बजे जब काफिला पुलवामा जिले के लेथपोरा के पास पहुंचा तो विपरीत दिशा से आई एक मारुति ईको कार जवानों की एक बस से टकरा गई।

### यूपी के 28 लाख...

योजना यानी एनपीएस से जुड़े कर्मचारियों के लिए भी अलग प्रावधान किया गया है। एरियर राशि का 10 प्रतिशत कर्मचारी के टियर-एक पेंशन खाते में जमा होगा, जबकि राज्य सरकार की ओर से 14 प्रतिशत अंशदान दिया जाएगा। शेष 90 प्रतिशत राशि पीपीएफ या एनएससी के रूप में दी जाएगी। जिन कर्मचारियों की सेवा शासनादेश जारी होने से पहले समाप्त हो चुकी है, जो एक जनवरी 2026 के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं अथवा अगले छह माह में रिटायर होने वाले हैं, उन्हें एरियर की पूरी राशि नकद दी जाएगी।

### ईरान को लेकर ट्रंप...

हालात से वाकिफ़ श्री ट्रंप लगातार कह रहे हैं कि उन्हें अब भी लगता है कि कोई समझौता हो सकता है, हालांकि उन्होंने यह चेतावनी भी दी है कि अगर बातचीत नाकाम रही तो वह युद्ध फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं।श्री ट्रम्प ने बुधवार को कोस्ट गार्ड अकादमी में कहा, ''एक ही सवाल है: क्या हम जाकर इसे खत्म कर दें, या वे किसी दस्तावेज़ पर दस्तखत करेंगे? देखते हैं क्या होता है।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान समझौता करने और युद्ध फिर से शुरू करने के बीच ''बिल्कुल सीमा रेखा पर'' खड़े हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार श्री ट्रंप यह भी चाहते हैं कि नेतन्याहू इस कूटनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा बने रहें और हमले फिर से शुरू करने से बचें। श्री ट्रंप ने कहा कि ईरान के मामले में नेतन्याहू ''वही करेंगे जो मैं उनसे करवाना चाहूंगा।'' हालांकि उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि दोनों के बीच अच्छे संबंध हैं। उधर ईरान ने इस बात की पुष्टि की है कि वह एक नए प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है, हालांकि उसने अभी तक लचीलेपन के कोई खास संकेत नहीं दिखाये हैं। एक्सिओस के तीन सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान, कतर, सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र पिछले कुछ दिनों से इस प्रस्ताव को बेहतर बनाने और बची हुई कमियों को दूर करने पर काम कर रहे हैं। एक अरब अधिकारी ने बताया कि कतर ने इस सप्ताह की शुरुआत में इस नए मसौदे पर ईरानी अधिकारियों से बातचीत करने के लिए तेहरान में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा था। ईरान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि बातचीत ''ईरान के 14-सूत्रीय प्रस्ताव के आधार पर'' चल रही है और इस बात की पुष्टि की कि पाकिस्तान के गृह मंत्री मध्यस्थता के प्रयासों में मदद करने के लिए तेहरान में मौजूद हैं। एक सप्ताह से भी कम समय में मंत्री की यह दूसरी यात्रा थी।

# मानसून से पहले बिहार सरकार सतर्क, सुपौल समेत बाढ़ प्रभावित जिलों को अलर्ट पर रहने का निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। बिहार में मानसून के आगमन से पहले सरकार ने बाढ़ और सुखाड़ को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को राज्य स्तर पर आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में संभावित आपदा से निपटने की तैयारियों का आकलन किया गया।

यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुई, जिसमें राज्य के बाढ़ एवं सुखाड़ प्रभावित जिलों के अधिकारी जुड़े।बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की। इस दौरान मौसम विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास, कृषि, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण और पशु संसाधन विभाग समेत कई विभागों ने अपनी-अपनी तैयारियों का ब्यौरा प्रस्तुत




किया। समीक्षा के दौरान तटबंधों की मजबूती, राहत शिविरों की तैयारी, दवाइयों की उपलब्धता, पेयजल व्यवस्था और पशुओं के लिए चारे की आपूर्ति जैसे मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सुरक्षात्मक कार्य मानसून शुरू होने से पहले हर हाल में पूरे कर लिए जाएं, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित राहत और बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके। जिला मुख्यालय से इस बैठक में जिलाधिकारी सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक सरथ आर एस, उप विकास आयुक्त सारा असरफ सहित आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं जल संसाधन विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद सुपौल प्रशासन ने भी जिले के सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश जारी किया है। अधिकारियों से कहा गया है कि बाढ़ पूर्व तैयारियों की लगातार निगरानी की जाए और जमीनी स्तर पर सभी कार्य समय पर पूरे किए जाएं, ताकि संभावित आपदा के दौरान जान-माल की क्षति को न्यूनतम रखा जा सके।

# रेल यात्रियों से सतर्क व सजग रहने की अपील संदिग्ध गतिविधियों की सूचना 139 पर दें : रेलवे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। हाल के दिनों में रेलवे को निशाना बनाने वाली घटनाओं के मद्देनजर रेल मंत्रालय ने यात्रियों से यात्रा के दौरान सतर्क और सजग रहने की अपील की है। रेलवे ने कहा है कि स्टेशन परिसर या ट्रेनों में किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तुरंत रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर दें, ताकि असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यहां रेल भवन में रेलवे सुरक्षा को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में रेलवे राज्यमंत्री वी. सोमन्ना, रवनीत सिंह बिट्टू तथा रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार सहित देशभर के फील्ड अधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में बताया गया कि ट्रेनों, यात्रियों, स्टेशन परिसरों और विशाल रेल नेटवर्क की सुरक्षा बढ़ाने के लिए रेलवे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन,



सीसीटीवी और अन्य आधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग कर रहा है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के स्तर पर खुफिया तंत्र को मजबूत करते हुए मिशन मोड में यह अभियान चलाया जा रहा है। समीक्षा बैठक के दौरान हाल के कुछ अग्निकांडों सहित कई घटनाओं की प्रारंभिक जांच में असामाजिक तत्वों की संलिप्तता सामने आने की जानकारी दी गई। रेलवे ने इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कहा कि आरपीएफ सक्रिय रूप से जांच कर रही है। कई मामलों में रेलवे की त्वरित और सक्रिय कार्रवाई से बड़ी घटनाओं को टालने में सफलता मिली। बैठक में फील्ड स्तर से खुफिया जानकारी जुटाने की प्रणाली को और मजबूत बनाने, रिपोर्टिंग तंत्र में सुधार करने तथा तकनीक आधारित सुरक्षा व्यवस्था को विस्तार देने पर जोर दिया गया। इसके अलावा रेलवे नेटवर्क में सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने, साइबर सुरक्षा मजबूत करने, उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगाने और एआई आधारित निगरानी प्रणाली विकसित करने पर भी चर्चा हुई। मंत्रालय ने कहा कि रेलवे बोर्ड, विभिन्न जोनों, आरपीएफ और सरकारी रेलवे पुलिस के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान को और बेहतर बनाकर सुरक्षा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

# डीयू कुलपति ने की आईसीसीआर प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। संस्थागत सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व आईसीसीआर की महानिदेशक के. नंदिनी सिंगला ने किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीयकरण, सांस्कृतिक जुड़ाव और विद्यार्थियों तक पहुंच को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत सहयोग को मजबूत करना था। बैठक के दौरान सामूहिक चर्चा में दोनों संस्थानों ने दिल्ली विश्वविद्यालय में अधिक संख्या में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को आकर्षित करने की रणनीतियों पर बात की और विश्वविद्यालय को एक पसंदीदा वैश्विक शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित करने के तरीकों पर विचार किया। इसमें अंतरराष्ट्रीय छात्रों के जुड़ाव से संबंधित विभिन्न चुनौतियों और सहयोगात्मक पहलों के माध्यम से उन पर काबू पाने के तरीकों पर भी चर्चा की गई। बैठक में आईसीसीआर प्रतिनिधिमंडल में उप महानिदेशक डॉ. राजेश रंजन, छात्रवृत्ति निदेशक डॉ. संजय वेदी और विनोद रानी कपूर शामिल रहे जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कुलपति प्रो. योगेश सिंह के नेतृत्व में रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता, अंतरराष्ट्रीय संबंध की अध्यक्षा प्रो. नीरा अग्निमित्रा और विदेशी छात्र रजिस्ट्री की डीन प्रो. रूपम कपूर ने किया। चर्चा के दौरान सांस्कृतिक कूटनीति और छात्रों के कल्याण के महत्व पर भी जोर दिया गया। इस संबंध में दोनों पक्ष विदेशी छात्रों के लिए योग सत्र शुरू करने पर सहमत हुए। इसके साथ ही भारतीय नृत्य और संगीत के सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय छात्रों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और कल्याणकारी परंपराओं से गहराई से परिचित कराना है। इस पहल का उद्देश्य भारत के ऐसे वैश्विक दूत तैयार करना है जो सांस्कृतिक रूप से समृद्ध हों।

## गोविंदपुरी में मां-बेटे की चाकू से हत्या, नकदी और जेवर गायब

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में गुरुवार तड़के मां-बेटे की हत्या से सनसनी फैल गई। बदमाशों ने घर में घुसकर 38 वर्षीय महिला और उसके 13 वर्षीय बेटे की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद घर से नकदी और जेवर भी गायब मिले हैं। पुलिस लूटपाट के बाद हत्या की आशंका के तहत मामले की जांच कर रही है। दक्षिण-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी के अनुसार, आज तड़के करीब 1:11 बजे पीसीआर कॉल के माध्यम से गोविंदपुरी थाना पुलिस को गली नंबर-10, कालकाजी स्थित एक मकान में हत्या की सूचना मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, थाना प्रभारी, सहायक पुलिस आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता विष्णु साहू साप्ताहिक बाजारों में फल और सब्जी बेचने का काम करते हैं। वह बुधवार देर रात करीब 12:30 बजे घर लौटे थे। उन्होंने देखा कि मकान का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद था।

# आईआईटी रुड़की के छात्र की मौत को हत्या बता परिजनों ने किया सड़क जाम,पुलिस पर मामले को दबाने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। जिले के ककोलत पहाड़ के ऊपर अवस्थित अमझौर कुंड में डूबने से आईआईटी छात्र की मौत को हत्या बताते हुए गुरुवार को परिजनों ने नवादा समाहरणालय तथा प्रजातंत्र चौक को जामकर पुलिस पर हत्या के मामले को दबाने का आरोप लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। मृतक छात्र धनराज के पिता सीआरपीएफ के जवान हेमंत राज ने बताया कि असम में ड्यूटी के दौरान उन्हें पुत्र के साथ घटित घटना की जानकारी मिली। इसके बाद भारी मशक्कत से नवादा पहुंचे। नवादा पहुंचे के बाद 36 घंटे बाद भारी मशक्कत के बाद उनके पुत्र की लाश ककोलत जलप्रपात पहाड़ के चार किलोमीटर अवस्थित कुंड से निकला गया। लाश देखने से साफ तौर पर जाहिर है कि उसकी मौत नहीं बल्कि हत्या हुई है।उन्होंने



आरोप लगाया कि नवादा जिले के रजौली थाने के अंधरबारी गांव के निवासी अमित कुमार तथा अकबरपुर थाने के महानंदपुर गांव के आनंद कुमार नामक युवक ने उसे मंगलवार को ही पहाड़ी पर ले गए ।जहां डूबने की खबर देकर हत्या के मामले को दबाया गया । उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उनके पुत्र की मौत डूबने से नहीं हुई है ।अगर डूबता तो निश्चित तौर पर पेट में पानी होती। लेकिन उनके पुत्र के पेट में पानी नहीं निकला। जिससे साफ जाहिर है की ले जाने वाले दोनों युवकों ने उनकी हत्या कर डूबने का नाटक किया। उन्होंने कहा की थाली थाना प्रभारी मुख्य आरोपी को सम्मान के साथ थाने में खाना खिला रहे हैं। जबकि पीड़ित परिजनों को गालियां दे रहे हैं ।उन्होंने कहा कि पीड़ित परिजनों को थाने से गालियां देकर भगाई गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक के पिता हेमंत राज सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने नवादा के प्रजातंत्र चौक को जामकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है ।उनका साफ मानना है की डूबने की घटना नहीं बल्कि उनके पुत्र की हत्या हुई है। हत्यारों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। सड़क जाम के कारण घंटे नवादा शहर अस्त व्यस्त रहा ।जिससे जाम में सैकड़ो गाड़ियां फंसी रही ।सड़क यातायात प्रभावित रही। जिससे रोगियों तथा आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घंटे सड़क जाम में स्कूली बच्चे रोटी भी रखते देखे गए। मृतक के पिता के मित्र अभय कुमार ने बताया कि सही तरीके से जांच नहीं होगी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## दिल्ली में लू का कहर, दो लोग अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर

नई दिल्ली। दिल्ली में अत्यधिक गर्मी और लू के चलते दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों मरीजों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पहला मामला बुधवार देर रात सामने आया। राम मनोहर लोहिया अस्पताल के डॉ. अजय चौहान ने बताया कि रात 1:45 बजे एक 24 वर्षीय छात्र को हीट स्ट्रोक के लक्षणों के साथ अस्पताल लाया गया। यह युवक पश्चिम बंगाल का रहने वाला है और ट्रेन से यात्रा कर रहा था। उसे उल्टियां, दस्त और अत्यधिक थकावट की शिकायत हुई थी। अस्पताल में तुरंत इमर्शन कूलिंग की प्रक्रिया अपनाई गई और उसे भर्ती कर लिया गया। फिलहाल मरीज की हालत गंभीर है और उसका इलाज जारी है। दूसरा मामला गुरुवार सुबह 10:45 बजे दर्ज हुआ। लगभग 50 वर्षीय एक व्यक्ति को पुलिस बेहोशी की हालत में अस्पताल लेकर आई। उसका शरीर का तापमान बहुत अधिक था। डॉक्टरों ने तुरंत उसे सांस की नली में ट्यूब डालकर वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा और बर्फ के ठंडे पानी में डुबोकर ठंडा करने प्रक्रिया शुरू की।

# छत्तबीड़ चिड़ियाघर में जानवरों के लिए व्यापक आहार योजना लागू की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। बढ़ते तापमान को देखते हुए पंजाब के सबसे बड़े वन्यजीव अभ्यारण्य और प्रमुख सफारी स्थल छतबीर में स्थित महेंद्र चौधरी प्राणी उद्यान में जानवरों के स्वास्थ्य और सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए गर्मियों के लिए व्यापक आहार योजना लागू की गई है। वन एवं वन्यजीव संरक्षण मंत्री लाल चंद कटारूचक्क के नेतृत्व में बढ़ती गर्मी से निपटने के लिए चिड़ियाघर में गर्मी के मौसम के दौरान प्रत्येक भालू को प्रतिदिन 100 किलोग्राम आइस क्यूब उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। हाइड्रेशन और ठंडक बनाए रखने के लिए भालुओं के साथ-साथ बंदरों और हाथियों को ताजे तरबूज भी दिए जा रहे हैं। गर्म



मौसम में तरल और इलेक्ट्रोलाइट की कमी को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा स्तर बनाए रखने और डिहाइड्रेशन रोकने के लिए सभी मांसाहारी और सर्वाहारी जानवरों के पीने के पानी में ग्लूकोन-डी पाउडर मिलाया जा रहा है। चिड़ियाघर प्रशासन ने फलों और सब्जियों के सेवन में भी मौसमी बदलाव किए हैं। केले की जगह पपीते का उपयोग किया जा रहा है, क्योंकि पपीता पचाने में आसान होता है और उसमें पानी की मात्रा अधिक होती है। शाकाहारी जानवरों और पक्षियों के लिए पत्ता गोभी के पत्तों की जगह पालक के पत्तों का उपयोग किया जा रहा है तथा मूली की जगह खीरे दिए जा रहे हैं, जो बेहतर हाइड्रेशन और ठंडक प्रदान करते हैं। ये सभी उपाय छत्तबीड़ चिड़ियाघर की गर्मियों संबंधी नियमित तैयारियों और प्रोटोकॉल का हिस्सा हैं, जिनकी निगरानी पशु चिकित्सकों और पशु देखभाल स्टाफ कर रहा है।

# हरिपुर कालसी में अंतिम चरण में उत्तराखंड के पहले जमुनाघाट का निर्माण कार्य



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। हरीपुर कालसी, देहरादून जिले में राज्य के पहले जमुना घाट का निर्माण को जुलाई माह तक पूर्ण करने के निर्देश सीएम पुष्कर सिंह धामी ने दिए है। देहरादून जिले में हरीपुर कालसी को धार्मिक तीर्थ स्थल के रूप में पुनः स्थापित करने के सीएम पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के बाद से शुरू किए गए जमुना घाट के निर्माण के लिए मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण को नोडल एजेंसी बनाया गया था। देवभूमि उत्तराखंड से जमुना जी का यमुनोत्री से उद्गमस्थल है लेकिन इस राज्य में जमुना जी पर कोई ऐसा घाट नहीं था जहां लोग स्नान कर सके। जिसका सीएम पुष्कर सिंह धामी ने संज्ञान लिया और इसे अपनी घोषणा में शामिल किया। हरीपुर में करीब एक किमी लंबे इस घाट को उत्तराखंड में जमुना का पहला घाट का दर्जा प्राप्त होगा,जहां हजारों तीर्थयात्रियों को जमुना में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि ऐतिहासिक पुस्तकों में ऐसा दर्ज है कि हरिपुर जमुना घाट कभी बहुत बड़ा तीर्थ स्थल हुआ करता था जो कभी प्रलयकारी बाढ़ में बह गया। इस तीर्थ स्थल को पुनः स्थापित किए जाने का संकल्प सीएम पुष्कर सिंह धामी ने लिया और यहां भव्य घाट बनाने के लिए शिलान्यास कार्यक्रम भी भव्यता के संपन्न किया था। इस घाट का शिलान्यास सीएम धामी ने 2024 में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन किया था। इस घाट के निर्माण के लिए एमडीडीए ही कार्यदायी संस्था है और उसके द्वारा ही सीएम धामी के इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की देखरेख की जा रही है। हरिपुर कालसी ऐसे धार्मिक स्थल है जिनका संबंध कृष्ण कालखंड के साथ-साथ सम्राट अशोक द्वारा स्थापित शिलालेख साथ ही, दशम सिख गुरु गोबिंद सिंह के बाल्यकाल के युद्ध प्रशिक्षण से भी रहा है। जमुना किनारा यहां सदियों पुराने अश्वमेघ यज्ञ स्थल भीं ए एस आई की देखरेख में है। सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि सरकार हरिपुर जमुना घाट को एक धाम के रूप में विकसित किए जाने के लिए वचनबद्ध है, ये सरकार की घोषणा सूची में दर्ज है, घाट का काम शीघ्र पूरा होने जा रहा है जोकि जौनसार बावर और कृष्ण जमुना भक्ति में विश्वास रखने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनेगा। आगामी बजट में भी इसके लिए धन आबंटित किया है, इसे जुलाई माह तक पूर्ण कर लिए प्रशासन को निर्देशित किया है। हरीपुर जमुना घाट के पास पुराने पुल की पिलर पर 25 फुट ऊंची जमुना जी की प्रतिमा लगाने की तैयारी की जा रही है। जमुना जी के जल प्रवाह के बीचों बीच स्थित उक्त पिलर पर प्रतिमा स्थापित करने के लिए लोक पंचायत जमुना तीर्थ समिति द्वारा गुजरात के मूर्तिकारों को बुला कर इस योजना पर काम शुरू कराया है और इसके लिए जिला प्रशासन से अनुमति भी मांगी है। लोक पंचायत समिति को घाट के समीप विशाल मंदिर बनाए जाने के लिए भूमि भी दान स्वरूप मिली है, समिति द्वारा इस पर आगे योजना प्रस्तावित है।

# प्राचीन विरासत और आधुनिक विकास का समन्वय ही भारत की पहचान: रामदेव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हर की पैड़ी पर इन दिनों गंगा के पावन प्रवाह के साथ ज्ञान, भक्ति और धर्म की अविरल धारा भी प्रवाहित हो रही है। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर मालवीय घाट पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण के प्रकटोत्सव का भावपूर्ण वर्णन सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। स्वामी रामदेव ने कथा स्थल पहुंचकर व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की और कथा आयोजन को सनातन संस्कृति को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा उसकी प्राचीन विरासत, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों में बसती है। आधुनिक विकास के साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों को सुरक्षित रखना ही देश की सबसे बड़ी आवश्यकता



है। स्वामी रामदेव ने कहा कि भारतीय संस्कृति के संस्कार हमारे डीएनए में समाहित हैं। हमारे भीतर देवत्व, रामत्व, राधत्व और शिवत्व विद्यमान है। हमारे आचार-विचार, आहार और व्यवहार में सनातन संस्कृति की झलक दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि युवा पीढ़ी आधुनिकता के साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूती से आगे बढ़ाए। कथा व्यास पुण्डरीक गोस्वामी ने श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते हुए भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब पृथ्वी पर अत्याचार और अधर्म बढ़ गया था, तब भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना का संकल्प लिया। कथा के दौरान जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल ह्लनंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीङ्क के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर भजनों पर झूमते नजर आए। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार केवल दुष्टों के विनाश के लिए नहीं, बल्कि मानवता को प्रेम, करुणा और धर्म का संदेश देने के लिए हुआ था। श्रीगंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने योगगुरु स्वामी रामदेव का स्वागत करते हुए कहा कि मां गंगा का आशीर्वाद सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा लेकर आए। उन्होंने कथा आयोजन के यजमान अमृतसर के अग्रवाल परिवार सहित सभी श्रद्धालुओं के मंगल की कामना की। इस अवसर पर श्रीगंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम, उपाध्यक्ष हनुमंत झा, स्वागत मंत्री सिद्धार्थ चक्रपाणि, समाज कल्याण मंत्री विकास प्रधान, उज्जवल पंडित, प्रचार मंत्री गोपाल प्रधान समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## द्वितीय केदार मदमहेश्वर मंदिर के कपाट वैदिक विधि-विधान से खुले

रुद्रप्रयाग। द्वितीय केदार के नाम से प्रसिद्ध मदमहेश्वर मंदिर के कपाट गुरुवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे कर्क लग्न में श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान मदमहेश्वर के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि भगवान मदमहेश्वर का आशीर्वाद सभी भक्तों पर बना रहे। वहीं बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी सोहन सिंह रांगड़ ने बताया कि यात्रा को लेकर समिति की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह डोली 19 मई को ओंकारेश्वर मंदिर से प्रथम पड़ाव राकेश्वरी मंदिर के लिए रवाना हुई थी। 20 मई को डोली हक-हकूकधारियों के गांव गौंडार पहुंची और गुरुवार प्रातः वहां से प्रस्थान कर श्री मदमहेश्वर धाम पहुंची, जहां निर्धारित मुहूर्त में कपाट खोले गए।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063